स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
4 मई, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 3
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 252 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

अश्विन ने धोनी के बारे में कहा, मैंने उनके जैसा विकेटकीपर नहीं देखा



# फिर हो सकते हैं हमले : ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** ईरान के ताजा प्रस्ताव को लेकर अमेरिका का रुख फिलहाल सतर्क लेकिन सख्त नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि दोनों देशों के बीच बातचीत आगे बढ़ रही है, लेकिन अभी किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना बाकी है। उन्होंने संकेत दिए कि प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, पर इसे स्वीकार करना आसान नहीं होगा। ट्रंप ने बातचीत की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा 'हम ईरान के मामले में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्व को लेकर स्पष्टता नहीं है। मैं इस प्रस्ताव पर नजर रख रहा हूं। उन्होंने सौदे की रूपरेखा साझा की है और अब वे इसका पूरा विवरण देने वाले हैं।' बयान से साफ है कि अमेरिका ईरान के प्रस्ताव को पूरी तरह खारिज नहीं कर रहा, लेकिन हर पहलू को बारीकी से परखा जा रहा है।

- ईरान को ट्रंप का सख्त संदेश
- परमाणु क्षमता पर भी नजर



**मिसाइल क्षमता पर सख्त रुख**

ईरान की सैन्य ताकत, खासकर उसकी मिसाइल निर्माण क्षमता को लेकर ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि ईरान की बची हुई मिसाइल क्षमता को पूरी तरह खत्म कर दिया जाए। ट्रंप ने इस पर कहा 'मैं इसे पूरी तरह खत्म करना चाहूंगा।

## अमेरिका की 7 शर्तें बनाम ईरान की 14 मांगें

ईरान-अमेरिका युद्ध जैसे हालात के बीच अब टकराव शर्तों और मांगों की जंग में बदल गया है। अमेरिका ने ईरान के सामने 7 शर्तें रखी हैं, जिनमें यूरेनियम संवर्धन रोकने, परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी नियंत्रण, आईएईए को खुली जांच की अनुमति, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम सीमित करने, प्रॉक्सी संगठनों को मदद बंद करने, हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने और अमेरिकी ठिकानों पर हमले रोकने जैसी बातें शामिल हैं। वहीं ईरान ने जवाब में 14 मांगें रखीं। ईरान चाहता है कि अमेरिका सैन्य कार्रवाई रोके, शासन परिवर्तन की नीति खत्म करे, सभी प्रतिबंध हटाए, फ्रीज़ ईरानी संपत्तियां लौटाए, तेल निर्यात पर रोक खत्म करे और परमाणु कार्यक्रम को शांतिपूर्ण अधिकार माने। ईरान ने खाड़ी में अमेरिकी सैन्य दबाव घटाने, ईरानी वैज्ञानिकों पर हमले रोकने, इजराइल को हथियार समर्थन सीमित करने और किसी भी समझौते के लिए लिखित सुरक्षा गारंटी की मांग भी रखी है।

## हर गलत हरकत का जवाब देंगे : ईरान

**तेहरान।** ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता। असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।

दिल्ली में एसी ब्लास्ट से भीषण अग्निकांड

# चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ की मौत

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में एक और बड़ा हादसा हुआ है। शाहदरा के विवेक विहार में एक 4-मंजिला इमारत में आग लग गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां मौजूद हैं। भीषण अग्निकांड में नौ लोगों की मौत हो गई।

दिल्ली के विवेक विहार में देर रात छह फ्लैटों में अचानक आग लग गई। सुबह 3:47 पर आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली। जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग लगने की बाद उसमें कई लोग फंस गए जिन्हें दमकल की टीम ने निकाला। 16 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। नौ लोगों की मौत हो गई है।

फायर ऑफिसर मुकेश वर्मा ने कहा कि 'हमें सुबह करीब 3:47 बजे इस इमारत में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के साथ-साथ हमने बचाव अभियान भी चलाया। हमने 15 लोगों को बचाया। बचाव अभियान के दौरान नौ शव बरामद किए गए। तलाशी अभियान अब समाप्त हो चुका है। जानकारी के अनुसार, विवेक विहार पुलिस स्टेशन में आग लगने की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही, पुलिसकर्मी एसएचओ विवेक विहार और एसीपी विवेक विहार के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। आग दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर स्थित फ्लैटों में लगी हुई थी। बचाव और आग बुझाने के कार्यों के दौरान इमारत से 10-15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें से दो लोगों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें चिकित्सा उपचार के लिए गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया।



घटनास्थल पर डीडीएमए के कर्मचारियों, ट्रैफिक अधिकारियों और स्थानीय पुलिस के साथ दमकल की 12 गाड़ियां मौजूद हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान, यह पाया गया है कि आग लगने की इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई है। अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया, 'सुबह 3:47 बजे एक रिहायशी इमारत में आग लगने की रिपोर्ट मिलते ही, हमारी दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। हमने एक साथ आग बुझाने और बचाव अभियान चलाने के लिए पांच सीढ़ियां, कटिंग टूल्स और अपनी खास टर्नटेबल सीढ़ी का इस्तेमाल किया... इस इमारत में 4 मंजिलें हैं और हर मंजिल पर 4बीएचके फ्लैट हैं... आग का ज़्यादातर हिस्सा इमारत के पिछले हिस्से में फैला हुआ था, और वहीं हमें सबसे ज़्यादा हताहत लोग मिले। खिड़कियों पर सुरक्षा के लिए ग्रिल और सलाखें लगी हुई थीं, जिससे बचाव अभियान के दौरान मुश्किलें आईं। हमने लगभग 15 लोगों को बचाया। उनमें से एक व्यक्ति के शरीर का लगभग 30% हिस्सा जल गया था, जिसे बाद में जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया... हमने इमारत की अलग-अलग मंजिलों से कुल नौ शव बरामद किए, जिन्हें हमने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम को सौंप दिया है... आग लगने की वजह की अभी जांच चल रही है।

# सीएम के निर्देश पर चला रेस्क्यू ऑपरेशन टंकी हादसे में फंसे बच्चों को बचाया गया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर के नवगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलसड़ तप्पा थरौली में पानी की टंकी पर हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने युद्धस्तर पर राहत बचाव अभियान चलाया। रील बनाने के लिए टंकी पर चढ़े पांच बच्चों में से सीढ़ी टूटने के कारण तीन नीचे गिर गए, जिनमें एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। वहीं दो बच्चे टंकी के ऊपर ही फंस गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फंसे बच्चों को सुरक्षित निकालने में कोई ढिलाई न बरती जाए।

- हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाले गए 2 बच्चे
- टूटी सीढ़ी ने बढ़ाई मुश्किलें



उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए खुशखबरी

# एक साल में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक साल के अंदर राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती का ऐलान करते हुए रविवार को कहा कि अपने अब तक के नौ साल के कार्यकाल में नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दे चुकी उनकी सरकार ने सकुशल और पारदर्शी तरीके से देश में सर्वाधिक नियुक्तियां करने का रिकॉर्ड कायम किया है। मुख्यमंत्री योगी ने नव चयनित कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) एवं दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों के 609 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम में कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नीयत की वजह से ही प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के अंदर नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गयी है। उन्होंने कहा, ''देश के अंदर किसी भी राज्य में सबसे अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल और पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का यह रिकॉर्ड है... और हम अभी लगातार नियुक्तियां कर रहे हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां करेगी। आदित्यनाथ ने कहा, अकेले अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया संपन्न करेगा। इसके अलावा शिक्षा सेवा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग लगभग 15 भर्तियां इस साल संपन्न कराएगा। इसके अलावा पुलिस में भी भर्तियों की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा, यह मानकर चलिये कि एक वर्ष के अंदर यानी 2026-27 के अंदर उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां होनी हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में धांधली को रोकने के लिये सख्त कानून बनाया है जिसमें धांधली करने वालों को आजीवन कारावास और सम्पत्ति जब्त करने के सख्त प्रावधान किये गये हैं, यही वजह है कि सरकार अभी तक नौ लाख पदों पर पूरी पारदर्शिता के साथ भर्तियां कर चुकी है।

- मुख्यमंत्री योगी ने किया ऐलान
- चयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र



## ममता के निर्वाचन क्षेत्र में स्ट्रांग रूम के बाहर हंगामा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र के बाहर रविवार को हंगामा हुआ। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाले दो वाहनों को उस परिसर में प्रवेश दिया गया, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई हैं। यह घटना उस समय हुई, जब इससे एक दिन पहले ममता बनर्जी ने सखावत बालिका विद्यालय में स्थित इस मतगणना केंद्र के बाहर चार घंटे तक धरना दिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में अनधिकृतिक लोगों के के प्रवेश का आरोप लगाया था। मतदान खत्म होने के बाद अब पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सत्ता को लेकर तनाव बढ़ गया है। रविवार सुबह टीएमसी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे लगी दो गाड़ियां परिसर में घुसीं और स्ट्रांग रूम के पास तक पहुंच गईं। एक कार्यकर्ता ने कहा कि बिना पहचान पत्र के किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। फिर भी इन वाहनों को कैसे प्रवेश मिला।

- टीएमसी का आरोप-भाजपा के झंडे वाले वाहन घुसे

# यूपी में आठ जिलों के डीएम बदले, कुल 38 आईएएस के तबादले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी सरकार ने रविवार की देर रात रात 8 जिलों के डीएम समेत 38 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया। देवरिया, जौनपुर, मऊ, महराजगंज, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, संभल और प्रतापगढ़ में नए जिलाधिकारी तैनात किए गए हैं। तकनीकी इस्तीफा देने वाले रिंकू सिंह राही के इस्तीफा वापस लिए जाने के बाद उन्हें जालौन का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

मधुसूदन हुल्गी विशेष सचिव मुख्यमंत्री तथा अपर आवास आयुक्त आवास विकास परिषद से डीएम देवरिया, सैमुअल पाल एन प्रबंध निदेशक केस्को व अपर आयुक्त राज्य कर कानपुर प्रथम से डीएम जौनपुर, आनंद वर्धन उपाध्यक्ष गोरखपुर विकास प्राधिकरण से डीएम मऊ, गौरव सिंह सोगरवाल नगर आयुक्त गोरखपुर से डीएम महराजगंज, संतोष कुमार शर्मा डीएम महराजगंज से डीएम फिरोजाबाद, राजेंद्र पेंसिया डीएम संभल से डीएम मुरादाबाद, अंकित खंडेलवाल नगर आयुक्त आगरा से डीएम संभल, अभिषेक पांडेय अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद से डीएम प्रतापगढ़ बनाए गए हैं। शिव सहाय अवस्थी डीएम प्रतापगढ़ से मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, अनुज सिंह डीएम मुरादाबाद से विशेष सचिव मुख्यमंत्री, अभिनव गोयल मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद से उपाध्यक्ष गोरखपुर विकास प्राधिकरण बनाए गए हैं। अजय जैन मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ से नगर आयुक्त गोरखपुर, डा. अल्का वर्मा निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं से विशेष सचिव वित्त तथा रजिस्ट्रार चिट्स एवं सोसायटी यूपी, निधि बंसल प्रतीक्षारत से निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बनाई गई हैं। डा. दिनेश चंद्र डीएम जौनपुर से विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग, प्रवीण मिश्रा डीएम मऊ से विशेष सचिव समाज कल्याण तथा सचिव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग, रमेश रंजन डीएम फिरोजाबाद से अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद बनाए गए हैं। दिव्या मित्तल डीएम देवरिया से विशेष सचिव राजस्व विभाग, चंद्र शेखर प्रतीक्षारत से विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संस्थान विभाग, (शेष 15 पर)

## बादल और अंधेरे में भी देख सकेगा 'दृष्टि' सैटेलाइट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'दृष्टि' मिशन की सफलता पर बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप गैलेक्जआई की टीम को बधाई देते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष यात्रा में बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का पहला ऑप्टोएसएआर सैटेलाइट है और यह देश के युवाओं की नवाचार क्षमता का उदाहरण है। रविवार को 'दृष्टि' नाम का यह सैटेलाइट अमेरिका के कैलिफोर्निया से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया। इसे गैलेक्जआई ने विकसित किया है और यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा निजी तौर पर बनाया गया पृथ्वी अवलोकन सैटेलाइट है।

गैलेक्जआई के सीईओ सुयश सिंह ने बताया कि 'दृष्टि' का मतलब है हर परिस्थिति में देख पाना। यह सैटेलाइट मल्टीस्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) को एक साथ इस्तेमाल करता है, जो दुनिया में पहली बार किया गया है।

- भारत की अंतरिक्ष ताकत को नई धार

## बृजभूषण के शोषण की मैं भी शिकार : विनेश फोगाट

**नई दिल्ली।** ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके विनेश ने कहा, यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट हो रहा है। आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं कहना चाहती हूं कि बृजभूषण शरण के खिलाफ कंप्लेंट करने वाले उन 6 विक्टिम में मैं भी शामिल हूं। मेरी गवाही भी कोर्ट में चल रही है। मेरा उसके घर (गोंडा) में जाकर कॉम्पिटीशन लड़ना मुश्किल होगा। मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100% दे पाऊंगी। एक लड़की के लिए ये काफी मुश्किल होगा। बता दें कि करीब 3 साल पहले विनेश ने बृजभूषण पर महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसे लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ धरना भी दिया था। विनेश हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं। बृजभूषण भाजपा के पूर्व सांसद हैं। वर्तमान में उनका एक बेटा यूपी से सांसद और एक विधायक है। विनेश ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा- आप सब को नमस्कार। जैसा की सभी को पता है कि पिछले डेढ़ साल से मैं रेस्लिंग मैट से काफी दूर थी। लेकिन अब कुछ महीनों से मैं रेसलिंग की तैयारियां कर रह रही हूं। बड़ी मेहनत और ईमानदारी से मेहनत कर रही हूं।



- कहा गोंडा में कुश्ती लड़ना मुश्किल होगा
- वहां मेरे साथ गलत हुआ तो सरकार जिम्मेदार

### चलती फ्लाइट से कूदा यात्री, हादसा टला

**चेन्नई।** रविवार तड़के चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस वक्त भारी दहशत फैल गई, जब एक यात्री ने चलती फ्लाइट का आपातकालीन दरवाजा अचानक खोल दिया और बाहर छलांग लगा दी। शारजाह से चेन्नई पहुंची एअर अरेबिया की इस फ्लाइट में 231 यात्री सवार थे। इस दुस्साहसिक और खतरनाक हरकत के कारण विमान में बैठे बाकी यात्रियों की जान हलक में आ गई। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यह खौफनाक घटना तब घटी जब विमान लैंडिंग के बाद मुख्य रनवे से हटकर टैक्सीवे (रनवे और टर्मिनल को जोड़ने वाला रास्ता) पर धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। तभी अचानक 34 साल के एक पुरुष यात्री ने इमरजेंसी गेट खोला और चलती फ्लाइट से नीचे कूद गया।

### आंध्र में बनेगी देश की पहली स्पेस सिटी

**अमरावती।** यदि सबकुछ योजना के अनुसार हुआ तो इसी महीने देश की पहली स्पेस सिटी बननी शुरू हो जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने पिछले साल इसका आइडिया सामने रखा था। उनकी सरकार अब इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर चुकी है। इस 'अंतरिक्ष शहर' में न केवल सैकड़ों छोटी कंपनियां रॉकेट के पुर्जे, सेंसर बनाएंगी, बल्कि स्काईरूट, कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स, एचएफसीएल जैसी बड़ी कंपनियां दुनियाभर के लिए प्राइवेट रॉकेट बनाकर देंगी। सरकार ने यहां 570 एकड़ का स्टार्टअप एक्टिवेशन जोन बनाया है, जिसमें अग्निकुल, कॉसमॉस, पिक्सेल जैसे स्पेस स्टार्टअप भविष्य की अंतरिक्ष संभावनाओं को आकार देंगे। यह सिटी गगनयान जैसे भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों के लिए बेस कैंप का काम करेगी।

### तिरुपति लड्डू : संगठित नेटवर्क का खुलासा

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के लड्डू प्रसाद के लिए घी खरीद में गंभीर अनियमितताओं और संगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एक सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के अनुसार करीब 70 लाख किलो घी बिना अनिवार्य जांच के खरीदा गया और कई मामलों में लैब रिपोर्ट आने से पहले ही उसे प्रसाद में इस्तेमाल कर लिया गया। समिति ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक विफलताओं, प्रक्रिया के उल्लंघन, संभावित मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। समिति का कहना है कि इन्हीं वजहों से मिलावटी घी की सप्लाई संभव हो सकी। रिपोर्ट में पूर्व कार्यकारी अधिकारी एवी धर्मा रेड्डी को प्रमुख जिम्मेदार बताया गया है।

# 'बैठे-बैठे दिन बदलेंगे इसके भरोसे मत रहना'

**नवकांत ठाकुर**

**नज़र और नज़रिया**


जीवन और जमाने की हकीकत बयान करते हुए हस्तीमल 'हस्ती' साहब लिखते हैं कि– 'सावन का महीना आते ही बादल तो छा जाएँगे/ हर हाल में लेकिन बरसेंगे इसके भरोसे मत रहना / सूरज की मानिंद सफ़र पे रोज़ निकलना पड़ता है / बैठे-बैठे दिन बदलेंगे इसके भरोसे मत रहना।'

वाकई सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। तभी तो तुलसीदासजी ने रामचरितमानस में लिखा है कि- 'सकल पदारथ हैं जग माहीं। करमहीन नर पावत नाहीं।।' हालांकि इसके उलट सुवासितसर्वस्व ग्रंथ में भाग्य को ही सबसे प्रबल बताते हुए 'भाग्यं फलति सर्वत्र न विद्या न च पौरुषम्। समुद्रमन्थनाल्लेभे हरिर्लक्ष्मीं हरो विषम्।।' की दलील अवश्य दी गई है लेकिन श्रीमद्भगवदगीता के 18वें अध्याय के 14वें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण बताते हैं कि– 'अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम्। विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम्।।' इसका भावार्थ यही है कि मन, वचन और कर्म से पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने नियत कार्यक्षेत्र में तमाम युक्तियों और संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए हरसंभव प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाले को ही दैवीय कृपा से सफलता हासिल होती है। यानी भाग्य भी तभी फलित होता है जब कर्म और कर्तव्य का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन किया जाए।

इसी सिद्धांत को अगर दूसरे नजरिये से देखें तो पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सफलता हासिल करने का पुरजोर प्रयास करने वाले को भी जब इस बात की कोई गारंटी नहीं होती कि उसे मनचाहा लक्ष्य हासिल हो ही जाएगा तब आधे–अधूरे मन से दिखावे के लिए जरूरत भर की सक्रियता के नतीजे में मनचाही सफलता कैसे हासिल हो सकती है? तभी तो पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों का जो पूर्वानुमान सामने आया है वह कांग्रेस के लिए ना सिर्फ बेहद निराशाजनक बल्कि काफी हद तक शर्मसार और हतोत्साहित करने वाला भी है। केवल केरल में मुस्लिम लीग से लेकर कई छोटे–छोटे स्थानीय दलों के कांधों पर सवार होकर सत्ता में वापसी करने की उसकी संभावनाओं को अलग कर दें तो बाकी किसी भी राज्य की विधानसभा में अपने दम पर विपक्ष के नेता का पद प्राप्त करने के लिए जरूरी सीटें भी उसे मिलती हुई नहीं दिख रही है।

हालांकि इन संभावित चुनावी नतीजों के कारणों की तलाश कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अवश्य करेगा। लेकिन सतही तौर पर देखें तो यह कतई अप्रत्याशित नहीं है बल्कि इसकी बुनियाद तभी तैयार हो गई थी जब पश्चिम बंगाल से लेकर तमिलनाडु तक में आधे–अधूरे मन से चुनाव प्रचार किया गया, असम में झूठे तथ्यों के आधार पर मुख्यमंत्री को बदनाम करने की रणनीति को हौसले और हिम्मत के साथ कम से कम मतदान के दिन तक बरकरार रखने का साहस भी नहीं दिखाया जा सका और जिन पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने का पूरा दारोमदार था वह अंतिम चरण के मतदान से पहले ही मैदान छोड़ कर देश के सुदूर समुद्री क्षेत्र में ऐसे मसले को तूल देने पहुंच गए जो राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण बैक फायर कर गया। ऐसे में सवाल है कि न्यूनतम मेहनत के दम पर किस्मत के सहारे अधिकतम सफलता प्राप्त करने का सपना कैसे पूरा हो सकता है? वह भी तब जबकि विरोधी का भाग्य भी प्रबल हो और वह पुरुषार्थ की पराकाष्ठा भी कर रहा हो। ऐसे में सोहनलाल द्विवेदी के शब्दों से सीख लेने की जरूरत है कि– 'जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम/ संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम / कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती / कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।'

**जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**



स्वतंत्र भारत

# अल्पसंख्यक सम्मेलन में कांग्रेस का भाजपा-आरएसएस पर हमला

## शकील अहमद बोले- जहर फैलाने वालों को सबक सिखाना होगा



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक सम्मेलन में पार्टी नेताओं ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए अल्पसंख्यक समाज से कांग्रेस को मजबूत करने की अपील की। बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता शकील अहमद ने मंच से शेरो-शायरी के अंदाज में कहा, हयात ले के चलो कायनात ले के चलो, चलो तो सारे जमाने को साथ ले के चलो। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज में जहर घोलने वालों को सबक सिखाया जाए। शकील अहमद ने कहा कि एक तरफ वह पार्टी है जो अल्पसंख्यकों की नागरिकता और देशभक्ति पर सवाल खड़े करती है, जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस है जिसने सम्मान, पहचान और बराबरी का दर्जा दिया। उन्होंने चेताया कि यदि कांग्रेस को छोड़कर इधर-उधर गए तो इसका फायदा भाजपा को होगा। शकील अहमद ने कहा कि देश की आजादी में सभी समुदायों ने खून बहाया, लेकिन आज वही लोग सवाल उठा रहे हैं जो आजादी की लड़ाई से नदारद थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस की नींव है और यहां पार्टी को मजबूत करना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरएसएस को सबसे खतरनाक संगठन बताते हुए कहा कि यह समाज में जहर घोलने का काम कर रहा है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सोहेल अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती हमेशा देश की राजनीति को दिशा देती रही है। उन्होंने कहा कि 2024 में जनता ने संविधान बदलने और समाज को बांटने वालों को करारा जवाब दिया। सोहेल अंसारी ने कहा कि जब भाजपा ने नागरिकता पर सवाल उठाए तब राहुल गांधी ही ऐसे नेता थे जो मजबूती से अल्पसंख्यकों के साथ खड़े रहे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि समय आ गया है कि अपनी ताकत पहचानें और अपने पुराने घर कांग्रेस में लौटें। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि आज सबसे ज्यादा अत्याचार के पीछे मनुवादी ताकतें हैं। उन्होंने कहा कि जाति और धर्म देखकर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, ऐसे में अल्पसंख्यक समाज का कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ा होना जरूरी है। कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने अस्वस्थ होने के कारण अस्पताल से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह जल्द पूरी तरह स्वस्थ होकर दुगनी ताकत से अल्पसंख्यक समाज की सेवा और हक-अधिकार की लड़ाई के लिए वापस लौटेंगे। अजय राय ने दावा किया कि 2027 का विधानसभा चुनाव ऐतिहासिक होगा और जनता अब सच्चाई समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक समाज का अपना घर है। सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पांडे, अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, दिल्ली कांग्रेस प्रभारी काजी निजामुद्दीन, राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर रूबी खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और प्रदेश भर से आए हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक कैंप कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** आज इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा स्थित विधायक जी के कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी जी, मंडल महामंत्री अक्षय मिश्रा, एवं मंडल महामंत्री सी. के. वर्मा, मीडिया प्रभारी ओपी तिवारी सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाना रहा। इस दौरान सभी शक्ति केंद्र संयोजकों को अपने-अपने क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों के सत्यापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति सुनिश्चित करने तथा मजबूत बूथ समितियों का गठन करने पर विशेष जोर दिया गया। मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी जी ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता होती है, इसलिए सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों काइ गंभीरता से निर्वहन करें। वहीं मंडल महामंत्री अक्षय मिश्रा जी एवं सी. के. वर्मा जी ने भी संगठनात्मक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु रणनीति पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर सर्वेश सिंह, के के पाठक, दाताराम शुक्ला, राजीव, प्रशस्ति तिवारी, डीपी तिवारी, सुशांत सार, निरंकार रस्तोगी, अमर सिंह लोधी, रवि मोहन श्रीवास्तव, प्रमोद सिंघल, शिशिर श्रीवास्तव, रंजना द्विवेदी, लक्ष्मी कश्यप, संजय सिन्हा, विकास नरूला, प्रमोद अग्रवाल उपस्थित थे।

## खबर एक नज़र

### अखिल भारतीय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ का आंदोलन तेज : विमल शुक्ला



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ द्वारा घोषित चरणबद्ध आंदोलन के तहत 1 मई 2026 को आफिसियल व्याट्सऐप ग्रुप से सामूहिक बहिर्गमन के माध्यम से कर्मचारियों ने व्यापक एकजुटता का परिचय दिया। संगठन के अनुसार यह आंदोलन का सफल प्रथम चरण है, जो आने वाले निर्णायक संघर्ष की मजबूत नींव साबित होगा। संगठन के पदाधिकारी विमल शुक्ला ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में पदोन्नति नीति, एचआप पालिसी सेवा विनियमावली में संशोधन, रिक्त पदों पर भर्ती तथा प्रायोजक बैंक के हस्तक्षेप में कमी—पर लंबे समय से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार 6 मई 2026 को प्रधान कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन तथा 8 जून 2026 को देशव्यापी हड़ताल आयोजित की जाएगी। अखिल भारतीय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ ने विश्वास जताया है कि कर्मचारियों की यही एकजुटता आगे भी बनी रही तो आगामी चरण ऐतिहासिक और निर्णायक सिद्ध होंगे। संगठन ने सभी साथियों से आंदोलन में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है।

### ग्लूकोज फैक्ट्री के प्रदूषण के खिलाफ किसानों का हल्लाबोल, घेराव कर दिया धरना




**स्वतंत्र भारत इटौंजा।** राजधानी के इटौंजा क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर गांव के पास संचालित ग्लूकोज फैक्ट्री से होने वाले बेलगाम प्रदूषण से त्रस्त होकर रविवार को नव भारतीय किसान संगठन और क्षेत्रीय किसानों का धैर्य जवाब दे गया। फैक्ट्री द्वारा फैलाए जा रहे जहर के विरोध में किसानों ने जोरदार रैली निकाली और फैक्ट्री परिसर का घेराव करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारी किसानों का आरोप है कि फैक्ट्री से निकलने वाला दूषित पानी और जहरीला धुआं सीधे उनके खेतों में पहुंच रहा है, जिससे खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो रही हैं। किसानों ने कहा कि न केवल कृषि बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी इसका जानलेवा असर पड़ रहा है। गौरतलब है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पहले भी इस फैक्ट्री पर 15,000 रुपये का जुर्माना लगा चुका है, लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन ने मानकों को ताक पर रखकर प्रदूषण फैलाना जारी रखा। हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने आक्रोशित किसानों को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि इस बार फैक्ट्री के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि फैक्ट्री प्रबंधन प्रदूषण के मानकों का सख्ती से पालन करे। आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त किया, हालांकि चेतावनी दी कि यदि सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### जैन तीर्थों के संरक्षण के लिए एकजुट हुआ समाज



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** रविवार को जैन समाज द्वारा दो प्रमुख आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गोमती नगर जैन मंदिर में आगामी 'पारस धाम' (काकोरी) पंचकल्याणक महोत्सव के मुख्य पात्रों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ। पट्टाचार्य शिरोमणि आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सान्निध्य में 24 जून से 29 जून तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में भगवान आदिनाथ की 21 फीट ऊँची प्रतिमा की प्रतिष्ठा की जाएगी। श्री 1008 चंद्रप्रभु जैन सेवा संस्थान एवं प्रतिष्ठा महोत्सव समिति द्वारा रिषभ जैन (माता-पिता), विशाल जैन (सौधर्म इंद्र), रोहित जैन (कुबेर) और अरिंजय जैन (ईशान इंद्र) सहित अन्य पात्रों का अभिनंदन किया गया। इसी अवसर पर भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंबू प्रसाद जैन की अध्यक्षता में एक बैठक भी हुई, जिसमें जैन तीर्थों के संरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त कराने पर चर्चा की गई। दूसरी ओर, आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज ससंघ का सहादतगंज से पद विहार कर डालीगंज जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। महावीर पार्क से शुरू हुए गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में समाज को अहिंसा और शाकाहार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान विकास जैन द्वारा पाद-प्रक्षाल एवं विशाल जैन द्वारा शास्त्र भेंट किया गया। महामंत्री रीतेश जैन ने बताया कि इस दौरान संजीव जैन, सुबोध जैन, वीर कुमार और पारस जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने भरी हुंकार मानदेय न मिलने पर होगा महाआंदोलन




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को राजधानी में संपन्न हुई, जिसमें कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अश्वनी शुक्ला और राज्य कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हरिशरण मिश्रा ने बतौर अतिथि शामिल होकर संविदा कर्मियों की मांगों को अपना पूर्ण समर्थन दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष ठा0 मयंक प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी लंबे समय से नियमितीकरण, समान कार्य-समान वेतन, जॉब सुरक्षा और कैशलेस चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने कर्मचारियों की मानदेय संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण नहीं किया, तो भारतीय मजदूर संघ के मार्गदर्शन में एक वृहद आंदोलन छेड़ा जाएगा। संघ के प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती ने मानदेय संकट पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए बताया कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में संविदा कर्मियों को मार्च माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे हजारों परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने घोषणा की कि अपनी मांगों के समर्थन में आगामी 18 जून 2026 को राजधानी लखनऊ में भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश भर से आए पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राम प्रताप सिंह, रवीन्द्र राठी, अस्मिता सिंह और हिमालय कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं डॉक्टर उपस्थित रहे।

# दुर्लभ पैंगोलिन का सुरक्षित ठिकाना बना यूपी का दुधवा नेशनल पार्क

## बाघ भी नहीं कर पाता हमला

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दुधवा टाइगर रिजर्व को दुर्लभ और विलुप्तप्राय जीव पैंगोलिन के सुरक्षित ठिकानों में से एक माना जा रहा है। यह शर्मीला और रात में सक्रिय रहने वाला स्तनधारी जीव यहां की जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पैंगोलिन छिपकली और सांप की तरह दिखने वाला जीव है, जो अपने शरीर पर मौजूद कठोर सुनहरी-भूरी शल्कों के कारण जाना जाता है। खतरा महसूस होने पर यह अपने शरीर को गेंद की तरह गोल कर लेता है, जिससे बाघ और अन्य शिकारी भी इसे नुकसान नहीं पहुंचा पाते। वन विभाग के अनुसार, पैंगोलिन लगभग 60 मिलियन वर्षों से पृथ्वी पर मौजूद है, लेकिन अवैध शिकार और घटते आवास के कारण यह विलुप्ति के खतरे में आ गया है। यह मुख्य रूप से चींटियों और दीमकों पर निर्भर रहता है और एक वर्ष में करोड़ों कीटों का सेवन कर सकता है। रिटायर्ड रेंज ऑफिसर अशोक कुमार कश्यप ने बताया कि पैंगोलिन के दांत नहीं होते और इसकी लंबी जीभ शरीर से भी अधिक लंबी हो सकती है, जिससे यह आसानी से चींटियों को पकड़ लेता है। यह दिन के समय अपने बिल में रहता है और रात में भोजन की तलाश में बाहर निकलता है। विशेषज्ञों के अनुसार, दुधवा जैसे संरक्षित वन्य क्षेत्र इस दुर्लभ जीव के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं और इसे सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर रहे हैं।

# अमीर-गरीब के बीच की गैर बराबरी को खत्म करना सपा का लक्ष्य: प्रो. अभिषेक मिश्र

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व नगर विकास मंत्री प्रोफेसर अभिषेक मिश्र ने कहा कि उनकी पार्टी किसी भी धर्म, सम्प्रदाय, मत या वर्ग के साथ भेदभाव नहीं करती है। सपा के लिए सभी समान हैं और यदि किसी प्रकार की गैर-बराबरी है तो वह केवल अमीर और गरीब के बीच है। पार्टी का लक्ष्य इसी आर्थिक गैर-बराबरी को समाप्त करना है। वे रविवार को आईटी क्रॉसिंग स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के छत्रपति शिवाजी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम डॉ. भीमराव आंबेडकर पंचायत महासभा, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित किया गया था, जिसके संयोजक अध्यक्ष प्रमोद कुमार हंस थे। प्रो. अभिषेक मिश्र ने कहा कि सपा ने पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का विचार इसलिए प्रस्तुत किया है ताकि इन वर्गों को न्याय मिल सके और उनके मौलिक अधिकारों का हनन न हो। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वह पार्टी नेतृत्व से चर्चा कर दलित समाज की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास करेंगे। साथ ही स्वच्छकार समाज की समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संयोजक प्रमोद कुमार हंस, सह संयोजक विजय वाल्मीकि और पार्षद सुरेन्द्र वाल्मीकि ने प्रो. अभिषेक मिश्र को ज्ञापन सौंपा। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया।

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा की सफलता पर होगा भंडारा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल द्वारा आगामी मंगलवार, 5 मई को लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास स्थित शिवशक्ति शनिदेव मंदिर पर दोपहर 01:30 बजे से दिव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सपना गोयल ने बताया कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व महा तीर्थयात्रा' के सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 19 अप्रैल को 1008 श्रद्धालुओं के जत्थे को सोमनाथ दर्शन हेतु रवाना किया था, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने भी सहभागिता की थी। सपना गोयल ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है, जिसके लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में उनके नेतृत्व में अब तक नैमिषारण्य, काशी विश्वनाथ, हरिद्वार, प्रयागराज और कानपुर सहित यूपी के 25 से अधिक जिलों में सामूहिक सुंदरकांड महायज्ञ का सफल आयोजन किया जा चुका है। कल आयोजित होने वाले इस भंडारे में सोमनाथ यात्रा से लौटी मातृशक्तियां और स्थानीय श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# नि:शुल्क भोजन वितरण का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहने वाली संस्था 'इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (पंजीकृत)' द्वारा रविवार को आशियाना क्षेत्र में बाबा नीम करौली जी की कृपा से 'बृज की रसोई' के अंतर्गत विशाल निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था द्वारा इस बार भोजन के साथ-साथ राहगीरों और जरूरतमंदों के लिए शीतल शरबत की भी विशेष व्यवस्था की गई। ए. पी. आचार्य और जालिम सिंह ने बताया कि दोपहर 02 बजे से शुरू हुए इस सेवा कार्य में सैकड़ों निर्धन व असहाय व्यक्तियों को पूर्ण स्वच्छता और सम्मान के साथ पौष्टिक भोजन कराया गया। सी. एच. तिवारी ने बताया कि संस्था के स्वयंसेवकों ने अत्यधिक अनुशासन और सेवा भाव के साथ इस गरिमामय कार्यक्रम को संपन्न कराया। वहीं, संजय श्रीवास्तव और अनुराग दुबे ने साझा किया कि यह सेवा अभियान प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिसमें निरंतर बढ़ती जन-सहभागिता इसकी सार्थकता को सिद्ध कर रही है। आशीष श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि वितरण के दौरान भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि 'बृज की रसोई' का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, दान और सहयोग की भावना को सशक्त करना है ताकि सक्षम वर्ग जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित हो सके। सेवा कार्य को सफल बनाने में गीता प्रजापति, विकास पाण्डेय, बलवंत सिंह, अनिल सिंह का सक्रिय योगदान रहा। अंत में बलवंत सिंह ने सभी नागरिकों से इस पुनीत अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि हमारा एक छोटा सा प्रयास किसी के जीवन में बड़ी मुस्कान ला सकता है।

# अजय राय के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

## दरगाह शाह मीना में दुआ

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की अचानक तबीयत खराब होने और अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चिंता का माहौल है। राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के कन्वीनर मोहम्मद आफ़ाक ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अजय राय एक सक्रिय और जनहित के मुद्दों पर लगातार काम करने वाले नेता हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बीमारी की खबर से न सिर्फ राजनीतिक वर्ग बल्कि आम जनता भी चिंतित है। मोहम्मद आफ़ाक ने कहा कि इस कठिन समय में सभी लोगों को अजय राय के साथ खड़ा रहना चाहिए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए दुआ करनी चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने हाजी मोहम्मद फहीम सिद्दीकी, सौरभ श्रीवास्तव, आरिफ बाबा, मोहम्मद हुसैन सहित अन्य लोगों के साथ लखनऊ की प्रसिद्ध दरगाह शाह मीना पर हाजिरी दी। वहां हज़रत मखदूम शाह मीना के मज़ार पर विशेष दुआ का आयोजन किया गया और अजय राय के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि बीमारी और कठिन समय में दुआ और हौसला इंसान को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अजय राय जल्द स्वस्थ होकर फिर से जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# अखिलेश यादव ने मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर किया सम्मानित

## बोले- प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना समाज की जिम्मेदारी

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को राजधानी स्थित समाजवादी पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में अपने-अपने जनपद में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह उत्साह और गौरव से भरा नजर आया। समाजवादी पार्टी मुख्यालय में सुबह से ही मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों का पहुंचना शुरू हो गया था। समारोह में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए विद्यार्थियों का मंच पर माल्यार्पण और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्वागत किया गया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से हासिल की गई सफलता सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं ने अपने जिले में टॉप कर परिवार और जनपद का नाम रोशन किया है, वे प्रदेश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और तकनीक आज के समय की सबसे बड़ी ताकत हैं और लैपटॉप जैसे संसाधन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करें और युवाओं को बेहतर माहौल उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि गांव और छोटे शहरों से निकलकर बड़ी उपलब्धियां हासिल करने वाले छात्र यह साबित करते हैं कि मेहनत और संकल्प के सामने कोई बाधा बड़ी नहीं होती। समारोह में सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में कई ऐसे विद्यार्थी शामिल रहे जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद शानदार अंक हासिल किए। मंच से उनके संघर्ष और सफलता की कहानियों का भी उल्लेख किया गया। छात्रों ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख से सम्मान प्राप्त करना उनके लिए गर्व की बात है और यह उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम में मौजूद पार्टी नेताओं ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान छात्रों को लैपटॉप के साथ स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। मंच से बार-बार विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया, जिससे पूरे सभागार में उत्साह का माहौल बना रहा। सम्मानित छात्र-छात्राओं में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विभिन्न जिलों के टॉपर्स शामिल रहे। इनमें प्राची निषाद, आदित्य सिंह, शिवानी वर्मा, अंशिका यादव, आयुष तिवारी, साक्षी गौतम, आर्यन मौर्य, नेहा पाल, श्रेया सिंह और मोहम्मद फैजान समेत कई मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को अखिलेश यादव ने व्यक्तिगत रूप से बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के अंत में छात्रों और अभिभावकों ने अखिलेश यादव के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे आयोजन में शिक्षा, युवाओं और प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।



# एक दिन में लगेंगे 35 करोड़ पौधे : योगी




स्वतंत्र भारत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष एक दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश एक बार फिर हरित क्षेत्र में नया रिकॉर्ड बनाएगा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण को केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा और इसमें हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

■ कहा- यूपी फिर बनाएगा रिकॉर्ड

मुख्यमंत्री ने रविवार को वृहद पौधरोपण अभियान-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हर आंगनबाड़ी केंद्र पर कम से कम 5 सहजन के पौधे लगाए जाएं, जबकि स्कूल-कॉलेजों में प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए और कहा कि नदियों के किनारे 4.35 करोड़ पौधरोपण की तैयारी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में वन एवं वृक्ष आवरण में 3 लाख 38 हजार एकड़ की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में हरित आवरण 9.96 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। उन्होंने लक्ष्य तय करते हुए कहा कि वर्ष 2030 तक इसे 15 प्रतिशत और 2047 तक 20 प्रतिशत तक पहुंचाना है।
उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण को तकनीक से जोड़ा जाएगा ताकि हर पौधे की निगरानी की जा सके और उसकी जीवितता सुनिश्चित हो। हरीतिमा ऐप, जीआईएस मैपिंग और क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए पौधों की मॉनिटरिंग की जा रही है।
मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ उसकी सुरक्षा और देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 1935 नर्सरियां संचालित हैं और 50 करोड़ से अधिक पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही 34 नई नर्सरियां भी स्थापित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभाग 30 मई तक अपनी कार्ययोजना तैयार कर लें और समयबद्ध तरीके से वृक्षारोपण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। बैठक के दौरान शेखा झील पक्षी विहार (अलीगढ़) को रामसर साइट घोषित किए जाने का प्रमाण पत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपा गया। प्रदेश में अब कुल 12 रामसर स्थल नामित हो चुके हैं।

# यूपी में बदला मौसम का मिजाज

## अवध के कई जिलों में बारिश, चार मई को आंधी-तूफान का अलर्ट



स्वतंत्र भारत, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। राजधानी लखनऊ सहित अवध क्षेत्र के कई जिलों में शनिवार देर रात और रविवार सुबह हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने चार और पांच मई को प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश और ठंडी हवाओं की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। आमतौर पर ज्येष्ठ माह की शुरुआत में तेज गर्मी और लू का असर देखने को मिलता है, लेकिन इस बार मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना हुआ है। शनिवार को दिनभर धूप की तपिश कम महसूस हुई और हवाओं में ठंडक बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक अवध क्षेत्र के सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, अमेठी और रायबरेली समेत कई जिलों में रविवार सुबह हल्की बारिश हुई। इससे पहले शनिवार शाम को भी कई इलाकों में बूंदाबांदी दर्ज की गई थी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से चार मई से बारिश और आंधी-तूफान का नया दौर शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश पर तीन पश्चिमी विक्षोभों का प्रभाव बना हुआ है। अप्रैल महीने के शुरुआती और अंतिम चरण में भी इन विक्षोभों की वजह से पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ओलावृष्टि और बारिश हुई थी। इसके चलते अप्रैल में प्रदेश की कुल औसत वर्षा सामान्य से अधिक दर्ज की गई। हालांकि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में बुंदेलखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी का असर देखने को मिला था। बांदा में तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था और लगातार छह दिनों तक यह देश के सबसे गर्म शहरों में शामिल रहा।

# कंडक्टर पद पर भर्ती हुये नियमित परिचालक कार्यालय में कर रहे ड्यूटी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। राज्य सड़क परिहवन निगम के तहत लखनऊ रोडवेज परिक्षेत्र कार्यालय में नया मामला प्रकाश में आया है। लखनऊ रीजन में तैनात नियमित

■ आरएम ने दिये तत्काल ड्यूटी पर जाने के निर्देश

कंडक्टर बसों पर ड्यूटी करने के बजाय कार्यालय में ड्यूटी कर रहे हैं। मामला प्रकाश में आने के बाद रोडवेज प्रशासन हरकत में आया है। जानकारी के मुताबिक लखनऊ रीजन में परिचालक के पद पर भर्ती हुए नियमित बस कंडक्टर जुगाड़ से कार्यालय में ड्यूटी कर रहे हैं। ऐसे बस कंडक्टरों के खिलाफ क्षेत्रीय प्रबंधक ने सख्त कदम उठाते हुए तत्काल ड्यूटी पर जाने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि शून्य किलोमीटर करने वाले बस कंडक्टरों को अप्रैल का वेतन रुक सकता है। इसलिए हर परिचालक को बस में ड्यूटी करना अनिवार्य है। आरएम ने बताया कि कई शिकायत आई है. जहां लोग अभी भी बस ड्यूटी करने से कतरा रहे हैं।
ऐसे परिचालकों की ड्यूटी स्लिप के जरिए जांच कराकर ही उनका वेतन रिलीज किया जाएगा। समय रहते ऐसे बस कंडक्टर ड्यूटी पर नहीं गए तो इसके जिम्मेदार डिपो के एआरएम होंगे। आरएम ने कहा कि ड्राइवर कंडक्टर के आभाव में बसें निरस्त हो रही हैं। इसे लेकर परिवहन मंत्री ने काफी नाराजगी जताई है।

# जनगणना के लिए पूछे 34 सवालों की जानकारी रखी जाएगी गोपनीय

स्वतंत्र भारत, लखनऊ। प्रदेश में इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल तरीके से कराई जाएगी और लोगों को पहली बार ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा भी मिलेगी। जनगणना प्रक्रिया के तहत प्रदेश के लोगों को

■ आयकर या किसी अन्य सरकारी विभागों से भी नहीं होगी साझा

कुल 34 सवालों के जवाब देने होंगे। इन सवालों में परिवार, मकान, सुविधाओं, शिक्षा, इंटरनेट, वाहनों और घरेलू संसाधनों से जुड़ी विस्तृत जानकारी मांगी जाएगी। जनगणना के दौरान जुटाई जाने वाली जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी। इसका इस्तेमाल टैक्स, पुलिस जांच या किसी अन्य सरकारी कार्रवाई में नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना किसी डर के सही और पूरी जानकारी दें। जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले 34 सवाल मुख्य रूप से मकान और परिवार से संबंधित होंगे। इनमें मकान नंबर, मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या, विवाहित जोड़ों की संख्या, घर में कमरों की संख्या, रसोईघर है या नहीं, एलपीजी या पीएनजी गैस कनेक्शन की उपलब्धता, पीने के पानी का स्रोत, शौचालय की व्यवस्था और बिजली कनेक्शन जैसी जानकारी शामिल होगी। इसके अलावा घर की छत, दीवार और फर्श किस सामग्री से बने हैं, यह भी पूछा जाएगा। उदाहरण के तौर पर छत पक्की है या कच्ची, दीवार ईंट या मिट्टी की है और फर्श सीमेंट, टाइल्स या मिट्टी का है, इसकी जानकारी दर्ज की जाएगी। जनगणना के सवालों में डिजिटल और आधुनिक सुविधाओं को भी प्रमुखता दी गई है।
प्रगणक यह जानकारी भी लेंगे कि परिवार के पास मोबाइल फोन है या नहीं, इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है या नहीं, टीवी है या नहीं और परिवार डिजिटल संसाधनों का कितना उपयोग करता है। वाहनों से जुड़े सवाल भी इस बार जनगणना का अहम हिस्सा होंगे। परिवार के पास साइकिल, बाइक, स्कूटर, कार या अन्य वाहन हैं या नहीं, इसकी जानकारी देनी होगी। इसके साथ ही बैंकिंग सुविधाओं और घरेलू उपकरणों से जुड़ी जानकारियां भी दर्ज की जाएंगी। जनगणना दो चरणों में पूरी होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना होगी। इसके तहत 7 मई से 21 मई तक लोग खुद ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे। इसके लिए परिवार का मुखिया आधिकारिक पोर्टल पर लॉगिन कर परिवार से जुड़ी सभी जानकारियां दर्ज करेगा। फॉर्म पूरा होने के बाद एक विशेष आईडी जारी होगी। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर पहुंचकर भरे गए विवरण का सत्यापन करेंगे। अगर किसी परिवार ने ऑनलाइन फॉर्म नहीं भरा होगा तो प्रगणक मौके पर ही पूरी जानकारी दर्ज करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक स्वगणना सुविधा वैकल्पिक है, अनिवार्य नहीं।

# रेल प्रशासन की उदासीनता के चलते प्रीमियम ट्रेनों के यात्रियों को बढ़ी परेशानी

## वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों को नहीं मिल रही सुविधा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। रेल प्रशासन की उपेक्षा के कारण प्रीमियम ट्रेनों के यात्रियों को कष्ट उठाना पड़ा रहा है। सुविधाजनक यात्रा की चाह में रुटीन ट्रेनों के मुकाबले कई गुना अधिक किराया चुकाने के बावजूद प्रीमियम ट्रेन बंदे भारत एक्सप्रेस में उन्हें सुविधा नहीं मिल रही है। जिसके कारण वह ठगा महसूस कर रहे हैं। लखनऊ से देहरादून के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच ई-2 में सीट नंबर एक पर यात्रा करने वाले कैप्टन सुहेल अहमद का अनुभव इस प्रीमियम ट्रेन के साथ बहुत ही बुरा रहा। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर रेलवे से नाराजगी जाहिर कर बताया कि वह बंदे भारत एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच में यात्रा कर रहे हैं। इस कोच के चार शौचालयों में दो प्रयोग योग्य नहीं होने के कारण बंद हैं। शेष दो काफी गंदे हैं, जिसका प्रयोग भी नहीं किया जा सकता। दिल्ली-वाराणसी के बीच बंद भारत एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले एक्क अन्य यात्री ने भी ट्रेन के साथ अपने बुरे अनुभव को रेलवे से एक्स पर माझा किया। बताया कि ट्रेन के कोच नंबर सी-3 के शौचालयों में पानी ही नहीं है। शिकायत के बाद भी समाधान नहीं किया गया। न ही टिश्यू पेपर ही रखवाया गया । ऊंचाहार एक्सप्रेस के कोच एस-3 का शौचालय ही चोक हो गया, जिससे गंदा पानी पूरे कोच में फैल गया और यात्रियों के सामान भीग गए। कोच एस-3 की सीट नंबर 49 के यात्री मोहित सिंह ने कोच में फैले पानी की फोटो एक्स पर डाल कर रेलवे से शिकायत की। ट्रेन 18 घंटे लेट, टिकट रिफंड नहीं हो रहा गोरखपुर-हैदराबाद से यात्रा करने की तैयारी कर रहे यात्री ने ट्रेन के 18 घंटे लेट होने पर टिकट रिफंड के लिए आवेदन किया पर रिफंड नहीं हुआ। इस पर उन्होंने एक्स पर रेलवे से नाराजगी जताई। पूछा कि 18 घंटे लेट होने के बावजूद टिकट कैसिल क्यों नहीं किया जा रहा।

# संविदा पर बस चालकों की भर्ती के लिए मेला 8 व 18 मई को

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। परिवहन निगम के लखनऊ परिक्षेत्र के अंतर्गत उपनगरीय और हैदरगढ़ डिपो में संविदा पर बस चालकों की भर्ती के लिए मेला लगने जा रहा है। डिपो के एआरएम जगदीश ने बताया कि संविदा पर बस चालकों की भतीं आलमबाग बस टर्मिनल पर रोजगार मेला लगाकर 8 व 18 मई को होगी। इसके लिए शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ पास, उम साठे 23 साल और और दो वर्ष पुराने हैवी ड्राइविंग लाइसेंस वालों को संबिदा पर बस चालक बनने का मौका मिलेगा। इच्छुक अभ्यार्थी जरूरी दस्तावेज के साथ अपना आवेदन कर सकेंगे। आवेदन स्वीकार होने पर दूसरे दिन बस ट्रायल के लिए कानपुर भेजा जाएगा। हफ्ते भर में अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद बस में चालकों का आवंटन करके ड्यूटी दे दी जाएगी।

# यूपी पंचायत चुनाव टलने के संकेत मतदाता सूची का फिर से होगा सत्यापन

## अंतिम प्रकाशन की तारीख पांचवीं बार बढ़ी

स्वतंत्र भारत, लखनऊ। प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियों के बीच एक बड़ा अपडेट सामने आया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख एक बार फिर बढ़ा दी है। यह पांचवीं बार है जब सूची जारी करने की समयसीमा आगे खिसकाई गई है, जिससे पंचायत चुनाव के टलने की संभावना और मजबूत हो गई है। पंचायत चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनः सत्यापन किया जा रहा है। आयोग का कहना है कि पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य सूची को त्रुटिरहित बनाना है, ताकि भविष्य में किसी तरह की गड़बड़ी या विवाद की स्थिति न पैदा हो। दिसंबर 2025 में राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण की अनंतिम सूची जारी की थी, जिसमें प्रदेश में कुल 12.69 करोड़ मतदाता दर्ज किए गए थे। यह पिछले चुनाव की तुलना में लगभग 40.19 लाख अधिक मतदाता थे। इसके बाद दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें लाखों शिकायतें और सुधार संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निस्तारण किया जा चुका है। अब आयोग ने एक बार फिर पूरी मतदाता सूची का दोबारा सत्यापन शुरू कर दिया है। इसके तहत हर मतदाता की जानकारी की जांच की जा रही है और नए पात्र मतदाताओं को भी जोड़ा जा रहा है। साथ ही प्रत्येक मतदाता को एक यूनिक पहचान नंबर देने की प्रक्रिया भी चल रही है। सूत्रों के अनुसार, अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख अब 10 जून तय की गई है, लेकिन इससे पहले कई बार तारीख बदली जा चुकी है। इसी कारण माना जा रहा है कि इस वर्ष पंचायत चुनाव अपने तय समय पर नहीं हो पाएंगे और इसमें देरी होना लगभग तय है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार आयोग किसी भी तरह की त्रुटि नहीं चाहता, इसलिए पूरी सूची को बारीकी से जांचा जा रहा है। हर स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया को और मजबूत किया गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और विवाद रहित हो सके।

# लखनऊ स्टेशन पर अवैध विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई, 18 अनधिकृत विक्रेता पकड़े गए



स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ । रेल यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ,गुणवत्तापूर्ण खानपान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अवैध विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सहायक वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कांत यादव के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम द्वारा आरपीएफ,लखनऊ के सहयोग से गाड़ी संख्या 15065 में विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 11 अनधिकृत विक्रेताओं को बिना किसी वैध अनुमति एवं प्राधिकरण के अवैध रूप से विक्रय कार्य करते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए सभी विक्रेताओं को अग्रिम कार्रवाई हेतु आरपीएफ,लखनऊ को सुपुर्द कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, अलग कार्रवाई में 7 अन्य अनधिकृत विक्रेताओं को लखनऊ स्टेशन पर खाद्य सामग्री बेचते हुए पकड़ा गया। ये विक्रेता भी बिना वैध अनुमति के यात्रियों को खाद्य सामग्री बेच रहे थे। सभी को नियमानुसार आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ के हवाले कर दिया गया। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा अवैध एवं अनधिकृत विक्रेताओं के विरुद्ध इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद्य सामग्री क्रय करें।

# आकांक्षी नगर योजना के दूसरे चरण में प्रदेश के 100 नगर निकायों का चयन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। राज्य सरकार कम आबादी वाले छोटे नगरों की सुविधाएं बेहतर करने जा रही है। आकांक्षी नगर योजना के दूसरे चरण में प्रदेश के 100 नगर निकायों का चयन किया गया है।

■ पहले चरण में चयनित सौ निकायों में 31 मार्च 2026 तक हो चुका है काम

इनकी आबादी 20 हजार से लेकर एक लाख के करीब है। विशेष सचिव नगर विकास उदय भानु त्रिपाठी ने इस संबंध में स्थानीय निकाय निदेशक को निर्देश भेज दिया है। इसमें कहा गया है कि नीति आयोग द्वारा निकायों को प्रदान किए गए अंकों के आधार पर सबसे कम अंक पाने वाले 20 हजार से एक लाख तक की जनसंख्या वाले सबसे पिछड़े नगर निकायों का चयन दूसरे चरण के लिए किया गया है। पहले चरण में चयनित 100 निकायों में 31 मार्च 2026 तक काम हो चुका है। इसलिए दूसरे चरण में 100 और निकायों का चयन करते हुए इस योजना में काम कराने का फैसला किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 व 2027-28 में काम कराए जाएंगे। नगर विकास विभाग ने इसकी पूरी सूची स्थानीय निकाय निदेशालय को भेज दी है। गलियों को रोशन किया जाएगा। कूड़ा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। संबंधित नगर निकायों में स्थित सरकारी स्कूलों में बुनियादी व्यवस्था दी जाएगी। स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचने की सुविधा बेहतर की जाएगी। संबंधित निकायों का सौंदयीकरण कराया जाएगा। शहर में खुले स्थानों का संरक्षण किया जाएगा और पार्कों का विकास किया जाएगा। नगर निकायों को इसके लिए प्रस्ताव बनाते हुए उपलब्ध कराना होगा। इसके आधार पर पैसे की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें सुविधाएं बेहतर कराई जा सके।

# माय भारत प्लेटफॉर्म से चयनित होकर पहली बार विधानसभा में गूंजी यूपी की युवा शक्ति

## राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का हुआ भव्य समापन, युवाओं ने दिया राष्ट्र चिंतन को स्वर




स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में 'मेरा युवा भारत' उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आज भव्य समापन हुआ। 01-03 मई 2026 तक आयोजित इस युवा संसद कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों से कुल 375 प्रतिभागी शामिल हुए और केन्द्रीय बजट 2026 विषय पर माय भारत संग जुड़कर 'विकसित भारत' के संकल्प को स्वर दिया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और 'मेरा युवा भारत' की पहल की सराहना करते हुए राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद को युवाओं की आत्मशक्ति के जागरण का पर्व बताया। उन्होंने कहा कि एकाग्रता, स्पष्ट उद्देश्य और कुछ कर गुजरने की तमन्ना ही युवा की पहचान है, और यही जागृत युवा विकसित उत्तर प्रदेश व विकसित भारत के निर्माण की दिशा तय करेंगे। 75 जनपदों से आए 375 प्रतिभागियों की सहभागिता को उन्होंने युवा चेतना का सशक्त संकेत बताते हुए कहा कि यह मंच युवाओं को नेतृत्व क्षमता, संसदीय समझ और राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी से जोड़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026 को युवाशक्ति आधारित बताते हुए उद्यमिता, स्टार्टअप, नवाचार और कौशल विकास में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया तथा विश्वास जताया कि यही युवा आगे चलकर राष्ट्रीय मंच पर उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे और देश की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 में प्रत्येक वक्ता ने निर्धारित 3 मिनटों में जो गहराई, दृष्टि और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई दी, उसने पूरे विधानमंडप को बार-बार गूंजा दिया। प्रदेश के विभिन्न गाँवों और कस्बों से निकलकर आए इन होनहार युवाओं ने अपने विचारों और तर्कों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रस्तुति में गांव की जमीनी समझ, राष्ट्रीय दृष्टिकोण और वैश्विक सोच का अनूठा संगम देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवाओं ने जब मंच संभाला, तो उनके शब्दों में अनुभव, संवेदना और प्रतिबद्धता का संगम दिखाई दिया। यह आयोजन 'विकसित भारत' के उस रोडमैप की झलक बनकर सामने आया, जिसमें गांव, जिला, प्रदेश और राष्ट्र चारों स्तर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इन युवाओं को विधानसभा में भाषण देने का यह अवसर माय भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से मिला। माय भारत उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेशभर के सभी जनपदों में जिला युवा संसद का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन युवाओं को चुनकर विधानसभा में आमंत्रित किया गया।

# रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव : उपचार प्रक्रिया होगी पूरी तरह डिजिटल, पेपरलेस

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ । रेलवे बोर्ड की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी, त्वरित एवं पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों, पेंशनभोगियों एवं उनके आश्रितों को

■ नई व्यवस्था का उद्देश्य सहज स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना

कागजी औपचारिकताओं से मुक्त कर बेहतर और सहज स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। नई नीति के अनुसार अब रेलवे अस्पतालों एवं हेल्थ यूनिट्स में उपचार, दवा वितरण तथा रेफरल संबंधी प्रक्रियाएं चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह पेपरलेस की जाएंगी। मरीजों को केवल अपना (उम्मीद) कार्ड एवं में पंजीकृत मोबाइल नंबर साथ रखना होगा। डॉक्टर द्वारा इस प्रणाली में दवा दर्ज किए जाने के बाद मरीज सीधे फार्मेसी से नंबर के माध्यम से दवा प्राप्त कर सकेंगे। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नई व्यवस्था में डिजिटल रेफरल प्रणाली को भी और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है। सामान्य परिस्थितियों में रेलवे चिकित्सक द्वारा रेफर किए गए मरीज सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में आधारित सत्यापन के माध्यम से उपचार प्राप्त कर सकेंगे। वहीं आपातकालीन परिस्थितियों में मरीज बिना पूर्व रेफरल के भी सूचीबद्ध अस्पतालों में उपचार प्रारंभ करा सकेंगे, जिसकी सूचना अस्पताल द्वारा निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनभोगियों को भी नई व्यवस्था में विशेष सुविधाएं प्रदान की गई हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों को सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में कैशलेस एवं जांच सुविधा उपलब्ध होगी, बशर्ते वे फिक्स मेडिकल अलाउंस प्राप्त न कर रहे हों। इसके अतिरिक्त अब अलग से कार्ड की आवश्यकता नहीं होगी तथा केवल कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया जा सकेगा। कैंसर एवं ट्रांसप्लांट जैसे गंभीर रोगों के उपचार हेतु भी व्यापक डिजिटल रेफरल व्यवस्था लागू की गई है, जिससे मरीजों को बार-बार रेफरल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। रेलवे द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर सहित विभिन्न सूचीबद्ध संस्थानों में डिजिटल माध्यम से उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। नई नीति के अंतर्गत निजी अस्पतालों के बिल भुगतान की प्रक्रिया भी आधारित डिजिटल प्रणाली से की जाएगी। साथ ही मरीज के माध्यम से उपचार संबंधी फीडबैक एवं रेटिंग भी दे सकेंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।



# बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर-बोरीवली समर स्पेशल अनारक्षित ट्रेन का संचालन शुरू



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** रेल प्रशासन ने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर-बोरीवली

### -गर्मी के दौरान रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा

ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन बान्द्रा टर्मिनस से 3 मई को और गोरखपुर से 4 मई को निम्नवत किया जा रहा है।

09157 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी 03 मई, 2026 को बान्द्रा टर्मिनस से 00.30 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 01.03 बजे, वापी से 02.44 बजे, सूरत से 04.05 बजे, वडोदरा से 06.22 बजे, रतलाम से 10.32 बजे, नागदा से 11.32 बजे, कोटा से 14.27 बजे, सवाई माधोपुर से 16.37 बजे, बयाना से 18.42 बजे, भरतपुर से 19.32 बजे, मथुरा जं. से 21.42 बजे, हाथरस सिटी से 23.17 बजे, दूसरे दिन कासगंज से 00.37 बजे, बरेली सिटी से 03.09 बजे, इज्जतनगर से 03.49 बजे, पीलीभीत से 06.29 बजे, मैलानी से 07.39 बजे, सीतापुर से 09.59 बजे, बुढ़वल से 12.04 बजे, गोंडा से 13.29 बजे, बस्ती से 15.04 बजे तथा खलीलाबाद से 15.54 बजे छूटकर गोरखपुर 17.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 09158 गोरखपुर-बोरीवली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी 04 मई, 2026 को गोरखपुर से 20.30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 21.17 बजे, बस्ती से 21.49 बजे, गोंडा से 23.29 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 00.34 बजे, सीतापुर से 02.36 बजे, मैलानी से 04.41 बजे, पीलीभीत से 06.06 बजे, इज्जतनगर से 07.37 बजे, बरेली सिटी से 08.09 बजे, कासगंज से 10.44 बजे, हाथरस सिटी से 12.07 बजे, मथुरा जं. से 13.47 बजे, भरतपुर से 15.52 बजे, बयाना से 16.42 बजे, सवाई माधोपुर से 18.52 बजे, कोटा से 21.02 बजे, नागदा से 23.49 बजे, तीसरे दिन रतलाम से 00.59 बजे, वडोदरा से 05.19 बजे, सूरत से 07.34 बजे तथा वापी से 08.57 बजे छूटकर बोरीवली 11.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 18, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 तथा जनरेटर से लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

# सपा सरकार बनने पर महिलाओं को मिलेगी 40 हजार की सहायता



**स्वतंत्र भारत काकोरी।** समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव रिंकी सिंह के नेतृत्व में

### बसंतकुंज में उमड़ा महिला स्वाभिमान का सैलाब

रविवार को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बसंतकुंज (सेक्टर पी) में 'पीडीए समाजवादी महिला स्वाभिमान संकल्प सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता फकरुल हसन चाँद ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर महिलाओं को 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान किया जाएगा।

उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में पारित होने के बावजूद भाजपा जनता को भ्रमित कर रही है, जबकि सपा और कांग्रेस ने इसका पुरजोर समर्थन किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मलिहाबाद की पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत ने फूलन देवी, बाबा साहब अंबेडकर और लोहिया जी जैसी महान विभूतियों को नमन किया और महिलाओं से अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की आयोजक रिंकी सिंह ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में महिलाओं का लगातार शोषण हो रहा है, जिससे मुक्ति दिलाने के लिए सपा कृतसंकल्प है। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों महिलाओं को लेडीज सूट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिर्जा इजहार बेग ने किया। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय महिलाएं और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक स्वच्छता पर विशेष जोर

**स्वतंत्र भारत सरोजिनी नगर।** सरोजिनी नगर प्रथम वार्ड में रविवार को सफाई व्यवस्था को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्षद गीता देवी गुप्ता ने की, जिसमें वार्ड के सुपरवाइजर, सफाई कर्मचारी और स्थानीय कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाना था। पार्षद गीता देवी गुप्ता ने वार्ड के विभिन्न इलाकों में नियमित सफाई, कूड़ा उठान और नालियों की समय-समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी क्षेत्र में गंदगी या जलभराव की शिकायत नहीं आनी चाहिए। सफाई कार्य में लापरवाही को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आम जनता की भी भागीदारी आवश्यक है। वार्ड को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना सभी का सामूहिक दायित्व है। बैठक में वर्तमान सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पार्षद ने नियमित निगरानी और निरीक्षण जारी रखने की बात कही। साथ ही, व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

# गोरखपुर-हडपसर (पुणे) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन पुणे से 15 मई से

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** रेल प्रशासन ने ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के

### -रेल यात्रियों को सफर में मिलेगी बेहतर सुविधा

### -वेटिंग से निजात,15 जुलाई तक होगा संचालन

लिए पुणे-गोरखपुर-हडपसर (पुणे) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन पुणे से 15 मई से 15 जुलाई, 2026 तक और गोरखपुर से 16 मई से 16 जुलाई तक प्रतिदिन 62 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

01415 पुणे-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 15 मई से 15 जुलाई, 2026 तक प्रतिदिन पुणे से 06.50 बजे प्रस्थान कर दौंड कॉर्ड लाइन से 08.12 बजे, अहिल्यानगर से 09.32 बजे, कोपरगांव से 11.30 बजे, मनमाड से 13.15 बजे, भुसावल से 16.00 बजे, खंडवा से 18.10 बजे, इटारसी से 21.20 बजे, रानी कमलापति से 23.25 बजे, दूसरे दिन बीना से 01.30 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 04.10 बजे, उरई से 06.12 बजे, कानपुर सेंट्रल से 08.40 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 10.05 बजे, गोंडा से 12.30 बजे तथा बस्ती से 14.00 बजे छूटकर गोरखपुर 16.00 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 01416 गोरखपुर-हडपसर (पुणे) ग्रीष्मकालीन विशेष गाडी 16 मई से 16 जुलाई, 2026 तक प्रतिदिन गोरखपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 19.15 बजे, गोंडा से 20.30 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 22.35 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल से 00.25 बजे, उरई से 02.00 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 04.10 बजे, बीना से 08.05 बजे, रानी कमलापति से 10.40 बजे, इटारसी से 12.20 बजे, खंडवा से 15.08 बजे, भुसावल से 17.05 बजे, मनमाड से 20.15 बजे, कोपरगांव से 20.52 बजे, अहिल्यानगर से 23.12 बजे तथा तीसरे दिन दौंड कॉर्ड लाइन से 02.00 बजे छूटकर हडपसर 03.15 बजे पहुँचेगी।

इस गाडी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 06, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

# पीड़ित परिवार के खिलाफ दर्ज मुकदमा पड़ा कमजोर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सचिवालय से सेवानिवृत्त पूर्व प्रमुख सचिव एसके पांडेय को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस विवेचना को दोषपूर्ण मानते हुए अग्रिम कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यह मामला प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां कृष्णकांत द्वारा एसके पांडेय के परिवार के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस प्रकरण में धीरज पांडेय और शिवम पांडेय को विवेचना में क्लीन चिट मिल चुकी है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद पांडेय परिवार ने राहत की सांस ली है और इसे न्याय की जीत बताया है।

# मलिहाबाद-दिलावर नगर रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी का निर्माण कार्य शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मलिहाबाद-माल मार्ग पर मलिहाबाद-दिलावर नगर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेलवे क्रासिंग

### -१२६.२७ करोड़ की लागत से बनाया जाएगा मलिहाबाद-दिलावर नगर आरओबी

पर ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ब्रिज के खंभों की नौव (पाइलिंग) के लिए खुदाई के बाद उसका कंक्रीट का बेस तैयार किया जा रहा है। उससे लोहे के पंगल लगाए जा रहे हैं। सेतु निगम के अनुसार मलिहाबाद साइड की तरफ से बिज के खंभों के निमर्माण के लिए उसकी नौब तैयार की जा रही है। तीन खंभों की नींव बनाने के लिए खुदाई की.. जा चुकी है। अब उसका सफीट का बेस तैयार किया जा रहा है। खोदे गए गड्ढों में मशीनों के जरिए स्कीट डाला जा रहा है। लोहे के एंगल भी बैठाए जा रहे हैं। क्रासिंग से मलिहाबाद की तरफ के खंभे तैयार होने के दिलावर नगर की तरफ से खंभे बताने का काम शुरू कर दिया जाएगा। आरओबी निर्माण के लिए शासन ने दिसंबर अंत में पहली किश्त के तौर पर 34:43 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की थी। उसके बाद डिजाइन को अंतिम रूप दिया गया। निर्माण कार्य के दौरान ट्रैफिक को लेकर कोई बाधा न आए. इसके लिए यातायात विभाग से डाइवर्जन लागू किए जाने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है. 126.27 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा।

मलिहाबाद-दिलावर नगर आरओबी का निर्माण 126.27 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह दो लेन का होगा, जो कि 10.50 मीटर चौडा और 1008 मीटर लंबा होगा। लखनऊ-दिल्ली रूट पर स्थित इस रेलवे क्रासिंग से रोजाना 70 से अधिक ट्रेनों का आवागमन होता है। जिसके कारण कासिंग हर आधा घंटा पर बंद हो जाती थी। मलिहाबाद-माल मार्ग अति व्यस्त होने के कारण इस मार्ग पर बाहनों दबाव होने के कारण क्रासिंग बंद होते ही लंबा जाम लग जाता था। जाम खत्म होने के बाद भी बाहनों को निकलने में आधा से एक घंटा लगता था। इसी मार्ग पर स्थित मलिहाबाद आम मंडी के दौरान यहां रोजाना आने-जाने वाले सकड़ों ट्रकों की बजह से जाम की स्थिति और खराब हो जाती थी। इन सब दिक्कतों को देखते हुए हो मोहनलालगंज के सांसद आरके चौधरी और मलिहाबाद की विधायक जयदेवी से शासन को रेलवे क्रासिंग पर बिज बनाने का प्रस्ताव दिया था।

# उत्तर प्रदेश के 40 आंगनबाड़ी केंद्रों का हुआ कायाकल्प

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के

### खेल-खेल में शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं से लैस हुए केंद्र

40 आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट और मैरिको लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल 'निहार शांति पाठशाला फनवाला' के अंतर्गत 'सीखो, खेलो, पढ़ो' कार्यक्रम के माध्यम से इन केंद्रों का नवीनीकरण किया गया है।

इस परियोजना के तहत लखनऊ में 15, वाराणसी में 15 और बहराइच के हुजूरपुर ब्लॉक में 10 आंगनवाड़ी केंद्रों का सफल कायाकल्प किया गया है। इस पहल के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों को सुरक्षित, आकर्षक और बच्चों के अनुकूल स्थानों में तब्दील किया गया है।

बहराइच के हुजूरपुर ब्लॉक में केंद्रों का संरचनात्मक सुधार (सिविल वर्क), फ्लोरिंग, विद्युत ढांचे में सुधार और बच्चों के अनुकूल शौचालय व हैंडवाशिंग स्टेशन विकसित किए गए हैं। केंद्रों को जीवंत बनाने के लिए 'बिल्डिंग ऐज लर्निंग एड' डिजाइन का उपयोग किया गया है और बच्चों के लिए आरामदायक मैट, टेबल-कुर्सियां व बाहरी खेल उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बहराइच, निहारिका विश्वकर्मा ने इस परिवर्तन की सराहना करते हुए कहा कि एक जीवंत और बच्चों के अनुकूल स्थान न केवल बच्चों को केंद्र की ओर आकर्षित करता है, बल्कि उनकी जिज्ञासा और आत्मविश्वास को भी पोषित करता है।

उन्होंने सेसमी वर्कशॉप इंडिया और मैरिको की इस प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। वहीं, हुजूरपुर के सीडीपीओ विमल सिंह ने बताया कि भानपुर-ढ्ढ्ढ जैसे केंद्रों का नवीनीकरण सरकारी तंत्र और निजी संस्थाओं के बीच मजबूत सहयोग का उदाहरण है, जिससे उपस्थिति और बुनियादी सीखने के परिणामों में सुधार होगा। कार्यक्रम का मुख्य फोकस बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता के परिणामों को बेहतर बनाना है। इसके लिए 'स्टोरी पॉन्ड' जैसे नवाचारी शिक्षण-अधिगम सामग्री और खेल-आधारित संसाधनों को पेश किया गया है, जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आनंदमय सत्र संचालित करने में मदद करते हैं। मैरिको लिमिटेड के चीफ लीगल ऑफिसर अमित भसीन ने कहा कि सुरक्षित और आकर्षक सीखने का वातावरण तैयार करना उनके उद्देश्य का केंद्र है, ताकि हर बच्चे को बढ़ने और आगे बढ़ने का समान अवसर मिले। यह समेकित दृष्टिकोण न केवल भौतिक वातावरण को सुधारता है, बल्कि अभिभावकों को भी बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने का कार्य करता है।

# जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों को बांटी स्वास्थ्य सामग्री



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय जनजीवन कल्याण फाउंडेशन द्वारा एक सराहनीय पहल के तहत जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों के लिए स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत कुल 251 विशेष पैकेट वितरित किए गए, जिनमें सैनिटरी पैड, पौष्टिक खाद्य सामग्री और बच्चों के उपयोग हेतु जरूरी सामान शामिल था। फाउंडेशन से जुड़े गुरप्रीत सिंह तलवार ने बताया कि यह पहल उन परिवारों की मदद के लिए शुरू की गई है जो दैनिक जीवन में बुनियादी स्वच्छता और आवश्यक संसाधनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। गुरप्रीत सिंह तलवार ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि सैनिटरी पैड का वितरण महिलाओं के स्वास्थ्य और आत्मसम्मान से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। वहीं, बच्चों को जरूरी सामग्री उपलब्ध कराना उनके बेहतर भविष्य की दिशा में संस्था का एक छोटा लेकिन सार्थक कदम है। इस सेवा कार्य में ओमना श्रीवास्तव, आदित्य, गौरव, अंजलि और आशुतोष सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। संस्था के प्रबंधक ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराते हुए आमजन से अपील की कि वे भी इस सेवा अभियान का हिस्सा बनकर समाज के कमजोर वर्ग की मदद के लिए आगे आएं।

# सोलह जनपदों में नवनिर्मित ३० वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का उद्घाटन आज



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह आज यानी 4 मई को प्रदेश में गोसंरक्षण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 16 जनपदों में नवनिर्मित 30 वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन

### -पशुपालन निदेशालय से होगा केंद्रों का वर्चुअली शुभारंभ

पशुपालन निदेशालय लखनऊ से करेंगे। कार्यक्रम में पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संबंधित जनपदों के जनप्रतिनिधिगण भी वर्चुअली रूप से प्रतिभाग करेंगे।पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम मध्याह्न 12:00 बजे पशुपालन निदेशालय, बादशाह बाग, गोकरननाथ रोड, बाबूगंज, आईटी चौराहा, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं बेहतर देखभाल की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण हेतु निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे गोसंरक्षण केंद्रों की संख्या एवं उनकी सुविधाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इन नवस्थापित वृहद गोसंरक्षण केंद्रों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर गोवंश के लिए सुरक्षित आश्रय एवं समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

## सूचना

मैं रेनुवती देवी पत्नी महेश कुमार गोयल निवासनी नईबाजार नि0 रेलवे क्रासिंग तुलसीपुर बलरामपुर की हूं मेरे पुराना नाम कुछ कागजों में रेनु गोयल अंकित हो गया था परन्तु अब मुझे रेनुवती देवी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये इसी नाम से मेरा सभी कागजात है।
**सी.आर.- 225/D-35**

## सूचना

मेरे बड़े पुत्र मनोराम का चाल-चलन व आचरण ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। सालिकराम पुत्र चन्द्रिका प्रसाद, ग्रा0-लखनीपुर हरैंया, बलरामपुर।
**सी.आर.- 225/D-32**

## सूचना

मेरे दोनों पुत्र सत्यवान व बलवान व उनकी पत्नियों का चाल-चलन व आचरण ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व सम्बन्ध से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। राज कुमार पुत्र शारदा प्रसाद शुक्ला, ग्रा0-रिसालपुर, कोयलरा बलरामपुर।
**सी.आर.- 225/D-38**

# फुहारों से दोगुना हुआ फिटनेस का जोश, 'ग्रीन रन' में शान से दौड़ा लखनऊ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से रविवार को आयोजित 'ग्रीन रन'

### -एकल पुरुष व महिला प्रतिभागियों के साथ युगल ने भी लिया हिस्सा

में लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह 5:00 बजे बारिश से मौसम खुशनुमा हुआ तो फिटनेस का जोश दोगुना हो गया। ठंडी हवा के बीच भीगी सड़क पर लोग चेहरे पर मुस्कान लेकर दौड़े और ग्रीन कॉरिडोर पर हुयी यह पहली फन रेस लखनऊ के लिए यादगार बन गयी। एलडीए ने पर्यावरण संरक्षण और

**एलडीए की ओर से ग्रीन रन में प्रतिभागियों ने दिखाया जबरदस्त उत्साह**



स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'ग्रीन रन' का आयोजन किया। जिसमें ग्रीन कॉरिडोर पर झूलेलाल वाटिका से न्यू डालीगंज ब्रिज के मध्य 3.5 किलोमीटर (5,000 स्टेप) की रेस हुयी। इसमें प्रतिभाग करने के लिए सिर्फ 05 दिनों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन खोला गया था, जिसमें 1500 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराकर दौड़ में हिस्सा लिया। वहीं, बड़ी संख्या में लोग आयोजन में मौज-मस्ती के लिए जुटे। कार्यक्रम में एक तरफ लोगों ने योगा और जुंबा सेशन के माध्यम से वॉर्म-अप किया। वहीं, दूसरी तरफ फिल्मी गानों और फ्यूजन म्यूजिक पर युवा खूब थिरके।

**सत्यम और स्नेहा ने मारी बाजी**

सुबह 6:00 बजे फ्लैग ऑफ के साथ ग्रीन रन की शुरूआत की गयी। 04 श्रेणियों में हुयी इस रेस में 18 से 30 वर्ष श्रेणी में सुमित ने प्रथम, रमेश ने द्वितीय और सुनील ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 30 से 50 वर्ष श्रेणी में अजय अव्वल रहे, जबकि मयंक अवस्थी द्वितीय और राघवेन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह 50 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग में आदेश ने प्रथम, आदित्य ने द्वितीय और अजय कुमार टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा युगल श्रेणी में सत्यम-स्नेहा ने बाजी मारी, जबकि श्रेयश-स्नेहा द्वितीय और ध्रुव-चन्द्रा तृतीय स्थान पर रहे। ग्रीन रन का रोमांच कुछ ऐसा था कि किसी को हार और जीत की फिक्र नहीं थी। विजेता प्रतिभागी जीत पर खुश थे तो बाकी प्रतिभागी इस भव्य आयोजन का उत्सव मना रहे थे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व सचिव विवेक श्रीवास्तव ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, रेस में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट व मेडल प्रदान किये गये।

## सोशल मीडिया पर दिखा ट्रेंड

एलडीए की इस ग्रीन रन का सोशल मीडिया पर जबरदस्त ट्रेंड देखने को मिला। कार्यक्रम में आये युवाओं ने खूब सेल्फी ली, उमंग और उत्साह से भरे वीडियो रिकॉर्ड किये और सोशल मीडिया पर पोस्ट किये। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की सहूलियत का पूरा ध्यान रखा गया। रेस के रूट पर 04 स्थानों पर हाइड्रेशन प्वाइंट बनाये गये थे। सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल व चिकित्सकों की टीम एम्बुलेंस के साथ मौजूद रही। कार्यक्रम के कुशल प्रबंधन की भी लोगों ने जमकर सराहना की।

# मिट्टी का टीला ढहा, मां-बेटी समेत 3 लोगों की मौत





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कौशांबी में रविॉवार सुबह 7 बजे अचानक एक मिट्टी का टीला ढहने से 5 लोग दब गए। हादसे में मां-बेटी समेत 3 की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू शुरू कराया। हादसा उस समय हुआ, जब तालाब से मिट्टी निकालने का काम चल रहा था। अचानक मिट्टी का टीला भरभराकर नीचे आ गया। सभी नीचे दब गईं। मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर घायलों को बाहर निकाला। उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों की पहचान उत्तरा देवी, गीता देवी और बिट्टी के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसा मंझनपुर तहसील के चाकथामा गांव में हुआ। मंझनपुर तहसील के चाकथामा गांव में घर की पुताई के लिए करीब 5 लोग तालाब से मिट्टी खोद रहे थे। किनारे पर मिट्?टी खोदते वक्त करीब 5 फीट सुरंग बन गई। सुरंग से लोग मिट्टी निकालकर बारी-बारी से ले जा रहे थे। अचानक मिट्?टी का टीला भरभराकर गिर पड़ा। इसमें 5 लोग नीचे दब गए। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर जुट गए। पुलिस-प्रशासन को सूचना दी। सीओ सदर सीवान सिंह, मंझनपुर थाना पुलिस और नारा चौकी की टीम मौके पर पहुंची। गांव वालों के साथ मिलकर बचाव कार्य शुरू किया। पांचों को बाहर निकाला। हादसे में दो महिलाओं और एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। मृतकों में गीता देवी (45) और उनकी बेटी अंकिता (8) बेटी शामिल है। तीसरी मृतक महिला की पहचान उत्तरा देवी (50) के तौर पर हुई। उत्तरा, गाती देवी की पड़ोसी थीं। घायलों अमित कुमार (12) और जीतीया देवी (45) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका हाल जानने के लिए डीएम डॉ. अमित पाल और एसपी सत्यनारायण प्रजापत भी पहुंचे।

चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। तालाब में काम कर रही मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के परिवार में कौन-कौन? गीता के परिवार में एक भाई अमित है, जो साथ में मिट्टी खोदने गया था। एक बेटी शिवानी है, जो हादसे के समय घर पर थी। वहीं, मृतका के पति लल्लू मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। मृतका उत्तरा देवी के पति नोखे लाल गांव में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके दो बेटे- धीरेन्द्र और जितेन्द्र, दो बेटियां- आशा और रंजना हैं।

## बेटे को नीट की परीक्षा दिलाने आए पिता की ट्रेन हादसे में मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के बीकेटी थाना क्षेत्र में सीतापुर रोड स्थित इंदौराबाग पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना शाम करीब चार बजे हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान अरुण कुमार के रूप में हुई जो अपने बेटे को यशु को बीकेटी ईटीआर कॉलेज में नीट की परीक्षा दिलाने आए थे।

मृतक नवीन बस्ती बिधूना औरैया के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, मृतक रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत

## चौकी प्रभारी व दो पुलिसकर्मी निलंबित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस हिरासत में होने वाली घटनाएं कानून-व्यवस्था और जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा कर देती हैं। जब किसी व्यक्ति की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में होती है, तो मामले की गंभीरता और बढ़ जाती है। ऐसे मामलों में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई बेहद जरूरी मानी जाती है।ताकि सच्चाई सामने आ सके और लोगों का भरोसा बना रहे। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले से सामने आया ताजा मामला भी कुछ इसी प्रकार का है, जहां एक युवक की मौत के बाद प्रशासन को बड़े ही सख्त कदम उठाने पड़े। मिली जानकारी के मुताबिक, यूपी के बागपत जिले में पुलिस हिरासत में युवक की संदिग्ध मौत के बाद हड़कंप मच गया है। दोघट थाना क्षेत्र की भड़ल चौकी में पूछताछ के लिए लाए गए रोहित राणा का शव कमरे में फंदे से लटका मिला।इस घटना के बाद परिजनों ने पुलिस पर गंभीर

- **मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश रिपोर्ट आने पर होगी बड़ी कार्रवाई**
- **घटना को लेकर सख्त हुए अफसर उठाया कड़ा कदम**

आरोप लगाए हैं और इसे हत्या बताया है, जबकि पुलिस का कहना है कि युवक ने आत्महत्या की कोशिश की थी। मामले के तूल पकड़ते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। एसपी सूरज राय के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी और दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में लापरवाही सामने आने पर यह कदम उठाया गया। इसके अलावा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश भी दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है और लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल सभी की नजर जांच के नतीजों पर टिकी हुई है, जिससे इस मामले की सच्चाई सामने आ सके। पुलिस अफसर लगातार इस मामले की गहन पड़ताल में जुटे है।

## खबर एक नजर

### सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत, गोसाईगंज।** गोसाईंगंज क्षेत्र में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक ट्रक खराब होने के कारण नीचे उतर कर जांच कर रहा उसी समय एक अन्य ट्रक ने रौंद दिया। गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक कानपुर देहात स्थित अकबरपुर के कृपालपुर के रहने वाले प्रताप सिंह (43) ट्रक चालक थे । भाई लाखन सिंह ने बताया उनके भाई 5 दिन पहले ट्रक चलाने के लिए घाटमपुर कमरई से ट्रक में गिट्टी लादकर लखनऊ आए थे डिलीवरी के बाद वह रविवार तड़के 4:00 बजे घर वापस लौटते समय रास्ते में गोसाईंगंज थाने के पास ट्रक अचानक खराब हो गया वह ट्रक से उतरकर जैसे ही रोड पैदल आगे बढ़े इतने में एक तेज रफ्तार ट्रक चालक उन्हें रौंदता हुआ चला गया जिससे उनकी मौत हो गई। वही ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके ड्राइविंग लाइसेंस से मिले पते से घर वालों को घटना की सूचना दी।

### विवाहिता ने पति पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सरोजनी नगर क्षेत्र के सैनिक विहार कॉलोनी निवासी विवाहित रिंकी ने अपने पति पंकज कुमार और ससुराल पक्ष के पांच अन्य सदस्यों पर मारपीट तथा दहेज की मांग का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिंकी के अनुसार, उसका विवाह वर्ष 2019 में बाराबंकी के आवास विकास कॉलोनी निवासी पंकज कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शादी में रिंकी के पिता ने करीब 25 लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें एक चार पहिया वाहन, चार लाख रुपये नकद और घरेलू सामान शामिल था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति पंकज कुमार, सास रामगुनी, जेठ संतोष कुमार, जेठानी गीतदास और जेठ के बेटे प्रियांशु कुमार ने 10 लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि 19 अक्टूबर 2025 को पति और अन्य ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। तब से वह अपने मायके में रह रही है।

### घर के बाहर खड़ी कार में युवक ने लगाई आग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में खड़ी एक कार में आग लगाने का मामला सामने आया है। पारा थाना क्षेत्र के खुशहालगंज निवासी मनोज कुमार ने इस संबंध में सरोजनी नगर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मनोज कुमार के अनुसार, उनकी स्विफ्ट डिजायर कार को सरोजनी नगर के शांति नगर निवासी विशाल यादव चलाते थे। विशाल यादव इस वाहन को अपने घर के पास ही खड़ा करते थे। पीड़ित ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 की रात करीब 1 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने कार में आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने पर विशाल यादव के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, तब तक वाहन को काफी नुकसान हो चुका था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बिजनौर के बल सिंह खेड़ा निवासी आदित्य प्रकाश ने प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने शिवगढ़ रिसॉर्ट, मस्तीपुर निवासी आशुतोष यादव, बिजनौर के जीतू उर्फ गीतू और सुजीत चौरसिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आदित्य प्रकाश के अनुसार, वह प्लॉट खरीदने के लिए राजधानी इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय गए थे। वहां आशुतोष यादव ने खुद को कंपनी का अधिकृत प्रतिनिधि और एक राजनीतिक दल का नेता बताते हुए उन्हें बिजनौर परगना स्थित भूमि का प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि 22 अक्टूबर 2020 को आशुतोष यादव, विक्रेता जीतू उर्फ गीतू और कंपनी कर्मचारी सुजीत चौरसिया ने मिलकर आदित्य प्रकाश को 1400 वर्गफीट जमीन का बैनामा करा दिया। हालांकि, उन्हें वास्तविक कब्जा नहीं दिया गया। पीड़ित को खसरा संख्या बदलकर दूसरी भूमि पर कब्जा दिया गया, जो बाद में अवैध निकली। दो वर्ष बाद, आरोपियों ने आदित्य प्रकाश पर जमीन खाली करने का दबाव बनाया। उन्होंने पैसा वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन न तो रकम लौटाई और न ही वैध जमीन दी। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसे धमकियां भी दीं। परेशान होकर पीड़ित ने डीसीपी दक्षिणी से शिकायत की। डीसीपी दक्षिणी के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बस रुकवाकर परिचालक का बैग ले उड़े बदमाश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गुडम्बा इलाके में रोडवेज बस परिचालक को हादसे का झांसा देकर बदमाशों ने बैग पार कर दिया। बैग में नकदी, मोबाइल और टिकट काटने वाली श्वझ्रूमशीन रखी थी। पीड़ित ने गुडम्बा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बलिया जिले के भीमपुरा थाना क्षेत्र निवासी प्रेमचंद कैसरबाग डिपो में परिचालक हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 मई की रात करीब 8 बजे वह कुर्सी रोड स्थित बेहटा से रोडवेज बस लेकर टेढ़ी पुलिया की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवक बस के पास आए और चालक से कहा कि बस से दुर्घटना हो गई है। आरोप है कि युवकों की बात सुनकर चालक ने बस रोक दी। इसके बाद दोनों युवक जोर-जोर से चिल्लाने लगे और बस पर हाथ मारने लगे। परिचालक प्रेमचंद जब नीचे उतरकर दुर्घटना के बारे में पूछने लगे तो दोनों ने उन्हें बातों में उलझा लिया। इसी दौरान उनका बैग लेकर फरार हो गए। प्रेमचंद के मुताबिक बैग में 14 हजार रुपये नकद, रेडमी मोबाइल फोन, टिकट काटने वाली श्वझ्रूमशीन, वेबिल नंबर 3356447, सीडब्ल्यू नंबर 1121758 और बैग नंबर 131 रखा था। घटना के बाद पीड़ित ने गुडम्बा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# पत्नी व ससुरालीजनों की प्रताड़ना से आहत युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## पीड़ित पिता ने बहू समेत पांच ससुरालीजनों के विरुद्ध बेटे को आत्महत्या के लिये उकसाने का दर्ज कराया मुकदमा

**स्वतंत्र भारत मोहनलालगंज।** नगराम थाना क्षेत्र के अमेठियन का पुरवा गांव में पत्नी व ससुरालीजनो की आये दिन की प्रताड़ना से परेशान युवक ने बीते शनिवार की रात घर के कमरे की छत में लगे पंखे में रूपट्टे के फंदे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जानकारी होने पर परिजनो ने युवक को आनन फानन फांसी के फंदे से नीचे उतारकर निजी वाहन से इलाज के लिये गोसाईगंज सीएचसी लेकर गये।जहां पर मौजूद डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने बहू समेत पांच ससुरालीजनो पर आत्महत्या के लिये उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगराम क्षेत्र के बहरौली मजरा अमेठियन का पुरवा गांव निवासी अशोक सिंह ने बताया उन्होने अपने बड़े बेटे प्रशांत कुमार सिंह(28वर्ष) का विवाह अप्रैल2018 में बलरामपुर जनपद के गैड़ास बुजुर्ग निवासी राजकरन सिंह की बेटी ममता सिंह से किया था।शादी के कुछ दिन तक तो सब ठीक ठाक रहा लेकिन उसके बाद से बहू ममता अलग रहने की बात को लेकर आये दिन घर में कलह व लड़ाई झगड़ा करने लगी।जिसके बाद बेटे-बहू को अलग कर दिया।अलग होने के बाद भी बहू ममता व उसकी मां श्याम कुमारी व पिता राजकरन सिंह व बहन रूबी व बब्ली घर आकर बेटे प्रशांत को



प्रताड़ित करने लगी।जिसके बाद से बेटा मानसिक रूप से परेशान रहने लगा,बीते तीन दिनो से बहू ममता व बेटे के बीच झगड़ा हो रहा था,बीते शनिवार की सुबह बहू की मां व पिता व बहने घर पर आ धमकी ओर बेटे को जलील कर बुरी तरह प्रताड़ित किया जिसके बाद परेशान बेटे प्रशांत ने रात आठ बजे के करीब घर के कमरे की छत में लगे पंखे में रूपट्टे के सहारे फांसी लगा ली।परिजनो ने बेटे को फांसी के फंदे से लटकता देखा तो आनन फानन नीचे उतारकर निजी वाहन से इलाज के लिये गोसाईगंज सीएचसी लेकर गये।जहां पर मौजूद डाक्टर ने उसे मृत घोषित दिया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा।रविवार को पीएम के बाद मृतक युवक प्रशांत का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।पिता अशोक व मां कनकलता बेटे का शव देख बेसुध हो गये।परिजनो ने नम आंखो से बेटे के शव का अन्तिम संस्कार किया।

मृतक के परिवार में दो मासूम बेटे हार्दिक व यश है।पीड़ित पिता अशोक सिंह ने बहू ममता व सास-ससुर व बहनो पर बेटे को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।एसीपी विकास पांडे ने बताया पीड़ित पिता की तहरीर पर बहू समेत पांच ससुरालीजनो के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# बंद मकानों को निशाना बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी की कैसरबाग पुलिस ने बंद मकानों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और चोरी में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने करीब 15 किलोमीटर के दायरे में लगे 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद गिरोह तक पहुंच बनाई। डीसीपी पश्चिमी के निर्देशन में कैसरबाग पुलिस ने शनिवार तड़के रोजगार भवन के सामने से करन वर्मा, सुशील सोनी और मोहम्मद आजम उर्फ रानू को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी शहर में घूम-घूमकर बंद घरों की रेकी करते थे और मौका मिलते ही नकबजनी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस के मुताबिक 28 अप्रैल को मकबूलगंज निवासी निरुपमा श्रीवास्तव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके घर का कुंडा तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। इसके बाद कैसरबाग थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, स्थानीय मुखबिरों और सीसीटीवी फुटेज की मदद ली। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मोहम्मद आजम ने बंद पड़े मकान की रेकी की थी। इसके बाद तीनों ने मिलकर चोरी की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने बताया कि वे क्क32 चरु2194 नंबर की बाइक से इलाके में घूमकर बंद घरों की पहचान करते थे। पुलिस ने बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 392.65 ग्राम सोने के 38 आभूषण, 217.78 ग्राम चांदी के 19 आभूषण और 8870 रुपए नकद बरामद किए हैं।

# पुरानी रंजिश में घर पर फायरिंग, दो गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के कृष्णानगर पुलिस ने घर पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर एक महिला के घर हमला करने और कार क्षतिग्रस्त करने का आरोप है।

पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह घटना 30 अप्रैल को कृष्णानगर के सेक्टर सी-1, एलडीए कॉलोनी में हुई थी। पीड़िता रीना यादव ने 1 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मनीष यादव, जीतू यादव और उनके अन्य साथी उनके घर पहुंचे, गाली-गलौज की, उनकी क्रेटा कार को तोड़ा और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दहशत फैलाई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी दक्षिणी के निर्देश पर पुलिस की छह टीमें गठित की गईं। पुलिस ने 400-500 सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की गहनता से जांच की। इसके बाद शनिवार को जीवी लॉन मोड़ से मुख्य आरोपी मनीष यादव (30) और जीतू यादव (27), निवासी अजीतनखेड़ा, काकोरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान मनीष यादव ने बताया कि 29 अप्रैल को एक शादी समारोह में करन यादव से उनकी पुरानी रंजिश के चलते मारपीट हुई थी। इसी का बदला लेने के लिए 30 अप्रैल को वे रीना यादव के घर गए थे। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्हें भगत यादव ने दहशत फैलाने के लिए भेजा था और उनके साथ आए अन्य लोगों ने फायरिंग की थी।

# पुलिस की कथित बर्बरता का वीडियो सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश

## वायरल वीडियो व प्रकरण की सीओ को सौंपी गई जाँच




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के बिजनौर जिले से पुलिस की कथित बर्बरता का एक वीडियो सामने आने के बाद मामला और भी गरमा गया है। वायरल वीडियो मंडावली थाने की भागूवाला चौकी से जुड़ा बताया जा रहा है।जिसमें तैनात दरोगा संजय कुमार यादव पर एक युवक के साथ मारपीट करने के आरोप लगे हैं।सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे इस 12 सेकंड के वीडियो में एक युवक को पुलिसकर्मी द्वारा थप्पड़ मारते हुए देखा जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि इस दौरान युवक को लगातार कई थप्पड़ और घूंसे मारे गए, जबकि वह बिना किसी विरोध के खड़ा रहा।बताया जा रहा है कि यह मामला उस समय का है जब पुलिस टीम गांव में चोरी से जुड़े एक केस की जांच पड़ताल करने के लिए पहुंची थी। आरोप है कि एक युवक पर दुकान से सामान लेने का शक जताया गया, जिसके बाद मौके पर ही उससे पूछताछ के दौरान यह घटना हुई।वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया यूजर्स में नाराजगी देखने को मिल रही है। लोग तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं कि यदि युवक पर आरोप था तो कानून के तहत कार्रवाई के बजाय इस तरह की पिटाई क्यों की गई।इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, क्षेत्राधिकारी नगीना को पूरे प्रकरण की जांच सौंपी गई है। प्रशासन ने कहा है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।जाँच में ज़ो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होंगी।

# आमने-सामने टकराई दो बाइक, बुजुर्ग का पैर टूटा




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधनी के महिंगवां थाना क्षेत्र में रविवार सुबह कुम्हरावां-बाबागंज रोड पर गुलालपुर मोड़ के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 70 साल एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका एक पैर टूट गया और दाहिने हाथ की उंगली कट गई। घायल बुजुर्ग की पहचान लखनऊ निवासी राजबहादुर सिंह (70) के रूप में हुई है। वह अपनी सीडी डीलक्स बाइक से गुलालपुर से लखनऊ की ओर जा रहे थे। तभी कुम्हरावां की तरफ से आ रहे बाराबंकी के मनसापुरवा निवासी सौरभ अपनी होंडा साइन बाइक पर सवार होकर तेज रफ्तार और लापरवाही से सामने से आ भिड़े। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। राजबहादुर सिंह के दाहिने हाथ की एक उंगली कट गई और दाहिने पैर में गंभीर चोट के कारण फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल राजबहादुर सिंह को तुरंत लखनऊ के ताड़ीखाना स्थित हाईवे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरे बाइक सवार सौरभ को मामूली चोट आई है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# मेरठ यूनिवर्सिटी के क्लर्क ने गोली मारकर की आत्महत्या



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मेरठ में यूनिवर्सिटी क्लर्क ने तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। लाश घर के अंदर कमरे में पड़ी मिली है। लाश के पास ही तमंचा पड़ा मिला है। गोली आर-पार होकर निकल गई। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं फोरेंसिक टीमों ने भी मौके से नमूने जुटाए हैं। पूरी घटना मेडिकल थानाक्षेत्र के जाग्रित विहार सेक्टर 8 की है। पिता ने बताया- बेटे की पत्नी लगभग 6 महीने पहले अपने किसी प्रेमी के साथ घर से भागकर चली गई। तभी से वो किसी दूसरे आदमी के साथ लिवइन में रहती है। आरोप लगाया कि बहू की इन्हीं हरकतों और डिप्रेशन के कारण बेटे ने ये आत्मघाती कदम उठाया हो। मेडिकल थाना क्षेत्र के जाग्रित विहार सेक्टर 8 में चंदनप्रकाश अपनी पत्नी और क्लर्क बेटे नीरज कुमार रहते है। यहां नीरज अपनी मम्मी, पापा के साथ देवेंद्र के किराए के मकान में तीसरी मंजिल पर पिछले एक महीने से रह रहा था। मृतक नीरज के पिता चंदन प्रकाश ने बातचीत में बताया कि बेटा नीरज पहले न्यूटिमा अस्पताल गढ़ रोड में प्राइवेट जॉब करता था। पिछले लगभग एक साल से गजरौला में यूनिवर्सिटी में जॉब कर रहा था। बताया कि हमलोग यहां देवेंद्र के मकान में किराए पर रहते थे। अब हमने सेक्टर तीन में अपना मकान ले लिया था। इसी मकान में हम किराए के घर से सामान की शिफ्टिंग कर रहे हैं। मकान का सारा सामान जा चुका था, केवल पंखे बचे थे जो किराए के घर से निकलकर हमारे अपने घर में जाने थे। पड़ोसियों ने बताया कि घर में खून बिखरा है शाम लगभग 8 से 8.30 बजे के करीब हमारे पास पड़ोसियों से सूचना आई कि हमारे किराए के मकान में फर्श पर खून बिखरा है, सीढ़ियों तक खून बहकर आ रहा है। हम घबरा गए।

घबराकर हम पति, पत्नी दोनों तुरंत यहां अपने मकान पर पहुंचे तो देखा कि कमरे में अंदर हमारा बेटा नीरज फर्श पर पड़ा है। वो पूरी तरह खून से लथपथ था। उसके पास ही तमंचा पड़ा था। मौके पर पुलिस थी जो सब जांच कर रही थी। 2013 में नीरज की शादी परतापुर मेरठ निवासी ममता से की थी। दोनों के दो बच्चे भी हैं। पिछले कुछ समय से दोनों में विवाद चल रहा था। पति, पत्नी का झगड़ा इतना बढ़ चुका था कि मेरा बेटा उसी तनाव में रहने लगा था। वहीं पूरे मामले में सीओ सिविल लाइन शुचिता सिंह का कहना है कि थाना पुलिस को एक व्यक्ति द्वारा सुसाइड करने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# सिगरेट की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

■ कब्जे से 38 लाख की सिगरेट बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 38.40 लाख रुपए कीमत की सिगरेट बरामद की है। यह खेप पार्सल से स्मगलिंग कर नई दिल्ली से लखनऊ लाई गई थी। याहियागंज बाजार में इसे ठिकाने लगाने की तैयारी थी। आरपीएफ क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत कार्रवाई की गई। टीम ने गाड़ी नंबर 12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस से आए लीज पार्सल की जांच की। इसमें 560.2 किलोग्राम वजन की 3.84 लाख सिगरेट बरामद हुई। जांच में पता चला कि पार्सल में गलत सामान दिखाकर खेप मंगाई गई थी, क्योंकि सिगरेट ट्रेन में लाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। जांच में सामने आया कि पार्सल बुकिंग के दौरान सिगरेट की जगह फोन कवर, जींस और प्लास्टिक सामान दर्ज कराया गया था, ताकि जांच से बचा जा सके। उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने पार्सल गेट के बाहर आसिफ खान निवासी हुसैनगंज, कैसरबाग को 16 पार्सल पैकेट ले जाते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि माल अनुज महेश्वरी का है, लेकिन वह किसी भी तरह का वैध लाइसेंस, परमिट या प्राधिकार पत्र नहीं दिखा सका। आरपीएफ ने दोनों ब्रांड की एक-एक डिब्बी नमूने के रूप में अलग कर बाकी माल सील कर जब्त कर लिया है। मामले में रेल अधिनियम की धारा 163 के तहत केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में अपराध आसूचना शाखा और आरपीएफ लखनऊ जंक्शन की टीम शामिल रही। अधिकारियों का कहना है कि पार्सल के जरिए अवैध सामान की तस्करी रोकने के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान मौके पर टीम में हेड कांस्टेबल महेंद्र नाथ, कांस्टेबल हेमंत कुमार और अविनाश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में टेलीग्राम के जरिये करता था ठगी

## यूपी की एसटीएफ ने मुजफ्फरपुर बिहार से किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ ) ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यूपी पुलिस उपनिरीक्षक की परीक्षा में टेलीग्राम के माध्यम से ठगी करने वाले मामले में दर्ज मुकदमे के आरोपी अमन कुमार को जनपद मुजफ्फरपुर बिहार के ग्राम ग्राम बालू घाट से गिरफ्तार किया है । पकड़ा गया आरोपी अमन कुमार निवासी ग्राम बालूघाट जंगली माई स्थान पोस्ट कम्पनी बाग थाना सिकंदरपुर जनपद मुजफ्फरपुर बिहार का है।उसके पास से मोबाइल फोन बरामद हुआ है। बीती 14/15 मार्च को प्रदेश के विभिन्न जिलों में यूपी पुलिस उपनिरीक्षक की लिखित परीक्षा आयोजित हुयी थी।इस परीक्षा में टेलीग्राम चैनल के जरिये ठगी करने को लेकर राजधानी के थाना हुसैनगंज पर मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें आरोपी वांछित चल रहा था। यूपी एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक सुधांशु शेखर नें बताया कि पकड़ा गया आरोपी अमन कुमार का साथी सूर्याश इसके साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से पूर्व टेलीग्राम चैनल यूपीएसआई एग्जाम पेपर के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के फर्जी प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर ठगी का कार्य करते है। इनके द्वारा ठगी के पैसे प्राप्त करने हेतु अमन के बैंक खाते का इस्तेमाल किया जाता था। इन लोगों द्वारा अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं का प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर लोगों से ठगी की जा चुकी है। पकड़े गये आरोपी को राजधानी के थाना हुसैनगंज में दर्ज मुकदमे में दाखिल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### होमगार्ड परीक्षा में भी ठगी करने वाले को यूपी एसटीएफ ने दबोचा

**लखनऊ।** स्पेशल टास्क फोर्स यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यूपी होमगार्ड की परीक्षा में टेलीग्राम के माध्यम से ठगी करने वाले मामले में निखिल ठाकुर को मुजफ्फरपुर बिहार के जाजूकर पूर्वी पुस्तकालय से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया निखिल ठाकुर निवासी ग्रास व पोस्ट यजुयार वेस्ट, थाना जजुआर जनपद मुजफूफरपुर बिहार।इसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए है। बतादे कि यूपी के विभिन्न जिलों में बीती 25/26/27 अप्रैल को यूपी होमगार्ड की आयोजित हुई लिखित परीक्षा में टेलीग्राम के जरिये ठगी करने के मामले में राजधानी के थाना हुसैनगंज पर दर्ज हुए मुकदमे के आरोपी निखिल ठाकुर की गिरफ्तारी को लेकर एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक सुधांशु शेखर नें बताया कि पकड़ा गया निखिल ठाकुर के साथी सिद्धार्थ मिश्रा योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से पूर्व टेलीग्राम चैनल के जरिये लोगों को झांसा देकर ठगी का कार्य करते है। यह लोग यूपीआई आईडी व बार कोड जारी कर लोगों को झांसा देकर पैसा लेते है। यह क्यूआर कोड इसके साथी सिद्धार्थ द्वारा जारी किया गया था और सिद्धार्थ नें दिये गये वर्चुअल नम्बर से चैनल बनाया था। जिसके जरिये उसने ठगी के काम को अंजाम दिया था।पकड़े गये आरोपी को राजधानी के थाना हुसैनगंज पर दर्ज मुकदमे में दाखिल किया गया।

# आगरा एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आगरा एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट के पास देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना पारा थाना क्षेत्र में हुई, जहां काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम भलिया निवासी युवक रोहित गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, काकोरी थाना क्षेत्र के भलिया गांव निवासी रोहित गौतम (22) पुत्र हनुमान पेशे से मोटरसाइकिल मैकेनिक थे। पारा क्षेत्र में कार्य करते थे। शनिवार रात करीब 11 बजे वह अपनी बाइक (क्क32 तक्ष्श 0895) से काम खत्म कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह आगरा एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से हुई नोकझोंक हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन कर पुलिस से नोकझोंक की। सूचना पर पहुंची पारा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए गए हैं। घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। रोहित सात भाइयों में शामिल थे। उनके बड़े भाई जितेंद्र (35), सोनू (30), मनोज (28), मोनू (26), नीतू (20) और मोहित (18) सहित दो बहनें अर्चना (22) और कुसुम (20) का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में इस दर्दनाक हादसे के बाद शोक की लहर दौड़ गई है।

# घर के अन्दर फांसी के फंदे से लटकती मिली लाश



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ ।** फतनपुर थाना के नाथ का पूरा मसौली निवासी श्रीराम यादव का 21 वर्षीय पुत्र ईश्वर चंद्र यादव उर्फ मनोज माही अपनी मां को रिश्तेदार के बारात मे छोड़कर घर वापस आया।माही का शव घर के अन्दर फांसी के फंदे से लटक रहा था।उसकी मां जब घर वापस आई,तो फांसी के फंदे पर शव को लटकता देख सन्न रह गई और दहाड़े मारकर रोने चीखने लगी।चीख पुकार सुनकर लोग दौड़े और शव को फंदे से नीचे उतारा।शव से लिपट कर मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे मे ले लिया।फील्ड यूनिट के साक्ष्य संकलन उपरांत शव को पीएम के लिए भेज दिया।परिजनों का आरोप है कि एक हफ्ते पहले बिजली के तार खींचने को लेकर पड़ोसी से विवाद हुआ था,वही लोग हमारे बेटे की हत्या कर सकते है।घर के बाहर शर्ट का बटन टूटा मिला,शरीर पर केवल बनियान पहने हुए था।मृतक बाहर रहकर गाड़ी चलाता था।मृतक भाई बहन से छोटा था।श्रीराम की माली हालत ठीक न होने के कारण बाहर रहकर प्राइवेट गाड़ी चलाता था।अभी कुछ दिन पहले दिल्ली से घर आया था।एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व शांति व भारत के विकास की कामना की

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** वैश्विक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर ने मंगलवार को काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन कर विश्व शांति और भारत के तीव्र विकास के लिए प्रार्थना की।

पूर्वाह्न में मंदिर पहुंचकर उन्होंने करीब आधा घंटा गर्भगृह में बिताया और विधिवत पूजा-अर्चना की। दर्शन के बाद बाहर मौजूद श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए उन्होंने कहा कि ÷बाबा के आशीर्वाद से विश्व में शांति बनी रहे और भारत निरंतर प्रगति करता रहे।÷


इसके बाद रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य सत्संग कार्यक्रम में दो हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। भक्ति संगीत, ध्यान और ज्ञान से ओतप्रोत इस आयोजन में उपस्थित जनसमूह ने आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया।गुरुदेव ने लोगों को नियमित ध्यान, जप और सत्संग से जुड़ने की प्रेरणा देते हुए ' नमः शिवाय' और 'गुरु के जप का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 10 :15 मिनट ध्यान करने से वातावरण में सकारात्मकता बढ़ती है और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता हैइस दौरान उन्होंने विशालाक्षी मंदिर में भी दर्शन किए, जो उनके लिए विशेष भावनात्मक महत्व रखता है। सांध्यकालीन कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने कालभैरव मंदिर, गंगेश्वर महादेव मंदिर और ललिता घाट पर भी पूजा-अर्चना कर काशी की आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।गुरुदेव के इस दौरे से काशी का आध्यात्मिक माहौल और अधिक ऊर्जा व सकारात्मकता से भर गया।




# सर्विलांस सेल ने गुमशुदा 55 मोबाइल बरामद किये

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु लगातार तकनीकी संसाधनों का प्रयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी एवं आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 'पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' के द्वारा सर्विलांस सेल को विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था।उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में 'अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह' के नेतृत्व तथा 'क्षेत्राधिकारी क्राइम श्री भरत पासवान' के कुशल पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल को बरामद करके उसके स्वामियों को प्रदान किए जाने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम द्वारा अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों, मोबाइल प्डम्प् ट्रैकिंग, लोकेशन एवं नेटवर्क डेटा का विश्लेषण करते हुए विभिन्न थानों से प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी के प्रकरणों पर कार्य किया गया।सर्विलांस टीम के अथक एवं सराहनीय प्रयासों के फ्लस्वरूप 'कुल 55 गुमशुदा मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख 43 हज़ार रुपये है', सफ्लतापूर्वक बरामद किए गए। इन मोबाइल फोन को आज दिनांक 03.05.2026 को पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान 55 मोबाइल फोन संबंधित को विधिवत सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर 'अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह' ने कहा कि जनपद पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तकनीक का अधिकतम उपयोग कर रही है। सर्विलांस सेल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी, साइबर अपराधों पर नियंत्रण तथा अपराधियों की लोकेशन ट्रैकिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगातार सफ्लता प्राप्त हो रही है।

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों को सौंपी आर्थिक मदद



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** सपा मुखिया व पूर्व सीएम अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पीडीए पीड़ितों की आर्थिक मदद क्रम मे सपा प्रतिनिधिमंडल रविवार को कुंडा विधानसभा अंतर्गत मानिकपुर थाना के ककरहा गांव मे शंभू लाल सोनकर परिवार की बेटी की हत्या हो जाने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो लाख की आर्थिक मदद दी गई।इसी तरह बाबागंज विधानसभा अंतर्गत संग्रामगढ़ थाना के खनवारी मे बीते माह राम नरेश पटेल की दो छोटी बेटी व अनिल पटेल की एक बेटी नहर मे नहाते समय डूबने से मौत हो गई थी।उस समय कौशाम्बी सांसद पुष्पेंद्र सरोज पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बात पहुंचाने व मदद का आश्वासन दिया था,उसी क्रम मे रविवार को सपा प्रतिनिधिमंडल खनवारी गांव पहुंचा और पीड़ित परिवार को 50-50 हजार की आर्थिक मदद सौंपी।सपा प्रतिनिधि मंडल मे कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज,रानीगंज विधानसभा विधायक डॉ आरके वर्मा व जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी को प्रशासनिक पहाड़ किसी तरह पार करके पीड़ित परिवार से मिलकर आर्थिक मदद सौंपी है।इस दौरान कुंडा विधानसभा अध्यक्ष विजय पाल,बाबागंज विधानसभा अध्यक्ष अधिवक्ता विनीत यादव रामजी अवध काका सब्बू कमलेश मौर्य अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## श्रमिक दिवस पर श्रमिक आरोग्य मेले का आयोजन

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** ब्लॉक रामपुर संग्रामगढ़ अंतर्गत सीएचसी संग्रामगढ़ के ग्राम पंचायत महमदपुर चारपुरा के ग्राम प्रधान आशीष सिंह के सहयोग से शनिवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिक आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीणों समेत विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन के श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण व निशुल्क दवाएं दी गई। मेले मे दांत आंत आंख हड्डी स्त्री रोग बाल रोग व अन्य रोग के रोगियों का उपचार किया गया।इस अवसर पर स्वास्थ्य टीम मे आयुष चिकित्सक डॉ नलेश त्रिपाठी डॉ संजय रावत फार्मासिस्ट ओपी त्रिपाठी स्टॉप नर्स शिप्रा अग्रहरि दंत चिकित्सक वेद प्रकाश मायापति पांडेय बीपीएम परमात्मा प्रसाद तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर सशक्तिकरण का दिया संदेश

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति फेजद्5 (द्वितीय चरण)' के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह' के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारीगणों के पर्यवेक्षण में जनपद श्रावस्ती के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों एवं शक्ति मोबाइल टीम द्वारा ÷बहू-बेटी सम्मेलन÷ का व्यापक एवं प्रभावी आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद के '07 विभिन्न स्थानों पर 750 से अधिक' महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उन्हें एक मंच पर जोड़कर सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, संवैधानिक अधिकारों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार कर उन्हें सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना रहा।जनपद के 'थाना कोतवाली भिनगा, मल्हीपुर, सोनवा, हरदत्तनगर गिरंट एवं गिलौला, महिला थाना, गिलौला, सिरसिया, नवीन मॉडर्न पुलिस थाना' द्वारा आयोजित इन सम्मेलनों में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, गृहिणियां, विधवा एवं तलाकशुदा महिलाएं तथा किशोरियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष' सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया।

## सड़क दुर्घटना कार्यशाला का आयोजन

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' के निर्देशन में पुलिस ऑफ्सि सभागार कक्ष में ए.ंाक् ( प्दजमहतंजमक त्वंक ।बबपकमदज क्ंजंइेम) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद के समस्त थानों के कंप्यूटर ऑपरेटर, विवेचक एवं यातायात पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों द्वारा ए.ंाक् पोर्टल पर सड़क दुर्घटनाओं की रियल टाइम एंट्री, कारणों का विश्लेषण एवं ब्लैक स्पॉट चिन्हीकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ए.ंाक् प्रणाली से दुर्घटनाओं के सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे, जिससे दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्रभावी रोकथाम की योजना बनाई जा सकेगी। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना की सूचना तत्काल ए.ंाक् पोर्टल पर दर्ज की जाए।

## बकुलाही नदी पर पुल की दी सौगात

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** बाबागंज विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक बाबागंज के रायकाशीपुर मे शनिवार को विधायक विनोद सरोज ने 1 करोड़ 74 लाख से बनने वाले बकुलाही नदी पर पुल का शिलान्यास किया है।यह पुल रायकाशीपुर से मुरैनी व रमऊ की सराय के बीच निर्माण होगा।बकुलाही नदी पर पुल बनने के बाद दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को नदी पार करने मे आसानी होगी, इसके पहले ग्रामीणों को काफी घूमकर जाना पड़ता था और 90 के दशक में लोग कपड़ा उतारकर नदी पार करते थे।प्रधान संरक्षक राजेंद्र सिंह के अथक प्रयासों के बाद उक्त पुल स्वीकृत हुआ है।ग्रामीणों की लम्बे समय से बकुलाही नदी पर पुल की मांग रही है,जो शनिवार को विधायक विनोद सरोज ने शिलान्यास करके पूर्ण कर दिया।विनोद सरोज ने बताया कि पुल के बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा के साथ विकास को नई गति मिलेगी।

# घर को खंगालने वाले पांच को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** लालगंज कोतवाली के छेमी निवासिनी वादिनी 12 अप्रैल को घर मे ताला लगाकर प्रयागराज गई, वादिनी को 15 अप्रैल को घर मे चोरी होने की सूचना पर वापसी लौटी और देखा कि अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजा व आलमारी का ताला तोड़कर गहने व बर्तन, टीवी गैस चूल्हा आदि चोरी कर ले गए।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया।एसआई बनवारी लाल पाल व मिथिलेश चौरसिया महिला दारोगा दीपिका सिंह आदि ने मुखबिर खास की सूचना पर भदारी कला जंगल से थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से संबंधित आरोपी सौरभ मिश्रा पुत्र रविन्द्र मिश्रा निवासी धोनू का पुरवा थाना महेशगंज,शुभम मिश्रा पुत्र बृजेश मिश्रा ग्राम मधुपुर मजरा मुंगरा बादशाहपुर थाना मुंगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर,अमरजीत प्रजापति पुत्र कामता प्रसाद निवासी लोही थाना चरवा कौशांबी,आशीष केसरवानी पुत्र चन्द्र शेखर निवासी 303/01 नया पुरवा करेली थाना करेली प्रयागराज,खुशी उर्फ अंशिका मिश्रा पुत्री राजनारायण मिश्रा निवासी खैरा पूरे छेमी थाना लालगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी के सामान मे एक इंडक्शन चूल्हा एक आईफोन (चोरी के पैसों से खरीदा हुआ) एक मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट की (चोरी के पैसों से खरीदी हुई) व 10.13 ग्राम सोना (चोरी के गहनों को गलवा कर सोने की बिस्किट में तब्दील की हुई) बरामद कर मुकदमा उपरोक्त मे सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जिला कारागार मे नियमित व्यवस्थाओं के लिए भेज दिया है।पुलिस ने गहन छानबीन कर चोरी करने वाले व चोरी का माल खरीदने वाले से लेकर रेकी करने वालों तक को दबोचा है।



## डेढ़ दर्जन गाड़ियों का किया ई-चालान

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के दिए गए आदेशों के क्रम में तथा एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के निर्देशन में यातायात उप निरीक्षक नानपारा रवि यादव तथा हमराही आरक्षी रामपाल के द्वारा लगभग दर्जनों दो पहिया चार पहिया वाहनों का चालान किया गया। आपको बताते चले की नंबर प्लेट छुपा कर चलने वाले एक दो पहिया वाहन सीज करते हुए कई वाहनों का चालान करते हुए साठ हजार रुपए का चालान का किया गया तथा दो पहिया वाहनों का भी मानक के अनुसार चालान किया गया। इस दौरान चालकों के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन नंबर बीमा तथा अन्य दस्तावेज भी खंगाले गए। वर्ष 2026 के प्रारंभ कल से ही अप्रैल 2026 तक निरंतर नानपारा के क्षेत्रों में दुर्घटनाओं का सिलसिला निरंतर जारी है इसी को देखते हुए कहीं ना कहीं चालकों की लापरवाही सामने आ रही है।

# साइबर थाने के सामने धू-धू कर जली कार, बाल-बाल बचे लोग



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** कोतवाली देहात इलाके में शनिवार दोपहर उस वक्त बड़ा हादसा टल गया, जब साइबर थाने के ठीक सामने खड़ी एक कार में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कार में सवार लोग समय रहते बाहर निकल आए, जिससे किसी की जान नहीं गई। सूचना पर पहुँची पुलिस के सामने ही कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। शुरुआती जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# अंधकार कितना भी गहरा हो धर्म का सूर्य फिर से उदित होगा : स्वामी मुक्तिनाथानंद

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** रामकृष्णवचनामृत पर अपने रविवारीय साप्ताहिक प्रवचन में स्वामी मुक्तिनाथानंद ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु ने अब तक नौ अवतार लिए हैं और दसवाँ अवतार कल्कि अभी होना शेष है। कल्कि को युगावतार, अंतिम अवतार और धर्म-संस्थापक कहा गया है। भागवत पुराण, विष्णु पुराण और कल्कि पुराण में इनके अवतरण का विस्तृत वर्णन मिलता है। यह अवतार केवल कथा नहीं, बल्कि कलियुग के अंत और सत्ययुग के आरंभ का आध्यात्मिक आश्वासन है।

स्वामी मुक्तिनाथानंद ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं–यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। जब-जब धर्म का ह्रास और अधर्म का उत्थान होता है, तब-तब भगवान अवतार लेते हैं। कलियुग की विशेषता है–असत्य, हिंसा, लोभ, कपट और स्वार्थ का बोलबाला। पुराणों के अनुसार कलियुग के अंतिम चरण में राजा प्रजा का शोषण



करेंगे, धर्म केवल नाम का रह जाएगा, मनुष्य की आयु, स्मृति और शक्ति क्षीण हो जाएगी। चारों ओर अराजकता, भ्रष्टाचार और पाप का साम्राज्य होगा। तब मानवता को बचाने और धर्म को पुनः स्थापित करने के लिए भगवान विष्णु कल्कि रूप में प्रकट होंगे। स्वामी ने व्याख्यान में कहा कि कल्कि पुराण के अनुसार कलियुग के अंत में, जब पृथ्वी पर पाप अपने चरम पर होगा, तब संभल नामक ग्राम में विष्णुयश नामक ब्राह्मण के घर कल्कि का जन्म होगा। उनकी माता का नाम सुमति होगा। वे देवदत्त नामक श्वेत अश्व पर आरूढ़ होकर, हाथ में चमकती तलवार लेकर अधर्म का नाश करेंगे। उनका विवाह पद्मा से होगा, जो लक्ष्मी का अवतार होंगी। यह समय आज से लगभग 4,27,000 वर्ष बाद बताया गया है, क्योंकि कलियुग की कुल आयु 4,32,000 वर्ष है और अभी केवल 5,000 वर्ष ही बीते हैं।कल्कि को निष्कलंक अवतार कहा गया है–जिसमें कोई कलंक, कोई दोष नहीं होगा। वे राजा नहीं, धर्म-रक्षक योद्धा होंगे। पुराणों के अनुसार वे म्लेच्छों, दुराचारियों और अधर्मियों का संहार करेंगे। उनके पास आठ ऐश्वर्य और आठ सिद्धियाँ होंगी। वे केवल हिंसा से नहीं, बल्कि ज्ञान और धर्म के प्रकाश से भी अज्ञान का नाश करेंगे। उनके नेतृत्व में सत्य, तप, पवित्रता और दया फिर से प्रतिष्ठित होगी। उनके बाद सत्ययुग का प्रारंभ होगा, जहाँ लोग पुनः धर्म, वेद और ईश्वर में श्रद्धा रखेंगे।

स्वामी मुक्तिनाथानंद जी ने कहा कि कल्कि अवतार का आध्यात्मिक संदेश यह है कि कल्कि अवतार केवल भविष्य की घटना नहीं, वर्तमान के लिए चेतावनी भी है। जब हमारे भीतर क्रोध, लोभ, अहंकार रूपी अधर्मी प्रबल हो जाएँ, तब हमें अपने हृदय में कल्कि को जगाना होता है। विवेक की तलवार से हमें अपने दुर्गुणों का नाश करना है। बाहरी कल्कि की प्रतीक्षा के साथ-साथ भीतरी कल्कि को जगाना ही सच्ची साधना है। तुलसीदास जी कहते हैं–कलि केवल मल मूल मलीना। कलियुग में केवल हरिनाम ही आधार है। स्वामी ने कहा कि कल्कि अवतार निराशा नहीं, आशा का प्रतीक है। वह बताता है कि चाहे अंधकार कितना भी गहरा हो, धर्म का सूर्य फिर उदित होगा। जब तक समाज में एक भी व्यक्ति सत्य और धर्म पर अडिग है, तब तक कल्कि की शक्ति कार्य कर रही है। हमें अधर्म से लड़ना है, पर घृणा से नहीं–धर्म और प्रेम से। कल्कि का वास्तविक इंतजार है–खुद को इतना शुद्ध बनाना कि जब वे आएँ, तो हम उनकी सेना में खड़े होने योग्य हों। तब तक हरे राम हरे कृष्ण ही कलियुग का सबसे बड़ा शस्त्र है।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदेशभर में आप का प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर बढ़ते असंतोष के बीच आम आदमी पार्टी ने शनिवार को प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर ललितपुर, गाजियाबाद, बहराइच, बागपत, जालौन, मुजफ्फरनगर, चंदौली, वाराणसी, आगरा, बदायूं, मैनपुरी, मेरठ, कानपुर, मुरादाबाद और सहारनपुर समेत कई जिलों में जिला विद्युत उपकेंद्रों पर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ आवाज बुलंद की।राजधानी लखनऊ में अशोक मार्ग स्थित शक्ति भवन पर अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल की मौजूदगी में और जिलाध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया।

प्रदर्शन के दौरान राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए स्मार्ट मीटर व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग की गई।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विनय पटेल ने कहा कि प्रदेश में लागू की गई स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह विफल साबित हो रही है और यह अब उपभोक्ताओं के आर्थिक शोषण का माध्यम बन गई है।

उनका आरोप था कि प्रीपेड मीटर में बैलेंस खत्म होते ही बिजली तुरंत काट दी जाती है, जबकि रिचार्ज के बाद भी घंटों बिजली बहाल नहीं होती। उन्होंने इसे तकनीकी विफलता के साथ-साथ नीतिगत खामी बताया।विनय पटेल ने दावा किया कि प्रदेश में अब तक 78 से 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या प्रीपेड मीटर की है। उनके अनुसार, लाखों उपभोक्ता गलत बिलिंग, तेजी से बैलेंस खत्म होने और अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशान हैं।

कई मामलों में बिजली बिल में कई गुना तक वृद्धि देखने को मिल रही है, जिससे आम उपभोक्ता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।जिलाध्यक्ष इरम रिजवी ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि नलकूपों पर लगाए जा रहे 4त्र स्मार्ट मीटर नेटवर्क की दिक्कतों के कारण ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, जबकि बिल लगातार बढ़ रहे हैं। इससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और उनमें भारी आक्रोश है। आम आदमी पार्टी ने अपने ज्ञापन में स्मार्ट मीटर परियोजना की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी अधिकारियों और संबंधित कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई करने, उपभोक्ताओं को मुआवजा देने और शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत करने की मांग की है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर विरोध जारी रहेगा।इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने स्मार्ट मीटर व्यवस्था के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

## यूपी पावर कॉरपोरेशन में अवर अभियंताओं को सहायक अभियंता पद पर प्रोन्नति

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने विभाग में कार्यरत अवर अभियंताओं को सहायक अभियंता पद पर पदोन्नत करने संबंधी महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार चयनित अभियंताओं को उनके वर्तमान पद से प्रोन्नत कर सहायक अभियंता के पद पर तैनात किया गया है, साथ ही उन्हें नए तैनाती स्थल पर शीघ्र कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यह पदोन्नति पूर्व में जारी शासनादेशों और नियमों के अनुरूप की गई है। प्रोन्नत अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी जॉइनिंग ई-एमएपी प्रणाली के माध्यम से ही सुनिश्चित करें और कार्यभार ग्रहण करने में अनावश्यक विलंब न करें। साथ ही संबंधित नियंत्रक अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक या सतर्कता संबंधी मामला लंबित न हो, अन्यथा पदोन्नति स्वतः निरस्त मानी जाएगी। कारपोरेशन ने यह भी कहा है कि प्रोन्नत अभियंताओं को कार्यमुक्त करने से पहले उनकी वार्षिक गोपनीय आख्या (एसीआर) का अंकन एवं स्वांकन पूर्ण होना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, सभी संबंधित अधिकारियों को सेवा पुस्तिका और अन्य अभिलेखों को अद्यतन कर लेखा विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास संस्थान, सरोजनीनगर, लखनऊ द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना अनिवार्य होगा, जिसके लिए अलग से दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।यूपीपीसीएल ने संबंधित वितरण कंपनियों–मध्यांचल, पश्चिमांचल, पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम–को भी निर्देशित किया है कि वे इन आदेशों का तत्काल प्रभाव से अनुपालन सुनिश्चित करें और प्रोन्नत अधिकारियों की तैनाती एवं कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।इस निर्णय से विभागीय कार्यक्षमता में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है, वहीं अभियंताओं के बीच भी पदोन्नति को लेकर उत्साह का माहौल है।

### नए तैनाती स्थलों पर शीघ्र ज्वाइनिंग के निर्देश

## जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए प्रशासन की अपील

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रस्तावित जनगणना-2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर सहयोग की अपील की है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं आवास गणना 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। यह कार्य प्रगणकों के माध्यम से घर-घर जाकर किया जाएगा, जो भविष्य की योजनाओं और विकास की आधारशिला साबित होगा। प्रशासन ने बताया कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसमें ग्राम पंचायतों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोगों को जागरूक करने के लिए ग्राम सभाओं, मुनादी और अन्य माध्यमों का उपयोग करने पर बल दिया गया है। साथ ही नागरिकों को स्व-गणना के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जानकारी भरने की सुविधा भी दी गई है, जो 7 मई से 21 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रगणकों को स्थानीय स्तर पर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि कोई भी परिवार गणना से वंचित न रहे। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे सही और सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। एकत्रित सभी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम पंचायत कोहड़ा,विकासखंडड्ड करंजाकला में एक जन जागरूकता बैठक किया गया जिसमें ग्राम पंचायत प्रधान चमेला, सचिव संजीव कुमार मौर्य,प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार,विजय पाल,राहुल यादव एवं सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### स्व-गणना और जनजागरूकता पर जोर, ग्राम स्तर पर सहयोग जरूरी



## बड़े मंगल के भंडारों पर गैस किल्लत का साया व्यापार मंडल ने की विशेष कोटे की मांग

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आस्था के महापर्व 'बड़े मंगल' की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, लेकिन इस बार भंडारा आयोजकों के सामने गैस सिलेंडरों की कमी ने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। शहर के विभिन्न व्यापार मंडलों और आयोजन समितियों ने गैस की भारी किल्लत को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। आयोजकों का कहना है कि तैयारियों के बावजूद सिलेंडर न मिल पाने के कारण भंडारों के आयोजन पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस संबंध में व्यापारिक संगठनों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और शादियों के सीजन की तर्ज पर भंडारों के लिए विशेष कोटा निर्धारित करने की मांग की है। भूतनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने प्रशासन का ध्यान इस ओर खींचते हुए कहा कि ज्येष्ठ मास के प्रत्येक मंगलवार को लखनऊ के कोने-कोने में विशाल भंडारे आयोजित किए जाते हैं, जहाँ हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि जिस प्रकार विवाह समारोहों के लिए विशेष व्यवस्था के तहत सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है, ठीक उसी तरह बड़े मंगल के धार्मिक अनुष्ठानों के लिए भी गैस एजेंसियों को विशेष निर्देश दिए जाने चाहिए। वहीं, नजीराबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि आगामी पांच मई को होने वाले बड़े स्तर के भंडारे के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, लेकिन सिलेंडर की बुकिंग न हो पाने के कारण आयोजक बेहद परेशान हैं। व्यापारियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि वह गैस एजेंसियों को प्राथमिकता के आधार पर भंडारा आयोजकों को सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश जारी करे। आयोजकों का सुझाव है कि धार्मिक आयोजनों की संवेदनशीलता और महत्ता को देखते हुए प्रशासन को एक स्पष्ट गाइडलाइन जारी करनी चाहिए, ताकि सुचारू रूप से गैस आपूर्ति हो सके। शहर में ज्येष्ठ माह के दौरान सैकड़ों की संख्या में लगने वाले इन भंडारों के लिए समय रहते व्यवस्था न होने पर श्रद्धालुओं को मिलने वाले प्रसाद के वितरण में बड़ी अड़चन आ सकती है। अब सभी की नजरें जिला प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं कि वह इस धार्मिक आस्था के पर्व को निर्बाध बनाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है।

## पुलिस चौकी के सामने आदेशों की उड़ रही धज्जियां, लेबर मंडी के जाम में फंसा कारोबार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** सरोजनीनगर के हाइडिल तिराहे पर लगने वाली लेबर मंडी स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। आलम यह है कि हाइडिल पुलिस चौकी के ठीक सामने और सरोजनीनगर थाने से चंद कदमों की दूरी पर लगने वाली इस मंडी के कारण क्षेत्र का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दुकानों के ठीक सामने मजदूरों और ठेकेदारों के वाहनों का जमावड़ा लगा रहने से ग्राहकों को अंदर आने की जगह नहीं मिलती, जिससे व्यापारियों को लंबे समय से आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा मंडी शिफ्ट करने के आदेश तो जारी किए गए, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

क्षेत्रीय निवासियों और दुकानदारों के मुताबिक, रोजाना सुबह सात बजे से ही मजदूरों का हुजूम जुटना शुरू हो जाता है, जो सुबह 11 बजे तक बना रहता है। इस दौरान गौरी नहर की ओर से आने वाले वाहनों और सड़क पर खड़े मजदूरों के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। स्कूल और ऑफिस जाने के समय यहां स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिससे घंटों लंबा जाम लगा रहता है।

# अयोध्या रोड पर आधी रात चला बुलडोजर : कमता तिराहे पर अवैध रैंप और अतिक्रमण ध्वस्त

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** पॉलीटेक्निक से चिनहट के बीच आए दिन लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। देर रात यातायात पुलिस और लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की संयुक्त टीम ने अयोध्या रोड पर बड़ा अभियान चलाते हुए कमता तिराहे के आसपास सड़क घेरे हुए अवैध अतिक्रमण और पक्के रैंपों को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया।

### ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है

इस कार्रवाई से सड़क का एक बड़ा हिस्सा खाली हो गया है, जिससे अब वाहनों की आवाजाही सुगम होने की उम्मीद है।

दरअसल, कमता तिराहे पर ट्रैफिक जाम की समस्या की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया था कि सड़क के किनारे स्थित दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने फुटपाथ पर अवैध रूप से पक्के रैंप बना रखे थे। इन रैंपों की वजह से मुख्य मार्ग काफी संकरा हो गया था और राहगीरों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता था, जिससे यातायात का प्रवाह बाधित होता था।

समस्या की गंभीरता को देखते हुए सीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने हाल ही में विभागीय अधिकारियों के साथ पॉलीटेक्निक से चिनहट तिराहे तक गहन निरीक्षण किया था, जिसके बाद यह संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित की गई। रात को जब शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा था, तब भारी पुलिस बल और एलडीए की टीम बुलडोजर के साथ कमता तिराहे पहुंची। टीम ने फुटपाथों पर बने अवैध निर्माणों को रातों-रात तोड़कर सड़क को पूरी तरह साफ करा दिया। यातायात विभाग का मानना है कि इस 'नए प्रयोग' और अतिक्रमण विरोधी अभियान से चिनहट की ओर जाने वाले ट्रैफिक को काफी राहत मिलेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा फुटपाथों पर कब्जा करने की कोशिश की गई, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। अयोध्या रोड को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करने के लिए आगामी दिनों में भी इस तरह के अभियान जारी रह सकते हैं।

## पार्श्वनाथ सिटी में बिजली संकट

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तरधौना स्थित पार्श्वनाथ सिटी में गहराया बिजली संकट अब तकनीकी खराबी से कहीं ज्यादा आपसी गुटबाजी और टकराव की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। करोड़ों रुपये के बिजली बकाये और सिंगल पॉइंट कनेक्शन को मल्टी पॉइंट में बदलने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर समाधान निकालने के लिए लेसा (स्थ्र्रू) द्वारा बुलाई गई बैठक भारी हंगामे और गाली-गलौज के बीच बेनतीजा खत्म हो गई। हालात इस कदर बिगड़ गए कि लेसा के मुख्य अभियंता की मौजूदगी में ही सोसाइटी के प्रतिनिधि और शिकायतकर्ता पक्ष आपस में भिड़ गए, जिसके बाद अधिकारियों को बैठक बीच में ही समाप्त करनी पड़ी।

## हास्य-नाटक में देशी अंदाज

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** वर्ल्ड लाफ्टर डे के रंगमंच पर इस बार कपिल शर्मा के साथ समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया की तिकड़ी एक अनोखा हास्य-नाटक रचने वाली है। मंच पर जब कपिल का देसी अंदाज़ और इन युवा सितारों की डिजिटल कॉमेडी का मेल होगा, तो ठहाकों का एक दिलचस्प और ज़बरदस्त ड्रामा देखने को मिलेगा। जोक्स और हंसी के इस महा-क्रॉसओवर नेटफ्लिक्स ने दर्शकों के बीच एक बड़े मनोरंजन के क्लाइमेक्स की उत्सुकता बढ़ा दी है।

# लखनऊ में दहेज हत्या का मामला: पत्नी की मौत में पति गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** राजधानी के थाना पीजीआई क्षेत्र में दहेज हत्या और प्रताड़ना के गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला गोमतीनगर निवासी लाल सिंह की तहरीर पर दर्ज किया गया, जिसमें उनकी पुत्री सलोनी सिंह (उम्र करीब 27 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर पति पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सलोनी सिंह का विवाह 02 दिसंबर 2024 को अरुण कुमार यादव के साथ हुआ था। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि विवाह के बाद से ही उनकी पुत्री को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और इसी उत्पीड़न के चलते उसकी मृत्यु हुई। इस संबंध में थाना पीजीआई में मु0अ0सं0 245/2026 धारा 85/80(2) बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में गठित टीम ने सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज के पर्यवेक्षण में कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अरुण कुमार यादव (उम्र करीब 35 वर्ष), निवासी आसरा इन्क्लेव वृंदावन, थाना पीजीआई को उसके फ्लैट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से रायबरेली जनपद का निवासी है।पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसकी पत्नी ने फ्लैट के कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर गहरे गुलाबी रंग के दुपट्टे से पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके अनुसार, दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने के बाद उसने आसपास के लोगों की मदद से पत्नी को नीचे उतारा और इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पीजीआई ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दुपट्टा बरामद कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक परमानंद सिंह, उपनिरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल नंदलाल पटेल और कांस्टेबल संदीप कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### पीजीआई पुलिस की कार्रवाई

## परिवहन मंत्री ने निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र का किया शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से जनपद जौनपुर के शाहगंज क्षेत्र में निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन द्वारा किया जा रहा है।जे.जे. मैरिज लॉन, गैरवाह, शाहगंज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह द्वारा फीता काटकर प्रशिक्षण केन्द्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न समाजसेवियों, पूर्व एवं वर्तमान ग्राम प्रधानों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से क्षेत्र की महिलाओं को निःशुल्क सिलाई एवं कढ़ाई का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# अरणि मंथन से प्रकट हुई पावन अग्नि रुद्र महायज्ञ में गूंजे जयघोष

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** बड़राव ब्लॉक क्षेत्र के बड़रांव गांव स्थित हनुमत कृपा धाम में चल रहे नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार और अरणि मंथन के साथ यज्ञ की विधिवत शुरुआत हुई। अरणि मंथन के माध्यम से अग्नि प्रकट कर हवन कुंड में प्रज्वलित की गई, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। आचार्यों के अनुसार शास्त्रों में यज्ञ की अग्नि दियासलाई से नहीं, बल्कि लकड़ियों के मंथन से उत्पन्न करना अत्यंत शुभ माना गया है।

प्रातःकाल मुख्य आचार्य राधेश्याम उपाध्याय के सानिध्य में यजमानों ने शमी और पीपल की लकड़ियों के घर्षण से पावन अग्नि प्रकट की। अग्नि प्रज्वलित होते ही पूरा यज्ञ मंडप हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।अग्नि स्थापना के पश्चात विधिवत वेदी पूजन किया गया और हवन कुंड में आहुतियां दी गईं। मुख्य यजमानों ने विश्व कल्याण और शांति की कामना के साथ आहुति समर्पित की। आचार्यों ने बताया कि अरणि मंथन सात्विक ऊर्जा का प्रतीक है तथा हवन से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। यह धार्मिक अनुष्ठान 9 मई तक चलेगा, जिसका समापन पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ होगा।आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य टप्पू राय, पवन राय, नवीन राय, धीरेंद्र, प्रेमशुख राय, मृत्युंजय राय, अशोक राय, प्रमोद राय, राम सजीवन मिश्रा, रिशु राय, प्रतीक राय, उमेश मौर्य, अतुल शुक्ला, विपुल राय और राजेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मौसम का खेल

पिछले लगभग एक पखवाड़े से ज्यादा समय के दौरान पूरे देश के लोगों को भीषण गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ा है। इधर कुछ दिनों हल्की तेज बारिश और तेज हवाओं से कुछ राहत जरूर मिली मगर अभी गर्मी का पूरा सीजन बाकी है। यानी यह फौरी राहत थी और ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। मौसम विभाग भी कह रहा है कि मई महीने में जोरदार गर्मी पड़नी है। उसका कहना है कि गए दौरान देश के कई हिस्सों सामान्य से अधिक दिनों तक हिट हीटवेव चल सकती है। कुछ राज्यों में गर्मी का जबरदस्त असर रहेगा। इसकी गंभीरता को यही तथ्य स्पष्ट करता है कि पिछले दिनों देश के कुछ हिस्सों में 42 से 49 डिग्री तक के तापमान ने लोगों का जीना दूभर कर दिया। जब तेज गर्मी का पूर्वानुमान है तो यह स्थिति दोहराने की भी पूरी संभावना है। यह सही है कि मौसम अपने हिसाब से चलता है और उसी तरह से उसमें उतार चढ़ाव भी आते हैं। लेकिन पिछले काफी समय से वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी के कारण गर्मी के दिनों में जो तमाम तरह की जटिलताएं खड़ी हो रही हैं, वे स्वाभाविक रूप से दुनियाभर के लिए गंभीर चिंता का विषय होनी चाहिए। इस जटिलता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों तापमान की जो स्थिति रही, वह आमतौर पर मई के अंत और जून के दौरान रहती है। इस बार पश्चिम विक्षोभ और तूफानों में भी कभी देखी गई तो आसमानों को अल नीनो के प्रभाव से भी गर्मी में सामान्य से ज्यादा का इजाफा रहा। इस समय मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले कुछ दिनों के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम मिला जुला रहेगा लेकिन कहीं-कहीं राहत के साथ भीषण गर्मी की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ेंगी। यह बात इसलिए भी ध्यान देने कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर भारत के कई राज्यों में लू, उमस भरी गर्मी और गर्म रातों में आम आदमी परेशान रहा है । कुछ क्षेत्रों में आंधी पानी और बिजली गिरने की घटनाएं भी अधिक हुई हैं। मौसम के इस तरह से बदले स्वरूप को आगे के लिए बड़ी चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नुकसानदेह हो सकती है। फिलहाल गर्मी के प्रति सावधान रहने के दिन अभी पूरे नहीं हुए हैं। पूरी सतर्कता बरतनी लंबे समय तक आवश्यक है।

## परियोजनाओं का प्रदेश

कभी बीमारू राज्य की श्रेणी में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश अब तेजी के साथ विकसित हो रहे राज्य के रास्ते पर आ गया है। तमाम बड़ी परियोजनाओं के तेज रफ्तार के साथ जमीन पर उतरने का क्रम लगातार जारी है तो सामाजिक स्तर पर भी कई कल्याणकारी प्रमुख का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बड़ी बात है यह कि प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को केवल औपचारिकता तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि उससे भी ज्यादा जोर उन्हें समय पर पूरा करने पर दिया है। इसका ताजा उदाहरण गंगा एक्सप्रेसवे है जिसका शिलान्यास 2021 की दिसंबर में हुआ और इस साल 26 अप्रैल को इसे जनता को समर्पित किया गया। इसी तरह बहुचर्चित जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन भी बेहद कम समय में किया गया। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तीन साल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे जैसी बड़ी योजनाएं रिकॉर्ड समय में पूरी हुई हैं। इन कामों का परिणाम यह है कि देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की सहभागिता करीब 60% तक पहुंच गई है। उपलब्धि केवल यहीं तक नहीं है बल्कि रक्षा उत्पादन जैसे अति महत्वपूर्ण क्षेत्र में यूपी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट और यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इसके प्रभाव प्रबल उदाहरण हैं। इसी कड़ी में हवाई अड्डों का निर्माण भी है। करीब नौ साल पहले जहां प्रदेश में केवल दो हवाई अड्डे थे, वही अब यह 21 एयरपोर्ट के नेटवर्क की ओर तेजी के साथ बढ़ रहा है। मेट्रो और रैपिड रेल परियोजनाओं में भी तेजी आई है। लखनऊ में तो मेट्रो काफी पहले शुरू हो चुकी है। अब आगरा मेट्रो और मेरठ मेट्रो को भी चालू किया जा चुका है। अन्य शहरों में भी इसके विस्तार की परियोजनाओं पर तेजी के साथ काम चल रहा है। इस तरह सभी श्रेणियां के तेज यातायात और आयुध निर्माण की दिशा में प्रदेश तेजी के साथ कदम बढ़ा चुका है। इससे जहां एक ओर उच्च स्तरीय सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं आम लोगों को रोजगार भी सुलभ हो रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है और वे भी रिकार्ड समय में पूरी होने की ओर किसी के साथ अग्रसर हैं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सरकारी पुष्टाहार से वंचित बीकेटी क्षेत्र के बच्चे**
बड़ी बात ये कि रामनगरी में पर्यटक बढ़ रहे हैं!

**कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर तीन हजार के पार**
अब बेरोजगार युवा पकौड़े भी नहीं तल पायेंगे!

**विश्वशांति के लिये बुद्ध मार्ग सर्वोत्तम-केपी मौर्या**
बुद्ध ने हथियार,शराब बेचने से मना किया था!

**कश्मीर में तनाव बढ़ाने की तैयारी में पाकिस्तान**
इधर चुनावी भाषणों में आपरेशन सिंदूर जारी!

**काम का दबाव बनता जा रहा खामोश कातिल**
इसीलिये लोग सरकारी नौकरी पसंद करते हैं!

**आगे युवा पीढ़ी तय करेगी देश की दिशा- महाना**
अभी पचहत्तर पार वाले हटने को तैयार नहीं है!

♦♦♦

# महाशक्ति के पतन का कारण बनती मासूमों की शहादत

अमेरिका व इस्राईल द्वारा गत 28 फ़रवरी से ईरान पर किये गये संयुक्त हमलों में हालाँकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानतः इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी



**-तनवीर जाफ़री**

नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आये हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई, अनेक उच्चस्तरीय नेता,अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुये जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फ़रवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुये विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनक़ाब करने की मुहिम चलाई। इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज़ उठाने को मजबूर किया। याद कीजिये गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मक़सद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ़ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस # Minab 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ईरानी स्पीकर मोहम्मद बाघेर ग़ालिबाफ़,ईरानी विदेश मंत्री अराग़ची व ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इसी # Minab 168 नामक विमान से ही तेहरान से पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस विमान में आगे की 168 सीटों पर अमेरिकी हमले में शहीद हुये बच्चों की तस्वीरें रखी गईं। हर सीट पर उनके ख़ून से सने हुये क्षतिग्रस्त स्कूल बैग व शहीद बच्चों के जूते व साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु फूल भी रखे गये थे। यह पहला मौक़ा था जबकि ईरान जैसे किसी साहसी देश ने स्वयं को महाशक्ति बताने वाले अमेरिका के वास्तविक क्रूर चेहरे को इस निराले अंदाज़ से बेनक़ाब किया था। # Minab 168 विमान केवल पाकिस्तान ही नहीं आया बल्कि अराग़ची 26-27 अप्रैल को इसी विमान पर सवार होकर इस्लामाबाद और ओमान के दौरे के बाद रूस भी पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से महत्वपूर्ण मुलाक़ात की। अमेरिका में भी मिनाब के शहीद मासूमों का ख़ून सर चढ़कर बोलता दिखाई दे रहा है। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप को राजनीतिक और सड़क स्तर पर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। डेमोक्रेट्स द्वारा साफ़ तौर पर इसे ग़ैर ज़िम्मेदाराना अमेरिकी हमला मानकर ट्रंप प्रशासन से इस हमले की ज़िम्मेदारी स्वीकार करने की मांग रहे हैं। क्योंकि जांच में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइल इस्तेमाल होने की पुष्टि हो चुकी है। यह मिसाइल केवल अमेरिका के पास ही है। अमेरिकी सीनेटर सांसदों ने पेंटागन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुये रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जवाब भी तलब किया है। इस अमेरिकी सीनेटर्स ने इसे हताहत होने वाला दशकों का सबसे बुरा नागरिक मामला बताया है साथ ही ट्रंप प्रशासन पर अपनी जवाबदेही स्वीकार न करने का भी आरोप लगाया गया है। कई विचार तो इसे अमेरिकी सेना की 'भयानक ग़लती' भी बता रहे हैं। इसी मिनाब घटना को लेकर अमेरिका में कई जगह सड़कों पर भी प्रदर्शन हुये हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर सैन फ्रांसिस्को, शिकागो और मिल्वौकी तक में कई जगह में हज़ारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने 'हैंड्स ऑफ़ ईरान' के नारे लगाए। यहाँ की कैपिटल हिल पर प्रतीकात्मक रूप से बच्चों के स्कूल बैग रखकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें कई डेमोक्रेट सांसद भी शामिल हुये थे। हद तो यह है कि व्हाइट हाउस के बाहर इसी अप्रैल में हुए व्यापक प्रदर्शनों में ट्रंप को युद्ध अपराधी बताकर उसे हटाने की भी ज़ोरदार मांग हुई। बहरहाल, इस्राईल हो या उसका संरक्षक अमेरिका,इन दोनों ही देशों ने विश्व अनेक देशों में 'युद्धापराध' अंजाम देने के अनेक क्रूरतम इतिहास लिखे हैं। सही मायने में तो 'युद्धापराध' अंजाम देने के यह आदी हो चुके हैं। याद कीजिये 1960-70 के मध्य लंबे समय तक चले वियतनाम युद्ध को। यही अमेरिका है जिसने बड़ी बेरहमी से यहाँ लाखों लोगों की हत्यायें की थीं। इनमें एक दिल दहलाने वाली घटना दक्षिण वियतनाम के माई लाई गांव में हुई थी जहाँ न केवल 500 से अधिक



निहत्थे नागरिकों जिनमें महिलाएं, बच्चे, बुज़ुर्ग शामिल थे की हत्या की गई थी बल्कि उनका सामूहिक बलात्कार किया गया उनके शवों का जलाया गया व अपमान किया गया था। पूरे के पूरे कई गांव जला दिए गये थे। इसी तरह 2003 के इराक़ युद्ध के दौरान अबूग़रेब जेल में क़ैदियों की प्रताड़ना के अलावा इराक़ में कई नागरिक नरसंहार की घटनाएं हुई। इसी तरह अफ़ग़ानिस्तान में भी नागरिक हत्या,बलात्कार जैसे कई कारनामे उजागर हुए थे। अमेरिका की तर्ज़ पर इस्राईल भी लेबनॉन, पश्चिमी किनारे व ग़ज़ा के इलाक़ों में मानव नरसंहार के कई इतिहास लिख चुका है। यह तो इतने क्रूर हैं कि भूखे बच्चों को पहले खाने पानी की लालच देकर भीड़ इकठ्ठी करते हैं उसके बाद उन मजबूरों को खाना पानी देने के बजाये उनपर बंबारी कर हत्याएं कर देते हैं। इस्राईली प्रधानमंत्री तो इस समय अंतर्राष्ट्रीय अदालत का वांछित मुजरिम भी है। परन्तु इस बार इनका पाला पड़ा था ईरान में मिनाब के मासूमों से। इनकी चीख़ पुकार व बद्दुआएं पूरे विश्व में इस क़द्र गूँज रही हैं कि मानवीय हृदय रखने वाले अमेरिकी भी इस घटना से सदमे में हैं तथा वे यह महसूस कर रहे हैं कि यह घटना कहीं वैश्विक अमेरिकी चौधर के पतन का कारण न बन जाये। तभी ट्रंप प्रशासन इस घटना से पल्ला झाड़ने की असफल कोशिश करता भी दिखाई देता है। परन्तु वास्तविकता तो यह है कि मिनाब स्कूल हमले की वजह से और ईरान युद्ध नीति के चलते ही अमेरिका में ट्रंप की लोकप्रियता नकारात्मक 20-23 प्रतिशत तक गिर गई है। इसी तरह के विरोध के चलते ट्रंप ने अपने कई अधिकारियों को बर्ख़ास्त कर दिया जबकि कई ने इस्तीफ़ा देकर अपनी इज़्ज़त बचने में ही अपनी भलाई समझी। कहना ग़लत नहीं होगा कि मासूमों की शहादत को याद दिलाने वाला प्रतीक '# Minab 168' पूर विश्व में नरसंहार की इबारत लिखने वाली महाशक्ति को बेनक़ाब कर छोड़ेगा तथा इसके पतन का कारण भी बनेगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### दशम् अध्याय

(गतांक से आगे

दोनों एक दूसरे के पूरक हैं) उत्पन्न होते हैं। इस संसार में ये (सम्पूर्ण दैवी सम्पद्) इन्हीं की प्रजा है। क्योंकि सप्त भूमिकाओं के संचार में 'दैवी सम्पद्' ही है, अन्य नहीं।

एतां विभूतिं योगं च मम यो वेत्ति तत्त्वतः।
सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र संशयः ।।7।।

जो पुरुष योग की और मेरी उपर्युक्त विभूतियों को साक्षात्कार के साथ जानता है, वह स्थिर ध्यानयोग द्वारा मुझमें एकीभाव से स्थित होता है। इसमें कुछ भी संशय नहीं है। जिस प्रकार वायुरहित स्थान में रखे दीपक की लौ सीधी जाती है, कम्पन नहीं होता, योगी के जीते हुए चित्त की यही परिभाषा है। प्रस्तुत श्लोक में 'अविकम्पेन' शब्द इसी आशय की ओर संकेत करता है।

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते। इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः ।।8।।

मैं सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति का कारण हूँ, मुझसे ही सम्पूर्ण जगत् चेष्टा करता है- इस प्रकार मानकर श्रद्धा और भक्ति से युक्त विवेकीजन मेरा निरन्तर भजन करते हैं। तात्पर्य यह है कि योगी द्वारा मेरे अनुरूप जो प्रवृत्ति होती है, उसे मैं ही किया करता हूँ।

वह मेरा ही प्रसाद है। (कैसे है? इसे पीछे स्थान-स्थान पर बताया जा चुका है।) वे निरन्तर भजन किस प्रकार करते हैं? इस पर कहते हैं-

मच्चित्ता मगतप्राणा बोधयन्तः परस्परम्। कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च।।9।।

अन्य किसी को स्थान न देकर मुझमें ही निरन्तर चित्त को लगानेवाले, मुझमें ही प्राणों को लगानेवाले सदैव परस्पर मेरी प्रक्रियाओं का बोध करते हैं। गुणगान करते हए ही सन्तुष्ट होते हैं तथा निरन्तर मुझमें ही रमण करते हैं। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# वर्ल्ड लाफ्टर डे : बिना वजह हँसिए, क्योंकि यही असली जीना है

चेहरे पर जमी थकान की परतें और आँखों में ठहर गया तनाव कई बार मुस्कान को भी एक औपचारिक अभिनय जैसा बना देते हैं। इसी बीच 04 मई को मनाया जाने वाला वर्ल्ड लाफ्टर डे समय की धारा में एक ऐसा विराम बनकर आता है, जो मन के भीतर जमा बोझ को हिलाकर हल्कापन की ओर मोड़ देता है। यह



**- कृति आरके जैन**

स्पष्ट करता है कि मनुष्य केवल जिम्मेदारियों का बोझ ढोने वाला अस्तित्व नहीं है, बल्कि उसके भीतर एक सहज, जीवंत और स्वतः प्रकट होने वाली ऊर्जा छिपी होती है, जो बिना किसी कारण पूरे वातावरण को हल्का कर सकती है। हँसी कोई सजावटी भाव नहीं, बल्कि भीतर जमे तनाव को पिघलाकर जीवन को पुनः सरल, खुला और सांस लेने योग्य बनाने वाली स्वाभाविक प्रक्रिया है। मुंबई के एक साधारण पार्क की जमीन पर खड़ा वह छोटा-सा प्रयोग आज दुनिया के कोने-कोने में फैल चुकी एक शांत लेकिन गहरी क्रांति का रूप ले चुका है। डॉ. मदन कटारिया ने जब हँसी को बिना किसी चुटकुले, बिना मंच और बिना प्रदर्शन के एक साधना के रूप में प्रस्तुत किया, तब यह विचार लोगों को असामान्य और नया लगा था। लेकिन समय के साथ यह पहल केवल अभ्यास नहीं रही, बल्कि हजारों लोगों की दिनचर्या में शामिल होने लगी। आज अनेक देशों में सुबह के समय लोग समूह बनाकर बिना किसी कारण के हँसते हैं। यह दृश्य साधारण मनोरंजन से आगे बढ़कर एक मानसिक पुनर्जागरण जैसा प्रतीत होता है, जहाँ हर व्यक्ति कुछ क्षणों के लिए अपने भीतर जमा तनाव और बोझ को छोड़कर हल्केपन का अनुभव करता है।

शरीर के भीतर चल रही सूक्ष्म प्रक्रियाओं पर यदि ध्यान दिया जाए तो हँसी एक ऐसी शक्ति प्रतीत होती है, जिसका असर किसी अदृश्य उपचार से कम नहीं होता। जब व्यक्ति खुलकर हँसता है, तो भीतर तनाव उत्पन्न करने वाले तत्व धीरे-धीरे कम होने लगते हैं और मन में हल्कापन बढ़ने लगता है। श्वास की लय बदल जाती है, हृदय की गति संतुलित होने लगती है और मानसिक दबाव धीरे-धीरे कम होता चला जाता है। इसी कारण अनेक चिकित्सकीय अध्ययन हँसी को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानते हैं। यह बिना किसी लागत के प्राप्त होने वाली ऐसी प्राकृतिक ऊर्जा है, जो शरीर और मन दोनों को संतुलन और स्थिरता की दिशा में ले जाती है। हँसी का सबसे विलक्षण गुण यही है कि उसे समझने के लिए किसी शब्द या अनुवाद की आवश्यकता नहीं पड़ती। एक ठहाका दुनिया के किसी भी कोने में समान अर्थ और समान प्रभाव रखता है, चाहे वह किसी भी संस्कृति या समाज से जुड़ा हो। जब दो अनजान लोग भी एक साथ हँस पड़ते हैं, तो उनके बीच की अनदेखी दूरी कुछ ही क्षणों में मिटने लगती है। इसी वजह से वर्ल्ड लाफ्टर डे केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह जाता, बल्कि मानवता को जोड़ने वाला एक सशक्त सेतु बन जाता है। यह दिन यह भी स्पष्ट करता है कि दुनिया को एकजुट करने के लिए बड़े-बड़े शब्दों की नहीं, बल्कि सच्ची, सहज और दिल से निकली मुस्कान की आवश्यकता होती है। डिजिटल युग में हँसी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। मोबाइल स्क्रीन, छोटे वीडियो और मीम्स ने मनोरंजन को आसान जरूर बना दिया है, लेकिन असली




हँसी धीरे-धीरे पीछे छूटती जा रही है। वास्तविक हँसी केवल चेहरे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे शरीर को हल्का और तरोताजा कर देती है। यह दिन याद दिलाता है कि हँसी देखने या पढ़ने की चीज नहीं, बल्कि जीने की अनुभूति है। जब परिवार या मित्रों के बीच बिना कारण ठहाके गूंजते हैं, तो वही पल जीवन की सबसे सच्ची याद बन जाते हैं। न उम्र की दीवार, न पद की पहचान– हँसी हर इंसान के भीतर समान रूप से धड़कती एक सहज शक्ति है, जो बस बाहर आने का रास्ता चाहती है। लाफ्टर क्लबों में जब लोग बिना किसी कारण ठहाके लगाने लगते हैं, तो वह शुरुआत में अभ्यास लगता है, लेकिन कुछ ही समय में वही हँसी सच्ची प्रसन्नता में बदलकर मन का भार उतार देती है। धीरे-धीरे यह स्थिति आदत नहीं, स्वभाव बन जाती है, जो भीतर जमा तनाव को हल्केपन में बदल देती है। यह अनुभव साफ कर देता है कि खुशी बाहर तलाशने की चीज नहीं, बल्कि भीतर ही मौजूद वह ऊर्जा है जिसे केवल जगाने की जरूरत होती है। सामाजिक जीवन में हँसी एक अदृश्य मरहम की तरह काम करती है, जो रिश्तों की कठोरता को सहज ही नरम कर देती है। जहाँ तनाव बढ़ता है, वहाँ एक हल्की मुस्कान भी पूरे माहौल की दिशा बदल सकती है। कार्यस्थलों पर हल्कापन रहने से संवाद सहज होता है और सहयोग बढ़ता है। वर्ल्ड लाफ्टर डे केवल एक दिन नहीं, बल्कि सोच और व्यवहार को नई दिशा देने का अवसर है। जब लोग साथ हँसते हैं, तो उनके बीच की अनदेखी दीवारें कमजोर होती हैं और विश्वास मजबूत होकर समाज को सकारात्मक बनाता है। जीवन की भीड़ में अक्सर लोग गंभीरता को ही सब कुछ मान लेते हैं, लेकिन असली संतुलन हँसी में छिपा होता है। यह बिना किसी मूल्य के मिलने वाली वह शक्ति है जो मन के अंधकार को घटाकर रिश्तों में सहज गर्माहट भर देती है। जब इंसान हँसना सीख लेता है, तो उसका नजरिया बदल जाता है और जीवन को देखने का ढंग भी नया हो जाता है। वर्ल्ड लाफ्टर डे यही संदेश देता है कि गंभीरता जरूरी है, पर हल्कापन उससे भी ज्यादा आवश्यक है। हँसी वह ऊर्जा है जो इंसान को भीतर से जीवित रखती है और दुनिया को अधिक मानवीय बनाती है।

## प्रेरक प्रसंग

### खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा।

उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सिखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला

### बारगी बाँध की दुखदायी बानगी

बारगी बाँध में क्रूज के डूबने और सैलानियों की उसमें डूबकर हुई महिला/पुरुष/बच्चों की दुखदायी मौतों ने प्रशासनिक लापरवाही को तो उजागर किया ही है साथ ही प्रशासनिक लापरवाहियों को दुरुस्त करने की भी संकेत दिए हैं ताकि भविष्य में जोखिमभरे कामों के महकमों के संचालक सावधान की स्थिति में रहकर अपने कार्यों के प्रति कर्तव्यों/दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं ताकि किसी भी तरह के हादसे जन्म न लें और वे लोगों/सैलानियों/यात्रियों की मृत्यु का कारण न बनने पाएं. ''नजर हटी दुर्घटना घटी'' के मुहावरे तो सरकार ने जगह-जगह चस्पा रखे हैं किन्तु सरकार के महकमें कितने उसके प्रति परवाहगार हैं इस पर भी सरकार ध्यान दे. सड़क दुर्घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं. कहीं हमारी सड़कें तो बीमार नहीं हैं. बनते पुल क्यों धंस जाते हैं. कहीं जिम्मेदारों की लापरवाही तो नहीं ? पुराने पुलों की रेलिंग से वाहन क्यों गिर रहे हैं कहीं उसकी समय रहते मरम्मत में तो कमी नहीं रह रही है ? निर्माणाधीन कार्यों के लिए खोदे गए गड्ढों/खुले मेनहोल्स में वाहन चालक/खेलते बच्चे क्यों गिरकर शिकार हो रहे हैं ? वहां जवाबदार लोग लापरवाही तो नहीं बरत रहे हैं ? डेढ़ महीने बाद बारिश का मौसम आने वाला है. देखें जिम्मेदार महकमें कि कहीं नदी-नालों की रपटों की रेलिंग टूट तो नहीं रही है जो दुर्घटनाओं को आने वाले समय में इशारा कर रही हो. अतः ऐसी अनेक प्रशासनिक लापरवाहियां अगर हैं तो समय रहते उसे सुधारने हेतु विशेष और शीघ्र कदम उठायें ताकि अनहोनियों को रोका जा सके. और बारगी बाँध जैसी दुखदायी बानगी (उदाहरण/ नमूना) ( (छोटी/बड़ी) न होने/ बनने पाए और फिर चाहे राहगीर हो या सैलानी, यात्री हो या नासमझ बच्चे अथवा अन्य लोग वे सुरक्षित रह सके।

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# मानसून में केरल घूमने का है अपना अलग ही मजा

# जन्नत जैसी नजर आती हैं ये जगहें



केरल एक ऐसी जगह है, जहां आप बीच और हिल स्टेशन दोनों के मजे ले सकते हैं।
केरल में चारों तरफ फैली हरियाली का जादू इस कदर है कि देश ही नहीं, विदेशी पर्यटक भी यहां खिचे चले आते हैं। हरी-भरी वादियों के लिए हाउस बोट में रूकना, आयुर्वेदिक स्पा, बैकवाटर्स की सैर सिर्फ केरल में ही मुमकिन है। वैसे तो सर्दियां यहां घूमने के लिए बेस्ट हैं, लेकिन मानसून के दौरान भी यहां घूमने की प्लानिंग अच्छा एक्सपीरियंस साबित होगी। केरल की इन जगहों को आप बारिश के मौसम में कर सकते हैं एक्सप्लोर।



**अलेप्पी–**
पूर्व के वेनिस नाम से मशहूर अलेप्पी ऐसी शानदार जगह है, जहां आकर आप केरल के सबसे खूबसूरत नजारे का दीदार कर सकते हैं। अलेप्पी वैसे तो हनीमून कपल्स के बीच ज्यादा पॉपुलर है, लेकिन आप यहां फैमिली, दोस्तों के साथ भी जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। अलेप्पी की सुबह जितनी खूबसूरत होती है, शाम उतनी ही सुहानी। यहां के वैकवाटर्स में बोट की सवारी करने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें।

**वायनाड–**
वायनाड भी मानसून में घूमने वाली अच्छी जगह है। जो अपने झरनों के लिए खासतौर से मशहूर है और बारिश के दौरान तो इन झरनों की खूबसूरती देखने लायक होती है। रिमझिम बारिश में वायनाड की शाम बिताना वाकई यादगार रहेगा। अगर आप इस सीजन में यहां आने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो ट्री हाउस का एक्सपीरियंस जरूर लें। यहां ट्रेकिंग के शौकीनों के लिए भी काफी ऑप्शन्स हैं।

**मुन्नार–**
मुन्नार केरल की सबसे खूबसूरत जगहों में शामिल है। इसमें चार चांद लगाने का काम करते हैं चाय के बागान।
पार्टनर के साथ आएं या दोस्तों के साथ, फुल टू एन्जॉय की गारंटी है। टी गार्डन के अलावा यहां ट्रेकिंग के भी कई ठिकाने हैं, फुर्सत मिले तो झरनों के किनारे बैठकर सुकून के दो पल बिताने से अच्छा क्या होगा।

**थेक्कड़ी–**
थेक्कड़ी की खूबसूरत को दोगुना कर देती हैं बारिश की बूंदें। चारों और फैली हरियाली तन और मन को खुश कर देती है। पेरियार नेशनल पार्क देखने के लिए यही सीजन सबसे मुफीद माना जाता है।
बोट राइड करते हुए हाथी, बाघ जैसे कई जानवर देखे जा सकते हैं। प्राकृतिक सुंदरता के अलावा थेक्कड़ी अपने मसालों के लिए जाना जाता है, तो यहां आकर मसालों की खरीददारी तो बिल्कुल भी मिस न करें।

# रिश्तों में मिठास लाती है ये आदतें



रिलेशनशिप कोई भी परफेक्ट नहीं होता। एक रिश्ते में प्यार के साथ-साथ लड़ाई झगड़े होना आम बात है और ये ही रिश्ते को मजबूत बनाते हैं। हालांकि, जब प्यार कम और लड़ाई-झगड़े ज्यादा होने लगे तो संभल जाना चाहिए। ऐसे में अपने पार्टनर से बात करना, उनकी सुनना और कमी को सुधारना जरूरी होता है। कई बार हम छोटी-छोटी चीजों को अनदेखा कर देते हैं, जिससे आगे चलकर वे रिलेशनशिप टूटने का कारण बन जाते हैं।
आज हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स दे रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने रिश्ते को मजबूत और खुशहाल कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं इनके बारे में।

**बात करें :** रिश्ते में खुश रहने के लिए अपने पार्टनर के साथ रोजाना कुछ देर बैठें और उनके सामने अपने विचार रखें और उनके विचारों को एहमियत दें। साथ ही, उनकी समस्याओं को समझें और भावनात्मक तौर पर उनको प्रोत्साहित करें। इससे आपका रिश्ता मजबूत होता है।

**क्वालिटी टाइम :** रिश्ते में खुश रहने के लिए एक-दूसरे को समय देना बहुत जरूरी है। रोजाना वॉक पर जाएं, साथ खाना खाएं और भी कई तरह की एक्टिविटीज कर सकते हैं। घर पर डेट प्लान, साथ मूवी देखने आदि से भी आप दोनों को साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। इससे आपका रिश्ता और भी मजबूत होगा।
कोई हॉबी जैसे डांसिंग, सिंगिंग आदि साथ में करें इससे आप आगे चलकर अपने पार्टनर के साथ यादगार मेमोरी बनेंगी, जो आपके रिश्ते को और मजबूत बनाएंगे।

**आभार व्यक्त करें :** अपने पार्टनर की प्रशंसा करना, आभार व्यक्त करना दोनों के रिश्ते को मजबूत करता है और प्यार बढ़ाता है। एक थैंक्यू आपने पार्टनर के चेहरे पर एक स्माइल ला सकता है। इससे यह भी पता चलता है कि आप अपने पार्टनर के कामों की कद्र करते हैं।

**टीमवर्क :** एक हैप्पी और हेल्दी रिलेशनशिप टीमवर्क से चलती है। जिम्मेदारियों को साझा करने से किसी एक पर भार नहीं पड़ता है जिससे लड़ाई-झगड़े नहीं होते। जिम्मेदारियों को बांट कर चलने से आगे चलकर पार्टनर से सपोर्ट न मिलना, दोष मड़ना जैसी शिकायत नहीं होती।

**सपोर्ट :** रिश्ते में एक-दूसरे का समर्थन करना और उनका आदर करना बहुत महत्वपूर्ण है। अपने पार्टनर के ग्रोथ में उनका साथ देना चाहे वह करियर में हो फाइनेंशियल रिश्ते को मजबूत बनाएं रखता है।

# मई की भीषण गर्मी में भी में लगा सकते हैं ये पेड़-पौधे



मई का महीना भारत में भीषण गर्मी लेकर आता है, जब तापमान कई शहरों में 45 डिग्री के पार पहुंच जाता है। ऐसे मौसम में लोग जहां घर से बाहर निकलने से बचते हैं, वहीं पौधे लगाने के बारे में सोचते ही कई लोग पीछे हट जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ऐसे समय में लोगों को लगता है कि इस समय पौधे लगाना मुश्किल है और वे जल्दी सूख जाएंगे। लेकिन सही जानकारी और सही पौधों का चयन किया जाए, तो गर्मियों में भी बागवानी आसानी से की जा सकती है। दरअसल, कुछ ऐसे पौधे होते हैं जो तेज धूप और गर्मी को सहन कर लेते हैं और कम पानी में भी अच्छी तरह बढ़ते हैं। अगर आप अपने घर, बालकनी या गार्डन को हरा-भरा बनाना चाहते हैं, तो मई की गर्मी में भी सही पौधों का चयन करके आप शानदार गार्डनिंग कर सकते हैं।

**गुड़हल** – गुड़हल का पौधा गर्मियों के लिए बेहद उपयुक्त माना जाता है क्योंकि यह तेज धूप को आसानी से सहन कर लेता है। इसे रोजाना अच्छी धूप मिलने पर यह तेजी से बढ़ता है और बड़े, आकर्षक फूल देता है। इसकी खासियत यह है कि थोड़ी देखभाल में भी यह लंबे समय तक हरा-भरा रहता है। मिट्टी में हल्की नमी बनाए रखना जरूरी है, लेकिन पानी जमा न होने दें। समय-समय पर हल्की खाद देने से फूलों की संख्या बढ़ती है और पौधा स्वस्थ रहता है।

**मनी प्लांट** –मनी प्लांट सबसे आसान और कम मेंटेनेंस वाला पौधा है। यह गर्मी में भी आसानी से जीवित रहता है और इसे आप पानी या मिट्टी दोनों में उगा सकते हैं। इसे सीधी धूप की बजाय हल्की रोशनी या छांव में रखना बेहतर होता है। यह पौधा घर की हवा को साफ करने में भी मदद करता है, इसलिए इसे इनडोर प्लांट के रूप में भी काफी पसंद किया जाता है।

**एलोवेरा** – एलोवेरा गर्मी के मौसम का सबसे मजबूत पौधा माना जाता है। यह कम पानी में भी लंबे समय तक जीवित रह सकता है। इसे ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती और तेज धूप में भी यह आसानी से बढ़ता है। इसकी पत्तियों में मौजूद जेल त्वचा और बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। ध्यान रखें कि इसे जरूरत से ज्यादा पानी न दें, वरना इसकी जड़ें खराब हो सकती हैं।

**गेंदा**– गेंदा का पौधा गर्मियों में आपके गार्डन को रंगीन बना सकता है। यह पौधा तेज धूप में भी खिलता है और ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती। इसे नियमित पानी और अच्छी धूप मिलती रहे तो यह लगातार फूल देता रहता है। गेंदा न केवल सजावटी है, बल्कि यह कीड़ों को दूर रखने में भी मदद करता है।

**पोर्टुलाका–**
पोर्टुलाका, जिसे सन प्लांट भी कहा जाता है, गर्मियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह तेज धूप में भी खूब खिलता है और बहुत कम पानी में भी जीवित रहता है। इसके छोटे-छोटे रंग-बिरंगे फूल गार्डन को बेहद आकर्षक बनाते हैं। यह पौधा खासतौर पर उन लोगों के लिए अच्छा है, जो कम समय में गार्डनिंग करना चाहते हैं और ज्यादा देखभाल नहीं कर सकते।

# कम रुपये में पाएं पार्लर जैसा ग्लो

आज के समय में ग्लोइंग और हेल्दी स्किन पाने के लिए लोग महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ 100 रुपये में भी त्वचा में निखार लाया जा सकता है? थोड़ी समझदारी और सही चीजों का चुनाव करके आप कम बजट में भी अपनी त्वचा को प्राकृतिक ग्लो दे सकते हैं। घरेलू और आसानी से मिलने वाली चीजें जैसे बेसन, गुलाब जल, हल्दी और एलोवेरा न सिर्फ सस्ते होते हैं, बल्कि त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद भी होते हैं। ये नेचुरल इंग्रेडिएंट्स आपकी स्किन को बिना किसी साइड इफेक्ट के साफ, मुलायम और चमकदार बना सकते हैं। **क्लीनिंग–** त्वचा को साफ करने के लिए महंगे क्लिंजिंग प्रोडक्ट, फेसवॉस पर व्यय करने की जरूरत नहीं है। आप सिर्फ बेसन से चेहरे और पूरे शरीर को साफ कर सकते हैं। बेसन एक नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है। घर पर क्लींजर बनाने के लिए एक चम्मच बेसन में पानी या दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर हल्के हाथ से मसाज करके धो लें। यह स्किन से गंदगी और ऑयल हटाता है।

## रेसिपी

# ट्राई करें टेस्टी और हेल्दी पालक कॉर्न चीज मोमोज

बच्चों की फेवरेट स्ट्रीट फूड में से एक मोमोज भी हैं। मोमोज का नाम सुनते ही हर किसी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान आ जाती है। लेकिन सेहत की ओर से देखा जाए तो बाजार से मिलने वाले मोमोज हेल्दी नहीं होते। इससे आपकी सेहत को भी नुकसान हो सकता है। ऐसे में आप घर पर पालक कॉर्न चीज मोमोज बना सकती हैं जो बाहर से ज्यादा स्वादिष्ट और बेहद हेल्दी भी होंगे। तो चलिए इसी के साथ अब

### सामग्री

मैदा - 1 कप
नमक - स्वादानुसार
पानी - आवश्यकतानुसार
ऑलिव ऑयल - 1 चम्मच
पालक - 1 कप
स्वीट कॉर्न - 1/2 कप
बारीक कटा लहसुन - 3 कलियां
काली मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच
चिली फ्लेक्स - 1/2 चम्मच
कद्दूकस किया चीज - 1/2 कप

### विधि

इसकी विधि के बारे में -
सबसे पहले मैदा में नमक मिलाएं और आवश्यकतानुसार पानी की मदद से गूंथ कर दो घंटे के लिए ढककर छोड़ दें। पालक को अच्छी तरह से धोकर बारीक काट लें। पैन में तेल गरम करें और उसमें लहसुन की कलियां डालें। दो से तीन मिनट तक भूनें। अब पैन में पालक और कॉर्न डालें और 5-6 मिनट तक पकाएं। नमक, काली मिर्च पाउडर और चिली फ्लेक्स डालकर मिलाएं और गैस बंद कर मिश्रण को ठंडा होने दें। मोमो स्टीमर या इडली स्टीमर में पानी गरम करने के लिए रख दें। गूंथे हुए मैदे से छोटी-छोटी लोई काटें और उन्हें बेल लें। उनमें 1-1 चम्मच तैयार भरावन डालें। उसके ऊपर थोड़ा-सा कद्दूकस किया चीज डालें और मोमो को मनचाहा आकार दें। भरे हुए मोमो को गीले सूती कपड़े से ढक दें ताकि मोमो सूखें नहीं। मोमो स्टीमर पर हल्का-सा तेल लगाएं और उसमें मोमो को रखकर 10 से 15 मिनट तक पकाएं। इसे चटनी के साथ गरमागरम सर्व करें।



# बिस्तर पर खाते हैं खाना? तो पहले जान लें ये वास्तु नियम

वास्तु शास्त्र के कई ऐसे नियम हैं, जिससे हम अनजान हैं और ये ही वजह है कि डेली लाइफ में हम ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका सीधा असर हमारी जिंदगी पर पड़ता है। इससे घर में रह रहे लोग कंगाली की ओर भी जा सकते हैं। आजकल कई सारे लोग डाइनिंग टेबल की जगह बेड पर बैठकर खाना पसंद करते हैं। लेकिन ये आदत बहुत ही अशुभ है और घर में नेगेटिविटी का माहौल लेकर आती है। इसके पीछे ज्योतिषीय और वास्तु संबंधी कारण है।

**वास्तु टिप्स**

घर के बेडरूम को ज्योतिषीय भाषा में शैय्या भाव कहते हैं जो कुंडली के 12वें घर में होता है, जो हमारे खर्चे और नुकसान को भी रिप्रजेंट करता है । वहीं खाना कुंडली के दूसरे घर से जुड़ा है जो हमारी संपत्ती और स्वास्थ्य को भी रिप्रजेंट करता है। जब हम बेड पर बैठकर खाना खाते हैं तो अनजाने में दोनों घरों को जोड़ देते हैं, जो बहुत ही नुकसानदायक होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बेड में खाया गया खाना पुष्टिवर्धक नहीं होता है और साथ ही ये हमें कंगाली की ओर ले जाता है। हिंदू धर्म में 8 प्रकार के धन बताए गए हैं और उसमें से अन्न भी एक धन है। अन्न की देवी मां अन्नपूर्णा जब कुंडली के बारहवें घर में जाती हैं तो व्यय यानी खर्चे को बढ़ता है और कर्जों में इजाफा होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार हमेशा डाइनिंग टेबल पर बैठकर या जमीन में बैठकर पलथी मार कर आराम से खाना खाएं। । इस बात का भी ध्यान रखें कि खाने की थाली बैठने के स्थान से ऊपर हो। ऐसा करने से आपके घर में कभी भी धन की कमी नहीं होगी।
वास्तु शास्त्र के मुताबिक आप किस ओर मुख करके भोजन कर रहे हैं यह भी बहुत जरूरी हैं। इसलिए हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके ही खाना खाएं।

# अच्छा समय आने से पहले घर में दिखते हैं ये संकेत



वास्तु शास्त्र और शकुन शास्त्र में कुछ ऐसे संकेत बताए गए हैं, जिनके दिखने पर व्यक्ति को समझना चाहिए उसका बुरा वक्त जल्द ही समाप्त होने वाला है। इस संकेतों का एक अर्थ यह भी माना जाता है कि आपके जीवन में कोई सकारात्मक बदलाव होने वाले हैं। इसमें कई तरह के संकेत शामिल हैं।

**मिल सकती है खुशखबरी**
अगर आपके घर के आंगन या छज्जे पर कोई पक्षी घोसला बनता है, तो वास्तु शास्त्र में इसे भी एक शुभ संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि जल्द ही आपको कोई खुशखबरी मिलने वाली है। ऐसे में उस घोंसले को हटाना नहीं चाहिए।

**जब दिखाई दे चीटियों का झुंड**
वास्तु शास्त्र में माना गया है कि यदि आपको अपने घर में लाल चीटियों का झुंड दिखाई देता है, तो यह एक शुभ संकेत हो सकता है। इसका अर्थ है कि जल्द ही आपके ऊपर धन की देवी लक्ष्मी की कृपा बरसने वाली है, जिससे आपकी धन संबंधी समस्याएं दूर हो सकती हैं।

**शरीर से जुड़े संकेत**
वास्तु शास्त्र के साथ-साथ शकुन शास्त्र में भी कुछ ऐसे संकेत बताए गए हैं, जो व्यक्ति के अच्छे समय की शुरुआत की ओर इशारा करते हैं। इसके अनुसार, पुरुष के दाहिने हाथ और महिला के बाएं हाथ पर अचानक खुजली होने लगे तो इसे धन लाभ से जोड़कर देखा जाता है। वहीं आंख का फड़कना भी अच्छी खबर के आने से माना जाता है। जहां महिला की बाईं आंख फड़कना शुभ होता है, वहीं पुरुषों की दाईं आंख का शुभ माना जाता है।

**यह भी हैं शुभ संकेत**
सुबह-सुबह मंत्रों का सुनाई देना या फिर शंख की ध्वनि सुनना भी एक शुभ संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि जिस कार्य के लिए आप प्रयास कर रहे हैं, आपका वह कार्य बन सकता है।

# बारिश के मौसम में बनाएं अरबी के पत्तों के पकौड़े

आपने आलू, प्याज, बैंगन आदि के पकौड़ों को खूब खाएं होंगे। मगर क्या आपने कभी अरबी के पत्तों से तैयार पकौड़े खाएं है? जी हां, अरबी के पत्तों के पकौड़ों का अलग ही टेस्ट आता है। इसे दूसरों पकौड़ों की तरह सीधा तलने की जगह पहले स्टीम किया जाता है। ऐसे में अगर आपका मन कुछ अलग खाने का है तो आप आज इसे ट्राई कर सकती है। चलिए जानते हैं कुछ अलग और ट्रेडिशनल स्टाइल अरबी के पकौड़े बनाने की रेसिपी...

### सामग्री

अरबी के पत्ते- जरूरत अनुसार
बेसन- 2 कप
लहसुन की कलियां- 7 से 8
प्याज- 2 (कटे हुए)
हरी मिर्च- 3 से 4
हल्दी पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
नमक- स्वाद अनुसार
तेल- तलने के लिए
पानी- जरूरत अनुसार

### विधि

सबसे पहले एक बाउल में तेल और अरबी के पत्ते छोड़कर बाकी की चीजें मिलाएं। अब इसमें पानी मिलाकर गाढ़ा घोल बनाएं। पैन में पानी गर्म करें। अब एक-एक अरबी के पत्ते पर बेसन का घोल लगाकर फैलाएं। अब एक के ऊपर एक पत्ता रखकर इसे गोल करें। 4-4 पत्तों के 2-3 सेट बना लें। अरबी के पत्तों को गोलकर रोल बनाएं। अब स्टील की छन्नी पर ये पकौड़े रखकर गर्म पानी के पैन पर रखें। प्लेट से इसे ढककर स्टीम करें।
10 से 15 मिनट तक अरबी के पत्ते स्टीम हो जाएंगे।
अब इसे प्लेट में निकालकर चाकू से गोल काटकर तेल में डीप फ्राई करें। पकौड़ों को प्लेट में निकाल कर टोमैटो कैचअप व हरी चटनी के साथ सर्व करें।



# कैसे भगवान कृष्ण ने की थी अभिमन्यु पुत्र की रक्षा?



महाभारत का युद्ध आज भी लोगों के लिए एक सीख की तरह काम करता है। ऐसा कहा जाता है कि उस दौरान हुई हर घटना का अर्थ आने वाले कल के लिए एक प्रत्यक्ष उदाहरण की तरह है। अगर जब कभी महाभारत काल की चर्चा होती है या कथा पढ़ी जाती है, तो लोगों के मन में अर्जुन पुत्र अभिमन्यु का नाम अवश्य आता है, जिन्होंने अपनी बहादुरी से कुरु वंश का सामना किया था।
पौराणिक कथाओं के अनुसार, अभिमन्यु का वध चक्रव्यूह में घुसने के कारण हुआ था, जिससे निकलना सिर्फ श्रीकृष्ण और उनके पिता अर्जुन को ही आता था। वहीं, आज हम वीर अभिमन्यु के पुत्र की रक्षा भगवान कृष्ण ने कैसे की थी इसके बारे में जानेंगे, जो इस प्रकार-
ऐसे भगवान कृष्ण ने अभिमन्यु पुत्र को किया था जीवित आपको बता दें, उत्तरा और अभिमन्यु के पुत्र राजा परीक्षित पांडवों के एकमात्र उत्तराधिकारी थे।
ग्रंथों और पौराणिक कथाओं के अनुसार, अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र चलाकर उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु यानी अभिमन्यु के बेटे को मारने की कोशिश की थी।
हालांकि उसके इस प्रयास को भगवान कृष्ण ने निरर्थक साबित कर दिया था। दरअसल, मुरलीधर ने ब्रह्मास्त्र के प्रभाव को बेअसर कर दिया और अपनी पूर्ण शक्तियों का प्रयोग कर उस शिशु को जीवनदान दिया।

**राजा परीक्षित की मृत्यु के बाद हुई थी कलयुग की शुरुआत**
बता दें, पांडवों के बाद राजा परीक्षित को हस्तिनापुर का सिंहासन मिला था, जिन्होंने न्यायपूर्ण उस राज्य पर शासन किया और शांति की स्थापना की।
ऐसा कहा जाता है कि एक श्राप के कारण राजा परीक्षित की सांप डसने से मृत्यु हुई थी। वहीं, उनकी मृत्यु के बाद से ही कलयुग की शुरुआत हुई थी।



–ज्योतिषाचार्य–पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**सोमवार, 4 मई, 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, तृतीया तिथौ सोम वासरे 29/23/ अनुराधा नक्षत्रे 09/58/ परिध योग 23/20/ वणिज करणे 16/13/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.से।

**व्रत एवं त्यौहार –** भद्रा प्रारम्भ घं.16 मि.13 से।

**मेष :** परिश्रम से ही महान कार्यों की सिद्धि होगी। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। शुभ कार्यों का परिणाम उत्साहवर्धक होगा। दुविधाएं समाप्त होंगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का भय होगा।

**कर्क :** रुके धन की प्राप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीडा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी। अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या :** संदेह और संकोच नष्ट हो जाएंगे। नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होंगे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।


**धनु :** आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनोकूल कार्य की सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर :** जनसंपर्क बढ़ेगा। संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि मिलेगी।

**कुंभ :** मित्रों से उपहार मिलेंगे। धार्मिक कृत्यों में आस्था होगी। पत्नी का सुख उत्तम रहेगा।

**मीन :** धार्मिक कार्यों में आस्था रहेगी। पराक्रमों में वृद्धि होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष प्रयास सार्थक होंगे।

# शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार 'फाउंडेशन'द्वारा ब्लॉक -बंकी,बाराबंकी के प्रांगण में आज स्थित स्वतंत्रता सेनानियों के शिलालेख पर जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार ने 'प्रत्येक माह के प्रथम रविवार प्रातः 10:00 बजे 10 मिनट अपने पूर्वजों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम 'के अंतर्गत प्रातः 10:00 बजे स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों के साथ माल्यार्पण/पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ की गई,साथ ही साथ जनपद के समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया गया व बताया गया की राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों/शहीदों की याद में आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष जमीलुररहमान ने किया। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी उपेंद्र कुमार ने अपने परमपूज्य पिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व रामचंद्र जी के जीवन की वीरगाथा का भी विस्तार पूर्वक वर्णन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा, महामंत्री भारत भूषण, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, उपेंद्र कुमार, नवाबगंज तहसील प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, शैलेश कुमार ओझा, विकास भूषण, नगर अध्यक्ष जमीलुररहमान व सुंदर सोनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सिक्योरिटी गार्ड की बंदूक छीनने का प्रयास

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** शहर कोतवाली क्षेत्र में दबंगों की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। दशहरा बाग चौराहे के पास स्थित साहू इलेक्ट्रॉनिक्स के बाहर दो युवकों ने हंगामा किया। उन्होंने सिक्योरिटी गार्ड की बंदूक छीनने का प्रयास किया और मौके से 12 बोर के दो कारतूस लेकर फरार हो गए।घटना के दौरान, आरोपियों ने दुकान मालिक और गार्ड के साथ अभद्रता की और उन्हें गालियां दीं। जब दुकान मालिक और गार्ड ने इसका विरोध किया, तो दोनों आरोपी और उग्र हो गए। इसके बाद उन्होंने दुकान के मैनेजर और गार्ड के साथ मारपीट शुरू कर दी।मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी वहां से भाग निकले। पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डंपर ने मां-बेटे को मारी टक्कर

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में आज सुबह एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी।जानकारी के अनुसार, मसौली निवासी बृजमोहन अपनी 45 वर्षीय मां मुन्नी देवी के साथ बहन के घर जा रहे थे। अंबरपुर के पास पीछे से आ रहे मिट्टी से लदे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि मुन्नी देवी सड़क पर गिर गईं और डंपर की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बृजमोहन गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# महिलाओं को किया गया जागरूक



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति फेज-05' द्वितीय चरण के दृष्टिगत जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किए गया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति फेज- 05' द्वितीय चरण के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108) व जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

## खबर एक नजर

### भूमि विवाद भी मारपीट , तीन घायल

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** चाहरदीवारी ऊँची करने के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई।जिसमें एक पक्ष के लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये कोतवाली हैदरगढ़ के सालपुर गांव निवासी राजकुमार सिंह पुत्र शंकर बक्स सिंह ने बताया कि रविवार सुबह वह अपनी जमीन पर बनी बाउंड्री को ऊंचा करा रहे थे कि तभी गांव के ही त्रिलोकी पुत्र बृजलाल रावत अपनी पत्नी राजकुमारी, पुत्र सुनील कुमार , पुत्री जानकी व पत्नी के बहन बहनोई के साथ लाठी डंडा से लैस होकर मौके पर पहुंचे और निर्माण से रोकने लगे। जिस पर समझाने की कोशिश की परन्तु विपक्षियों ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुये उन पर जानलेवा हमला कर दिया,बचाने के लिए दौड़ी पत्नी वंदना के सिर पर वार कर दिया। जिससे पत्नी के सिर व शरीर पर काफी गहरी चोटे आयी तथा मेरी दोनो पुती हिमांशी व वैष्णवी घायल हो गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शोरगुल सुनकर आये ग्रामीणों ने विपक्षीजनों को रोकने का प्रयास किया तो सभी विपक्षी यह कहते हुए चले गए कि आज तो गांव के लोगो ने बचा लिया नहीं तो आज पुरे परिवार को जान से मार डालते।इस संबंध में जब कोतवाल अनिल कुमार पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मारपीट के मामले में राजकुमार सिंह की ओर से प्राप्त हुई तहरीर पर विपक्षियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### झुमकी को लूट ले गए बदमाश, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** तीन दिन पहले पत्नी व बच्चे को लेकर रिश्तेदारी में जा रहे लखनऊ जनपद के थाना नगराम अंतर्गत पतौना गांव निवासी श्यामू विश्वकर्मा ने कोतवाली में तहरीर दी। बताया कि वह 30 अप्रैल की शाम सवा छः बजे अपनी पत्नी व बच्चे के साथ मोटरसाइकिल से असंदरा थाना क्षेत्र के चकतारा गांव रिश्तेदारी में जा रहा था कि तभी कोतवाली क्षेत्र के दांदूपुर गांव के निकट पीछे से आये बाइक सवार दो व्यक्ति उनकी पत्नी की एक कान की झुमकी झपट्टा मार कर लेकर भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### किशोरी को भगाने का आरोप

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** ।कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नाम जद मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। बताया कि जनपद के थाना रामसनेहींघाट अंतर्गत मुरारपुर गांव निवासी मोहम्मद नफीस पुत्र जमील उनकी पुत्री से मोबाइल से बात किया करता था। परंतु अब यह मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है।

### तेज आंधी पानी ने मचाई तबाही पूरे दिन गुल रही बिजली

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** रविवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। तेज हवा के झोंकों से कई पेड़ उखड़कर गिर गए, वहीं दर्जनों विद्युत पोल टूटने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।आंधी का असर किसानों पर भी साफ नजर आया। आम की बागवानी को जहां काफी नुकसान पहुंचा, वहीं खेतों में खड़ी मक्का समेत अन्य फसलें तेज हवाओं के कारण खेतों में ही गिरकर खराब हो गई।रविवार सुबह से लेकर देर शाम तक रामनगर क्षेत्र के कई गांवों में बिजली गुल रही, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आंधी के चलते 33 हजार केवी की मुख्य लाइन सहित ग्राम कांप, फतेहउल्लापुर, भवानीगंज समेत कई गांवों की विद्युत लाइनें और पोल क्षतिग्रस्त हो गए। जिसके चकते डूडी,बिंदौरा, गनेशपुर सहित कई फीडरों बाधित रहे जिससे सैकड़ो गांवो में बिजली बाधित रही, बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए विद्युत विभाग की टीम ने सुबह से ही पेट्रोलिंग और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया, लेकिन नुकसान अधिक होने के कारण देर शाम तक भी आपूर्ति सामान्य नहीं हो सकी। एसडीओ विद्युत ने बताया कि तेज हवाओं के चलते मुख्य लाइन के साथ-साथ गांवों की कई लाइनों के तार टूट गए हैं। विभागीय टीमें लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हैं और जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** रविवार सुबह बुढ़वल गांव के पास रेलवे लाइन किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं।प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से गिरने का प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिस्थितियां संदेह पैदा कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि युवक को ट्रेन से धक्का दिया गया हो सकता है सूचना पर पहुंची जीआरपी ने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मर्चरी हाउस भिजवाया। आरपीएफ इंस्पेक्टर रवि कुमार ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मृतक की पहचान अयान (19) पुत्र अब्दुल कलाम निवासी गांधीनगर नरकटिया थाना वासी, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई। शिनाख्त उसके छोटे भाई फैजान ने की।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### वांछितों पर हुई कार्यवाही

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा आज 01 वारंटी व 07 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया 16 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।इसी क्रम में थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज मादक पदार्थ तस्कर/अभियुक्त बाबूलाल पुत्र नत्थाराम गौतम निवासी ग्राम पनिहल थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को वैशपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 31 अवैध मारफीन बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 115/2026 धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीकृत किया गया।इसी क्रम में थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0-161/2026 धारा 115(2)/352/105 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी ग्राम कुटी गाजीपुर थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को गाजीपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

# चोरी की मोबाइल के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा पांच अभियुक्तों/चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी एक एन्ड्रायड मोबाइल, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल व 9,130/- रूपये नगद बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्तगण्ड सास्वत तिवारी पुत्र आशुतोष तिवारी, हिमांशु मिश्रा पुत्र जितेन्द्र मिश्रा निवासीगण रानीगंज थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी, आशुतोष वर्मा पुत्र सुनील कुमार वर्मा निवासी पूरे पहलवान थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी, अमन गौतम पुत्र विजयपाल गौतम निवासी बुद्धीपुरवा थाना मसौली जनपद बाराबंकी व अंकराष्ट्र उर्फ प्रियांशु गौतम पुत्र महेश गौतम निवासी फतहाबाद थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को इन्धौलिया मानसरोवर, जैदपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का एक एन्ड्रायड मोबाइल, घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल स्प्लैण्डर प्लस यूपी 41 बीएम 0290 व 9,130/- रूपये नगद बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने दोस्त का मोबाइल चोरी कर यूपीआई के माध्यम से पैसे ट्रांसफर कर लिये गये थे। जिस सम्बन्ध में थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 114/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है।

# सिलेंडर हुए बरामद, ई-रिक्शा चालक सहित तीन लोगों के विरुद्ध दर्ज मुकदमा

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** पुलिस ने ई रिक्शा पर कालाबाजारी के लिए ले जाए जा रहे दस अवैध गैस सिलेंडर बरामद किये है। छानबीन के बाद पूर्ति निरीक्षक हैदरगढ़ ने ई रिक्शा चालक सहित तीन लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 / 7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्ति निरीक्षक अनुभव कुमार ने बताया कि पता चला कि कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान रात साढ़े ग्यारह बजे चौबीसी तिराहे पर एक ई रिक्शा को संदिग्ध परिस्थितियों में रोका और वाहन पर लदे इंडेन कंपनी के दस घरेलू सिलेण्डर के बारे में पूंछताछ की।ई रिक्शा के चालक अकील एवं रियाज ने बताया कि यह सभी गैस सिलेंडर इन्हौना कस्बा में दूकान में बिक्री के लिए ले जा रहे हैं।दोनों आरोपियों ने बताया कि इंडेन गैस एजेंसी हैदरगढ़ के संसारा स्थित गोदाम से मंहगे दामों पर सिलेंडर मिले हैं।रात में नौ बजे थाना हैदरगढ़ के बम्हरौली गांव निवासी प्रदीप ने दिलाए हैं।आरोपियों ने गैस रिफिल की दस पर्चियां भी दिखाई।पुलिस गैस सिलेंडर से लदे ई रिक्शा को थाने ले आई।प्रशासन की संयुक्त टीम ने हैदरगढ़ गैस एजेंसी के संसारा स्थित गोदाम की जांच की।बताया कि गोदाम पर अभिलेखों के अनुसार ही गैस सिलेंडर पाए गए। एजेंसी मालिक अनिल सैनी ने जांच टीम को बताया कि प्रदीप नाम का कोई कर्मचारी उनकी एजेंसी पर काम नहीं करता है।इसके बाद डीएम के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक अनुभव कुमार ने घरेलू गैस की कालाबाजारी करने के आरोपी ई रिक्शा चालक अकबर गंज इन्हौना निवासी अकील,उसके साथी रियाज एवं बम्हरौली गांव निवासी प्रदीप कुमार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

# विधायक व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया 45 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ (बाराबंकी)।** जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत निधि से 45 लाख रुपए की लागत से निर्मित एक डामर एवं इंटरलॉकिंग मार्गो का लोकार्पण विधायक दिनेश रावत व भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने फीता काटकर किया । जिला पंचायत निधि एवं क्षेत्र पंचायत निधि से स्थानीय विकास खंड की ग्राम पंचायत रोहना मीरापुर के सोगरी गाँव में लगभग 34 लाख की लागत से 470 मीटर डामर रोड, इसी गांव में 6 लाख की लागत से लगभग 92 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग एवं ग्राम रोहना मीरापुर में मुख्यमार्ग से मंदिर तक लगभग 80 मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग 5 लाख रूपये की लागत से कराया गया है। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में गांवों का तीव्र गति के साथ विकास हो रहा है, आज गाँवों में तेजी के



साथ डामर रोड, सीसी मार्ग व इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण हो रहा है जिसकी वजह से आमजन को आवागमन में भारी सुगमता हो रही है श्री रावत ने आगे कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में तेजी के साथ गांवों की तस्वीर बदल रही है लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल रही है।भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा किभाजपा सरकार में विकास के नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं श्री सिंह ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार में जनता खुशहाल है बिना भेदभाव के समाज के अंतिम छोर पर बसे नागरिकों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है ।इस अवसर पर सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि,प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# तेज़ रफ्तार कार और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार टक्कर

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद के माती थाना क्षेत्र में आज एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। किसान पथ सर्विस रोड पर अनन्ता धाम के पास धवरमऊ मोड़ पर तेज़ रफ्तार कार और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया, वहीं स्विफ्ट डिजायर कार (यूपी 32 जे क्यू9303) पूरी तरह चकनाचूर हो गई।टक्कर के बाद कार के एयरबैग खुल जाने से बड़ा हादसा टल गया और कार में बैठे चालक व उसके साथ मौजूद युवक की जान बच गई।इस दुर्घटना में कार चालक और एक अन्य युवक घायल हुए तथा ट्रैक्टर चालक और उसके साथ बैठा युवक भी गंभीर रूप से घायल हुए।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्विफ्ट डिजायर चला रहा चालक और उसका साथी दोनों नशे में धुत थे। इसी वजह से कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई।स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटनास्थल से कार के अंदर से बीयर के कैन भी बरामद हुए हैं। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि चालक वाहन चलाते समय भी शराब का सेवन कर रहा था।घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## योग, अध्यात्म एवं महाविद्या साधना के प्रणेता हैं देवर्षि नारदः संजय

**बाराबंकी।** नगर के कैलाश आश्रम मे देवर्षि नारद जयन्ती के अवसर पर पुरोहित महासभा बाराबंकी के तत्वावधान में स्वामी राघवानन्द सरस्वती जी की अध्यक्षता मे नगर के पुरोहित एवं पत्रकारों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी मे वर्तमान समय में राष्ट्र जागरण तथा पुरोहित वर्ग की भूमिका विषय पर अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। संस्था के वरिष्ठ सदस्य संजय पाठक ने नारद जी को योग, अध्यात्म एवं महाविद्या साधना के महामंत्री के प्रणेता बताया। लक्ष्मी नारायण मन्दिर विश्राम सदन के पीठाधीश्वर राजेश मिश्र शास्त्री ने नारद जी को भगवान नारायण की भक्ति रूप में निरूपित किया। नगर के वरिष्ठ पुरोहित प्रमोद पाठक ने नारद जी को जनकल्याणक बताया। वही पं0 विश्वनाथ शास्त्री ने देवार्षि भगवान की प्रज्ञा से पुरोहित समुदाय को जागृत एवं चैतन्यता प्राप्त करने का संदेश दिया।

# जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी बैठक सम्पन्न

**बाराबंकी।** जनपद में आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बाराबंकी में आगामी 23 से 24 मई को सूरजा गेस्ट हाउस बाराबंकी में अयोजित होने वाली पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारी में बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय महामन्त्री, भाजपा अवध क्षेत्र नीरज सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा का कार्यकर्ता देश हित के लिए कार्य करता है प्रशिक्षण संगठन का आधार है और यह कार्यकर्ता निर्माण की सबसे मजबूत प्रक्रिया है महामंत्री ने निर्देश दिया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग में सभी कार्यकर्ता पूरे प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दो दिन एक रात्रि बिना मोबाइल के एक छात्र की तरह अनुशासन में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे, बैठक में जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, एससी एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, अजीत प्रताप सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, जिला महामंत्री विजय आनंद बाजपेई, पवन सिंह रिंकू, बृजेश रावत,जिला उपाध्यक्ष शीलरत्न मिहिर, जंगबहादुर पटेल, सुशील जायसवाल, वैभव मिश्रा, प्रमोद तिवारी, नवीन सिंह राठौर,मनोज वर्मा, अंशु वर्मा, रोहित सिंह, रामेश्वरी त्रिवेदी, गुंजन शर्मा, सविता रावत सहित सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुम हुए 73 मोबाइल हुए बरामद, किए गए सुपुर्द

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए करीब 15 लाख रुपये कीमत के 73 मोबाइल फोन बरामद किये गये जो अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आम जनता के मोबाइल फोन गुम होने की प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल व समस्त थानों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक विशेष अभियान के तहत, सीईआईआर पोर्टल (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) का उपयोग करके तकनीकी विश्लेषण और ट्रैकिंग के माध्यम से गुमशुदा हुए 73 मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद किया। इन बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। पुलिस लाइन स्थित सभागार में आज



आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा बरामद मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए। अपने खोए हुए फोन व अपना महत्वूर्ण डाटा वापस पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए बाराबंकी पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।बाराबंकी पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायत तुरंत अपने निकटतम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराएं या सीधे सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें, यह पोर्टल खोए हुए मोबाइल फोन को शीघ्रता से ट्रैक करने, ब्लॉक करने और बरामद करने में मदद करता है। साथ ही मोबाइल स्वामियों को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय व साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 व cybercrime.go1.द्वठ्ठ पर शिकायत दर्ज करने के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया गया।

# बारिश होने से मौसम बना सुहाना, भीषण गर्मी से मिली राहत, किसान खुश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अप्रैल, मई के महीने में भीषण गर्मी होने के बाद सुबह के समय बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया है। साथ ही साथ गर्मी से राहत भी मिली है। जहां तक किसानों की बात है वह भी खुश नजर आ रहे हैं। 30 अप्रैल को सुबह तेज हवाओं के साथ काफी तेज बारिश होने से भीषण गर्मी से राहत तो मिली है वहीं किसानों को भी खेत में पानी आ जाने से खुशी हुई है। अप्रैल और मई के माह में इतनी भीषण गर्मी होती है कि वह परेशान हो जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो किसानों के खेत भर गये हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में नगर निगम की पोल खुल गयी है। करीब-करीब सभी वार्डों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गयी है। पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। उसका कारण है कि सभी नाले-नाला चोक हो गये हैं। जबकि नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने सख्त आदेश दिया था कि जितने नाला व नाली हैं उनकी सफाई शीघ्र किया जाय, क्योंकि बारिश का मौसम नजदीक आ रहा है। उसके बावजूद भी सफाई अभियान न होकर जगह-जगह पानी भरा हुआ है।

# जिलाधिकारी ने शिकायतें सुनीं, निस्तारण के दिये सख्त निर्देश



**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी, जवाबदेह एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के क्रम में आज माह अप्रैल के प्रथम शनिवार को तहसील टांडा सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थित में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों का राजस्व व पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुवायना कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आंधी व तूफान से क्षतिग्रस्त हुए विद्युत तारों, ट्रांसफार्मरों को अविलंब ठीक कराने तथा आंधी व तूफान से हुए नुकसान का नियमानुसार क्षतिपूर्ति हेतु संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, प्रशिक्षु आईएएस थनीगईयरसन टी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, उप जिलाधिकारी टांडा सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील टांडा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देश दिए तहसील टांडा परिसर में श्रम विभाग द्वारा लगाए गए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित योजनाओं के लाभ के लिए उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड पोर्टल पर 21 से अधिक श्रमिकों द्वारा पंजीकरण कराया गया। इसी प्रकार आधार नामांकन एवं संशोधन कैंप में 28 नागरिकों द्वारा नए आधार का पंजीयन/आधार संशोधन कराया गया।

# राजेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्णकान्त गुप्ता ने प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव को किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारतीय कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रताप सिंह एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्णकान्त गुप्ता ने प्रेस क्लब सिविल लाइन्स के अध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव को राम दरबार देकर के सम्मानित किया है। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जबसे आप प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने हैं तबसे पत्रकारों के लिये काम करने की जज्बा आपके सामने आयी है और आप कर भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार पत्रकारों के लिये सुविधा और बढ़ाये क्योंकि यह सुबह से लेकर शाम तक फील्ड में रहकर काम करते हैं। मैं इनके काम करने की सराहना करता हूं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कान्त गुप्ता ने कहा कि प्रेस क्लब सिविल लाइन्स के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के आ जाने से लगने लगा कि पत्रकारों के लिये कुछ कार्य होगा, और यह प्रयास रत भी हैं। उन्होंने कहा कि इनके कार्यों को देखते हुए मुझे आभास होता है कि पत्रकारों के लिये यह कुछ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य है कि वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रताप सिंह और मैं स्वयं प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को सम्मानित कर रहा हूं।

## रामपथ मार्ग साहबगंज में अस्पताल निर्माण का कार्य तेजी से शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** रामपथ मार्ग साहबगंज मोहल्ले में सीतापुर आई हास्पिटल के नाम से जाना पहचाना अस्पताल को अब पूरा धराशायी करके तीन सौ शैया का अस्पताल का निर्माण तेजी से शुरू हो गया है। योगी सरकार द्वारा जैसे ही इस अस्पताल के निर्माण के लिये हरी झण्डी मिली, उसके दस दिन बाद से यह निर्माण तेजी से शुरू हो गया है। मुझे बताया गया कि करीब एक साल के अंदर यह हाईटेक अस्पताल बनकर तैयार हो जायेगा जिससे अगल-बगल जनपदों के मरीजों के लिये भी काम आयेगा। यह अस्पताल ऐसा होगा जिसमें सारी सुविधायें आपको मिलेंगी। अच्छे डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी इस अस्पताल में तैनात रहेंगे। अस्पताल के परिसर में ही कर्मचारियों का आवास भी बनाया जा रहा है। सारी सुविधाओं से लैस हो करके अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें सभी तरह के जांच की मशीनें भी रहेंगी।

# युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** कुमारगंज थाना क्षेत्र के धनैचा मजरे मेलथुवा गांव निवासी 20 वर्षीय मंजीत पुत्र बब्लू का शव रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना चिरंजीव मिश्र का पुरवा के पास की बताई जा रही है, जहां दोपहर करीब 3.00 बजे ग्रामीणों ने युवक का शव गमछे के सहारे पेड़ से लटकता हुआ देखा। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत कुमारगंज पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे हल्का दरोगा अकिल हुसैन ने शव को नीचे उतरवाकर उसकी शिनाख्त कराई। पहचान धनैचा गांव निवासी मंजीत के रूप में हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंजीत रविवार दोपहर घर पर खाना खाने के बाद कहीं चला गया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। इसी दौरान गांव के पास पेड़ से उसका शव लटकता मिलने की सूचना मिली। मंजीत तीन भाइयों में सबसे छोटा था। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दरोगा अकिल हुसैन ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## तेज रफ्तार बस की टक्कर से शिक्षक की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

**स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.)** अयोध्या जनपद के मया बाजार विकासखंड क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक शिक्षक की जान चली गई। थाना महाराजगंज के ठीक सामने यह घटना उस समय हुई जब विद्यालय जा रहे बाइक सवार शिक्षक को तेज गति से आ रही एक प्राइवेट बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिक्षक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत घायल शिक्षक को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मया पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर के लिए रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शिक्षक का नाम जन्मेजा सिंह शाह (35) पुत्र राम उजागर, निवासी जपती फैजाबाद है। वे मया विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर नवीन में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे और प्रतिदिन की तरह आज भी विद्यालय जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतक पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी। इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है और लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

# समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी गयी शिकायत



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील रुदौली के राजस्व गांव से निकलने वाले 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के किसानों की शिकायत की भरमार रही। इस मौके पर 296 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई जिसमें 7 प्रार्थना पत्र का निस्तारण मौके पर किया गया। जिलाधिकारी के आगमन की जानकारी फरियादियों को होने से सम्पूर्ण समाधान दिवस मे भारी भीड़ रही। परंतु किन्हीं कारणों से जिला अधिकारी के संपूर्ण समाधान दिवस में ना आने से फरियादी मायूस दिखे। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार ने की। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग से प्रभावित किसान काशीपुर निवासी नरेश सोनकर, जुग्गी लाल ने अपने ग्राम काशीपुर की गाटा संख्या 154 को मुआवजा मिले बिना कार्यदाई संस्था पर भूमि पर कब्जा लिए जाने की शिकायत की। शहर के मोहल्ला मीरापुर निवासी अनिल कुमार, दिलीप कुमार, राजित राम, राजेश ने गाटा संख्या 157 का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की।कहा कि एसएलओ कार्यालय में तथ्यहीन शिकायत पर भुगतान रोक दिया गया है। कांग्रेस नेता पूर्व सभासद इरफान खान व तारिक रूदौलवी ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो की तरफ दीवाल को तोड़ कर शहर के निवासी के आवागमन का मार्ग बनवाए जाने की माग की। भाकियू के प्रदेश सचिव दिनेश दुबे ने छुट्टा जनावर से फसलों के नुकसान की शिकायत की। जिला उपाध्याय शंकर पाल पांडे ने शिकायत में स्मार्ट मीटर,विवाह में व्यावसायिक गैस सिलेंडर जिला मुख्यालय के स्थान पर प्रत्येक तहसील पर दिलाए जाने का मामला उठाया। वहीं लगभग डेढ़ बजे एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर भी सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंच गए और फरियादियों की समस्या सुनी। समाधान दिवस में विधायक रामचंद्र यादव, सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया, जिलापूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा और एसडीएम संतोष कुमार, सीओ आशीष कुमार, तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, अधीक्षक सीएचसी फातिमा हसन खंड विकास अधिकारी मवई भावना यादव, खंड विकास अधिकारी रुदौली सहित तमाम प्रशासनिक अमला मौजूद थे।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 10 मई से



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्य समिति की बैठक सर्किट हाउस सभागार में संपन्न हुई, जिसमें 10 व 11 मई को प्रस्तावित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान कार्यकर्ता स्थल पर रात्रि प्रवास भी करेंगे। साथ ही बूथ समितियों के सत्यापन को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह ने मंडल अध्यक्षों एवं प्रवासी को निर्देशित किया कि शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ बूथ समितियों का सत्यापन सुनिश्चित करें। मंडल समिति का भी सत्यापन किया जाए। वर्ग अधिकारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुलराज रस्तोगी ने प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों से संवाद करते हुए भोजन, आवास, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने पर बल दिया। बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, महंत राजू दास, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, अभिषेक मिश्र, बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, कार्यसमिति के सदस्य, मोर्चा व पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

# कंटेनर पेड़ से टकराया, हादसा टला



**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** नेशनल हाईवे पर रविवार को तेज आंधी के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज हवा के कारण एक वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया, जिसे बचाने के प्रयास में पीछे आ रहा कंटेनर सड़क से नीचे उतरकर पटरी पर लगे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ पूरी तरह से धराशायी हो गया और कुछ समय के लिए हाईवे पर लंबा जाम लग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूपी नंबर यूपी 78 एफ एन 7648 वाहन तेज आंधी के कारण संतुलन खो बैठा और हाईवे पर पलट गया। उसी दौरान पीछे से आ रहा एन एल 02 क्यू 6327 कंटेनर चालक ने अचानक सामने आई इस स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गया और एक पेड़ से टकरा गया। इस टक्कर से पेड़ जड़ समेत उखड़कर गिर पड़ा, जिससे आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे चौकी प्रभारी राजकुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ कांस्टेबल सत्य प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल मंसाराम यादव और उमेश यादव भी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाला और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी नरेंद्र कुमार राव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गिरे हुए पेड़ को हटाने का कार्य शुरू किया। इस दौरान हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, हाईवे चौकी प्रभारी की सूझबूझ और त्वरित निर्णय के चलते यातायात को पूरी तरह बंद नहीं होने दिया गया। उन्होंने दोनों दिशाओं के वाहनों को एक-एक लेन में नियंत्रित तरीके से चलवाया, जिससे जाम की स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो गई। राहत की बात यह रही कि इस पूरे घटनाक्रम में किसी भी प्रकार की जनहानि या गंभीर चोट की सूचना नहीं है। प्रशासन की तत्परता और स्थानीय टीमों के समन्वय से एक बड़ा हादसा टल गया और स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई।

# लक्ष्मण मार्ग निर्माण से 250 परिवारों पर संकट, विधायक ने दिया पुनर्वास का भरोसा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जमथरा घाट बंधा क्षेत्र में लक्ष्मण मार्ग निर्माण को लेकर करीब ढाई सौ परिवारों के सामने आशियाने का संकट खड़ा हो गया है। इस मुद्दे को लेकर निषाद समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से मुलाकात की। निषाद समाज के लोगों ने कहा कि लक्ष्मण मार्ग निर्माण के चलते उनके घर उजड़ने का खतरा है और वे असमंजस में हैं कि आखिर जाएं तो कहां। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि किसी का घर बिना पुनर्वास के नहीं हटाया जाएगा। पहले बसाने की व्यवस्था होगी, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। को लक्ष्मण पथ व परिक्रमा मार्ग मे आ रहे जमथारा घाट व गुप्तारघाट, निर्मली कुंड में हजारों निषाद परिवार को विस्थापन करने मुआवजा दिलाने व जल्द निस्तारण के लिए विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता से मुलाकात किये। निषाद समाज अध्यक्ष संतोष निषाद, मंहत लक्ष्मण दास, चैयरमेन राममिलन निषाद, पूर्व प्रधान रोहित निषाद जी आदि।

## विकलांग कल्याण समिति ने मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** तहसील समाधान दिवस के अवसर पर विकलांग कल्याण समिति रुदौली के अध्यक्ष विधि चंद्र यादव के नेतृत्व में विकलांगजनों के एक समूह ने स्थानीय विधायक रामचन्द्र यादव तथा मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह का बुके व माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विकलांगजनों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में अंत्योदय राशन कार्ड, कृतिम उपकरण व आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। साथ ही रुदौली ओवरब्रिज पर विकलांगजनों को चढ़ने-उतरने में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए रेलवे मार्ग खोलने की मांग भी की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने आश्वासन दिया है। इस मौके पर एखलाक अहमद, मो नफीस, मो. आलम, शिव प्रसाद, सुभाष कुमार, मो. रईस, जगन्नाथ सहित दर्जनों विकलांगजन मौजूद रहे।

# एल.पी.जी. सिलेंडरों के दाम में बढ़ोत्तरी वापस लेने की सजपा ने उठायी मांग



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर ने देश की संप्रभुता एवं आर्थिक आज़ादी को ख़तरे में डालने का भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में लगभग 1000 रुपया की बढ़ोतरी को वापस लेने की माँग की है तथा केंद्र सरकार पर महँगाई बढ़ाने का आरोप लगाया है पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की कैंप कार्यालय बल्ला हाथा में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस सरकार ने बंगाल चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ाना आरंभ कर दिया है कामर्शियल गैस सिलिंडर पर एक हज़ार रूपये की एकसाथ दाम बढ़ाएं जाने से जनता पर पहले से ही महँगाई के बोझ और आर्थिक संकट से जूझ रही आम आदमी पर अत्यधिक को बोझ लाद दिया गया है इससे न केवल व्यापारियों बल्कि आम उपभोक्ता उत्पाद के दामों में वृद्धि कद्य कारण बनेगी है जिससे सभी उपभोक्ता वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे दूसरी ओर घरेलू गैस और कामर्शियल गैस के दामों में भारी अंतर के कारण घरेलू गैस की कालाबाज़ारी बढ़ जाएगी जिससे कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं को भी संकट का सामना पहले से अधिक करना पड़ेगा इसलिए पार्टी सरकार से माँग करती है कि कामर्शियल एलपीजी में वृद्धि वापस लेते हुए पेट्रोलियम पदार्थों पर सरकार अपने करों में कटौती कर के घाटे का समायोजन करे और सरकारी खर्चों को भी कम हो कर के महँगाई को बढ़ने से रोके उन्होंने कहा कि यदि सरकार पेट्रोलियम पदार्थों में मनमाने ढंग से वृद्धि करेगी तो जनता महँगाई के खिलाफ़ आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। बैठक के अंत में समाजवादी जनता पार्टी के पुराने साथी शमशेर बहादुर सिंह एडवोकेट के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक को पार्टी राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य मारूति कुमार सिंह के जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश यादव, प्रदेश सचिव राज नारायण सिंह, शिव कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव श्याम प्रकाश प्रजापति, जिला महासचिव कामता प्रसाद श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अब्बास, महानगर सचिव इंदरपाल चतुर्वेदी, महानगर अध्यक्ष ज़हीर हसन, कार्यालय सचिव सौरभ अग्रवाल, युवा प्रभारी विभा शुक्ला, जिला प्रभारी जितेन्द्र ने भाग लिया।

# समरसता महाकुंभ को लेकर निकाली गई भव्य जनजागरण यात्रा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित होने वाले समरसता महाकुंभ के सफल आयोजन हेतु आज जनजागरण के उद्देश्य से एक भव्य यात्रा निकाली गई। यह यात्रा क्षत्रिय बोर्डिंग, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर से प्रारम्भ हुई, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह जी द्वारा धर्म ध्वजा दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समरसता महाकुंभ के उद्देश्य और उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महानगर संगठन मंत्री अभिषेक, जिला मंत्री अखिलेश, सह मंत्री अभिनव सिंह राजपूत, अमित, महानगर उपाध्यक्ष आदित्य, कार्याध्यक्ष निरंकार मौर्य, संस्कार प्रमुख अवधराज, समरसता प्रमुख शिव कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनजागरण यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने समाज में एकता, भाईचारे और समरसता का संदेश दिया तथा आगामी समरसता महाकुंभ में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# पूर्वांचल की तीन अनमोल धरोहरों का होगा कायाकल्प



**वाराणसी।** पूर्वांचल के गाजीपुर और वाराणसी के तीन प्राचीन व ऐतिहासिक मंदिरों और खंडहर हो चुके स्थानों को संरक्षित किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन और पुरातत्व विभाग ने मास्टर प्लान तैयार किया है। राजातालाब अश्वारी स्थित शिव मंदिर, अर्दली बाजार स्थित गोपाल लाल विला और गाजीपुर के

■ अब खंडहरों में लौटेगी रौनक

पाली स्थित राधा कृष्ण मंदिर शामिल हैं। इन मंदिरों और इमारतों की जर्जर दीवारों को मजबूत बनाते हुए इनके भीतर पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**अश्वारी स्थित शिव मंदिर :** वाराणसी के राजातालाब क्षेत्र के अश्वारी स्थित शिव मंदिर का इतिहास पेशवाओं से जुड़ा है। मंदिर की बनावट, विशेषकर इसके शिखर और नक्काशीदार पत्थर, उन उत्तर भारतीय मंदिरों की याद दिलाते हैं, जिनका पुनर्निर्माण पेशवाओं ने 290 वर्ष पहले वाराणसी के धार्मिक पुनरुद्धार के समय कराया था। मंदिर के गर्भगृह और बाहरी दीवारों पर पेशवा कालीन निर्माण शैली स्पष्ट रूप से झलकती है। यह उस दौर की याद दिलाता है जब पेशवाओं ने काशी को सांस्कृतिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए शहर के बाहरी इलाकों तक मंदिरों का जाल बिछाया था।

**गोपाल लाल विला :** अर्दली बाजार, एलटी कॉलेज परिसर में स्थित गोपाल लाल विला आज खंडहर में तब्दील हो चुका है। इस भवन के खंडहर लगभग 50 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में स्थित हैं।इसके भीतर छोटे-छोटे कमरे बने हुए हैं।

फिलहाल इस संपत्ति पर शिक्षा विभाग का मालिकाना हक है। यहां स्वामी विवेकानंद ने अपने अंतिम दिनों में लगभग सवा महीने तक प्रवास किया था। वर्ष 1902 में जब विवेकानंद बीमार हुए, तब उन्हें यहीं पर स्वास्थ्य लाभ मिला था।

**गाजीपुर का राधा कृष्ण मंदिर :** 400 वर्ष पुराने मंदिर का निर्माण 56 खंभों के साथ किया गया है। पुरनिए बताते हैं कि मंदिर का निर्माण राजस्थानी शैली में हुआ है। मंदिर में राधा कृष्ण की अष्टधातु की मूर्ति मौजूद है। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान ब्रिटानी बैंक में मंदिर के नाम से कुछ पैसा भी जमा था, जिसका आज भी कुछ ब्याज मिलता है।

# नृसिंह लीला: भक्त प्रह्लाद ने संभाली राजगद्दी

## श्रीहरि ने दिया दशावतार रूप में दर्शन, गूंजते रहे जयघोष



**वाराणसी।** नृसिंह भगवान ने भक्त प्रह्लाद की भक्ति और निश्चलता को देखकर हिरण्यकश्यप का वध कर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इसके बाद उन्हें राजा बनाया। गंगा के तट पर राज्याभिषेक की लीला हुई तो हर-हर महादेव, नृसिंह भगवान और भक्त प्रह्लाद के जयघोष गूंजते रहे। इसके साथ ही भक्तों ने श्रीहरि विष्णु के दशावतार की झांकी के दर्शन कर तृप्ति पाई। श्री नृसिंह लीला समिति की ओर से पांच दिवसीय प्राचीन नृसिंह लीला का शनिवार की रात प्रह्लाद घाट पर भक्त प्रह्लाद के राज्याभिषेक के साथ विराम हुआ। लीला की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद भक्त प्रह्लाद का राजतिलक हुआ। कुलगुरु शुक्लाचार्य ने उनके राज्याभिषेक की घोषणा की। पुरोहितों ने राजतिलक की सामग्री-अस्त्र, शस्त्र, वस्त्र, मुकुट आदि-का विधिवत पूजन किया। इसके बाद भक्त प्रह्लाद का राजतिलक शुरू हुआ। घाट की सीढ़ियों पर बुराई पर अच्छाई की जीत के उत्सव को देखकर सभी हर्षित हो रहे थे। पात्रों के भाव और उनकी सशक्त प्रस्तुति सभी को मुग्ध कर रही थी। प्रह्लाद ने अपने पिता के अत्याचारपूर्ण शासन को समाप्त कर एक धर्मपरायण और उदार राजा के रूप में शासन शुरू किया। उन्होंने प्रजा को विष्णु भक्ति और नैतिकता की राह दिखाई। इसके बाद दशावतार की झांकी सजाई गई। श्रीहरि विष्णु के अन्य अवतारों की झांकी के भक्तों ने दर्शन किए। नृसिंह अवतार, वराह के अलावा कूर्म अवतार (कच्छप), मत्स्य अवतार, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, मोहिनी और कल्कि अवतार की झांकी सजाई गई। रामायणियों ने प्रभु के अवतारों के प्रसंगों का वर्णन किया। आरती के साथ लीला को विराम दिया गया। प्रमुख पात्रों में देवराज त्रिपाठी, रुद्रकांत पांडेय, व्यास शशांक त्रिपाठी, रामायणी में पद्म साहनी, सुरेंद्र गुप्ता, राजकुमार त्रिपाठी के अलावा लीला के नेपथ्य में शुद्धू साहनी, लक्ष्मीनारायण पांडेय, मोहित उपाध्याय, विकास, दीप साहनी, भैरव साहनी, अशोक आदि शामिल रहे।

# बीएचयू में 20 दिन चलेगी प्रवेश परीक्षा

## अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड का इंतजार

**वाराणसी।** बीएचयू समेत केंद्रीय विश्वविद्यालयों में यूजी में दाखिले के लिए 20 दिन (11 से 31 मई तक) तक प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। सीबीटी यानी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में कराई जाने वाली परीक्षा को लेकर एनटीए की ओर से तिथि तय कर दी गई है। जिन-जिन शहरों में प्रवेश परीक्षा होनी है, उसकी सूची भी एनटीए की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर में दाखिले के लिए एनटीए की ओर से सीयूईटी (सेंट्रल यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट यूजी-पीजी) कराई जा रही है। अब जबकि ऑनलाइन आवेदन की तिथि बीत चुकी है, ऐसे में प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीएचयू में यूजी में बीए, बीएससी, बीकॉम सहित 100 से ज्यादा कोर्स को मिलाकर करीब 10 हजार सीट हैं। इसें कला, सामाजिक विज्ञान संकाय में ही 30 कोर्स है। इसके अलावा एलएलबी, बीकॉम, बीएससी, डेयरी टेक्नोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी आदि कोर्स हैं।

एनटीए की ओर से 11 से 31 मई तक चलने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए यूपी के साथ ही अन्य प्रदेशों में भी केंद्र बनाया गया है। अब जबकि एनटीए की ओर से परीक्षा की तिथि जारी कर दी गई है, ऐसे में परीक्षा आवेदन करने वाले अभ्यर्थी प्रवेश पत्र का इंतजार कर रहे हैं। एनटीए की ओर से जल्द ही प्रवेश पत्र भी जारी किया जाएगा। एनटीए की निदेशक डॉ. अर्चना शुक्ला ने अभ्यर्थियों को एनटीए की वेबसाइट को देखते रहने की सलाह दी है।

# पोकलेन मशीनों से आठ बड़े निर्माण जमींदोज



**चंदौली।** नगर में जीटी रोड के चौड़ीकरण को लेकर चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान की कार्रवाई शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। पीडब्ल्यूडी विभाग ने पोकलेन मशीन की मदद से सड़क किनारे बने आठ बड़े निर्माण को धराशायी कर दिया। इस दौरान चारों

■ चारों तरफ छाया रहा धूल का गुबार

■ गूंजता रहा मशीनों का शोर

ओर धूल का गुबार छाया रहा और पूरे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। शनिवार सुबह करीब 10 बजे एसडीएम अनुपम मिश्रा और सीओ अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में परमार कटरा के पास कार्रवाई शुरू हुई। इसके बाद टीम काली मंदिर तक बढ़ती गई और सड़क के उत्तरी पटरी पर बने अतिक्रमण को हटाया गया। हालांकि अधिकांश भवन स्वामियों ने प्रशासनिक कार्रवाई से पहले ही अपने निर्माण स्वयं तोड़ना शुरू कर दिया, जिससे अधिकारियों को कम मशक्कत करनी पड़ी। दिनभर बाजार में ड्रिल मशीन, हैमर और जनरेटर की तेज आवाज गूंजती रही। तेज धूप के बावजूद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुटे रहे। कई जगह मजदूरों को लगाकर तो कई स्थानों पर खुद मकान मालिक और उनके परिजन निर्माण तोड़ते नजर आए। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिसमें महिला और पुरुष दोनों कर्मी शामिल थे। अभियान के दौरान कई मार्मिक और चौंकाने वाले दृश्य भी सामने आए। एक वृद्धा ने एसडीएम से गुहार लगाते हुए कहा कि उसके पास मकान तोड़ने के लिए पैसे नहीं हैं, इसलिए प्रशासन ही उसका मकान गिरवा दे। वहीं कुछ जगहों पर मकान मालिकों ने पुराने किरायेदारों के कब्जे वाले हिस्से को मौका देखकर खुद ही ध्वस्त करा दिया, जिससे बाजार में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। भवन तोड़ने के लिए लोगों ने ठेकेदारों को काम सौंप दिया है। छोटी दुकानों को तोड़ने के लिए जहां 8 से 10 हजार रुपये तक लिए जा रहे हैं, वहीं बड़े भवनों के लिए एक लाख रुपये तक का ठेका तय हो रहा है। इसके लिए बाहर के शहरों से भी विशेषज्ञ बुलाए जा रहे हैं।

# बारात में डीजे पर डांस को लेकर बवाल, तोड़फोड़

## बारातियों पर भीड़ ने बोला हमला

**गोरखपुर।** थाना क्षेत्र के करमहां बुजुर्ग में शुक्रवार देर रात बरात के दौरान डीजे पर डांस को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक हो गया। गांव के कुछ लोगों ने लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से बरातियों की करीब आठ गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस को देख आरोपी मौके से भाग गए। घटना में गाड़ियों में सो रहे चालकों की जान बाल-बाल बची। पीड़ित वाहन मालिकों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, करमहां बुजुर्ग के रेहरवा निवासी योगेंद्र पासवान के घर पीपीगंज क्षेत्र के नया गांव निवासी जयराम पासवान के बेटे की बरात आई थी। बताया जा रहा है कि लड़की पक्ष कुछ वर्ष पूर्व गांव में आकर बसा है, जिसको लेकर पहले से ही गांव वालों से उनका विवाद चल रहा था। शुक्रवार देर रात डीजे पर डांस के दौरान कहासुनी शुरू हो गई। इसी बीच खोराबार से आए कुछ लोगों ने गांव के युवकों के साथ मारपीट कर दी।

# नर्स से छेड़खानी पर अस्पताल के निदेशक पर एफआईआर दर्ज



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक नर्स से छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक निजी अस्पताल के निदेशक ने अपने साथी के साथ मिलकर घिनौनी हरकत की है। सिविल लाइंस पुलिस ने अस्पताल के निदेशक डॉ. मनीष केसरी समेत एक अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़िता पुलिस को बताया कि उसने एक अस्पताल में नर्स की नौकरी जॉइन की थी। करीब पांच माह अस्पताल में कार्यरत होने के बाद नर्सिंग की परीक्षा के चलते नौकरी से इस्तीफा दे दिया। परीक्षा के बाद उन्होंने दोबारा नौकरी के लिए संपर्क किया। डॉ. मनीष से भी इस संबंध में बातचीत हुई, जिसके बाद उन्हें 15 मार्च से पुनः जॉइन करने के लिए कहा। इसी दौरान डॉ. ने संपर्क के लिए मोबाइल नंबर ले लिया। आरोप है कि 20 मार्च की रात उसे डॉ. मनीष ने अस्पताल गेट पर बुलाकर कार में बिठाकर सुनसान स्थान पर ले गया। कंधे पर हाथ रखकर अपनी ओर खींचा। विरोध करने पर धमकी दी। आरोप लगाया कि 26 मार्च की रात ड्यूटी के दौरान उसे ऑपरेशन थिएटर में बुलाया, जहां पहले से मौजूद एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। मुंह में रूमाल भर कर पट्टी से मुंह और हाथ बांध दिया। अपने आप बचाने की काफी कोशिश की पर मेरे हाथ बंधे होने की वजह से कमजोर पड़ गई। दोनों नशे की हालत में थे। किसी तरह वह वहां से बचकर बाहर निकलने में सफल रही। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि छेड़खानी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है, मामले की जांच की जा रही है।

# गोरखपुर : थाने में महिला को घसीटकर पीटा

## भाइयों संग भी मारपीट, शांतिभंग में चालान

**गोरखपुर।** बेलघाट थाना परिसर में मारपीट की शिकायत लेकर पहुंची महिला को पुलिसकर्मियों ने घसीटकर पीटा। आरोप है कि बीचबचाव करने पहुंचे उसके दोनों भाइयों को भी पीटा गया। पुलिसकर्मियों ने आरोपियों के बजाए उनका ही शांतिभंग में चालान कर दिया। मामला संज्ञान में आने के बाद एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने दरोगा अशोक कुमार सिंह, कांस्टेबल अजय कुमार, आशुतोष तिवारी व एक अन्य कांस्टेबल को लाइनहाजिर करने के साथ ही विभागीय जांच भी बैठा दी है। जांच एसपी साउथ को सौंपी गई है।

मामला 29 अप्रैल का है। ग्राम बभनौली निवासी नेहा का आरोप है कि 29 अप्रैल की दोपहर में पुरानी रंजिश को लेकर पति सोनू के रिश्तेदार अजीत, उनकी पत्नी सीमा, सीमा की बहन और मां ने घर में घुसकर बेरहमी से उसे पीटा। उस समय घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था। मारपीट में नेहा को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने बताया कि वह अपने भाई के साथ शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंची।

वह थाने के पास एक दुकान पर प्रार्थना पत्र लिखवा रही थीं तभी सादे कपड़ों में पहुंचे दरोगा अशोक कुमार सिंह ने उन्हें जबरन खींचकर थाने के अंदर ले जाने की कोशिश की। विरोध करने पर कथित तौर पर अश्लील भाषा का प्रयोग किया गया। नेहा का आरोप है कि थाने के अंदर ले जाकर सात-आठ पुलिसकर्मियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा। लात-घूंसों, बेल्ट और डंडों से पीटा गया और गालियां दी गईं। उनकी मां और भाइयों को भी पीटा गया। यही नहीं, घटना के बाद उनका और उनके भाइयों का ही शांतिभंग में चालान कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। आरोप है कि पेशी के नाम पर पुलिसकर्मियों ने उससे 500 रुपये भी वसूले।

इसके बाद खराब मौसम में रात आठ बजे उन्हें तहसील परिसर में छोड़ दिया गया। शुक्रवार को परिजनों के साथ पुलिस कार्यालय पहुंची पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाते हुए थाने और पास की दुकान के सीसीटीवी फुटेज जांच कर कार्रवाई की मांग की।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने प्राथमिक जांच के बाद बेलघाट थाने में तैनात एक दरोगा और तीन सिपाहियों को लाइनहाजिर कर दिया है।


# कला, विज्ञान और भावना का संगम है फोटोग्राफी

**गोरखपुर।** राजकीय बौद्ध संग्रहालय में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र कुमार यादव ने फोटोग्राफी को समय को सहेजने की कला बताते हुए कहा कि यह इतिहास का जीवंत दस्तावेज है। फोटोग्राफी कला, विज्ञान और भावना का संगम है। उन्होंने बताया कि आज स्मार्टफोन के दौर में हर व्यक्ति फोटोग्राफर बन गया है। फोटोग्राफी पुरातत्व व इतिहास में दस्तावेजीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने वाइड एंगल व टिल्टेड लेंस के उपयोग पर भी जानकारी दी और अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान प्रतिभागियों ने धरोहर प्रदर्शनी का अवलोकन कर छायांकन किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. यशवंत सिंह राठौर ने बताया कि दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी शुरू हो गई है, जिसमें प्रतिभागियों को तीन मई तक प्रविष्टियां जमा करनी होंगी। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को चार मई को सम्मानित किया जाएगा।

# 74 लाख की जमीन के लिए पिता को मार दी गोली

**मेरठ।** जानी थाना क्षेत्र के रसूलपुर धौलड़ी गांव में जमीन के 74 लाख रुपये के बंटवारे को लेकर पिता की हत्या करने के आरोपी पुत्र रियाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से हत्या में प्रयोग किया गया लाइसेंसी रिवाल्वर भी बरामद कर लिया है। शुक्रवार देर रात पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी रियाज को रसूलपुर धौलड़ी के पास स्थित राजबहा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने बताया कि आरोपी के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल किया गया रिवाल्वर बरामद कर लिया गया है। रिवाल्वर का लाइसेंस आरोपी रियाज के नाम है। लाइसेंस निरस्त कराने के लिए प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है। आरोपी रियाज को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उससे जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि रसूलपुर धौलड़ी गांव निवासी किसान एजाज ने हाल ही में अपनी जमीन 74 लाख रुपये में बेची थी। परिवार में पांच बेटे हैं।

# पशु आहार भी 100 रुपये तक हुआ महंगा



**हाथरस।** हाथरस में पशुपालकों को जबरदस्त महंगाई झेलनी पड़ रही है।

■ पशुपालकों को झेलनी पड़ रही महंगाई की मार

पशु आहार की कीमतों में करीब 100 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हो गई है, जिससे दूध की उत्पादन लागत बढ़ रही है। लगभग 1800 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से मिलने वाला सामान्य पशु आहार अब 1850 रुपये में मिल रहा है। अच्छी गुणवत्ता वाले पशु आहार, जो पहले 2200 से 2400 रुपये प्रति क्विंटल के बीच मिलते थे, उनके दाम भी करीब 100 रुपये बढ़ गए हैं। व्यापारियों के अनुसार सरसों की खल, जौ का चोकर और अन्य कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के कारण पशु आहार महंगा हुआ है। पशुपालकों के अनुसार एक गाय या भैंस को प्रतिदिन औसतन 4 से 6 किलो तक पशु आहार की जरूरत होती है। ऐसे में कीमतों में हुई बढ़ोतरी का सीधा असर पशुपालकों की जेब पर पड़ रहा है। पशुपालकों का कहना है कि दूध के दाम में उतनी बढ़ोतरी नहीं हुई, जितनी लागत बढ़ रही है। इससे पशुपालन प्रभावित हो रहा है।

# प्रयागराज से सोनभद्र तक बनेगा 330 किमी लंबा विंध्य एक्सप्रेसवे



**प्रयागराज।** गंगा एक्सप्रेसवे के बाद प्रयागराज वासियों को अब विंध्य एक्सप्रेसवे का तोहफा मिलने जा रहा है जो उत्तर प्रदेश को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा और यह गंगा एक्सप्रेसवे से लिंक होगा। इस पर जल्द ही काम शुरू होने की

■ 84 गांवों की जमीन का होगा अधिग्रहण

उम्मीद है। विंध्य एक्सप्रेसवे के लिए जिन गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है उनमें सोरांव तहसील का गांव जुड़ापुर दांदू भी शामिल हैं और इसी गांव में गंगा एक्सप्रेसवे का अंतिम छोर है जिसका उद्घाटन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई से किया। प्रयागराज से सोनभद्र तक तकरीबन 330 किमी लंबा प्रस्तावित विंध्य एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को चार राज्यों की सीमा से जोड़ेगा। सोनभद्र से चार राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा जुड़ी है। ऐसे में दिल्ली व पश्चिमी यूपी की ओर से गंगा एक्सप्रेसवे आने वाले लोगों को सोरांव के जुड़ापुर दांदू में विंध्य एक्सप्रेसवे का लिंक मिल जाएगा। इससे समय और दूरी दोनों की बचत होगी। साथ ही व्यापार व पर्यटन की दृष्टि से भी यह काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। यह एक्सप्रेस प्रयागराज में सोरांव, फूलपुर, हंडिया तहसील के रास्ते होते हुए मिर्जापुर और सोनभद्र तक जाएगा। एक्सप्रेसवे के लिए तीन तहसीलों के जिन 84 गांवों में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, उनमें तहसील सोरांव के 29, फूलपुर के 24 और तहसील हंडिया के 31 गांव हैं। जिला प्रशासन की ओर से इन गांवों की सूची तैयार की जा चुकी है।

# शादीशुदा महिला से संबंध बनाने का दबाव



**गुलरिहा गोरखपुर।** थाना क्षेत्र में शादीशुदा महिला ने गांव के युवक पर अश्लील फोटो व वीडियो के जरिये ब्लैकमेल कर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर

■ शादी तय होने के बाद शुरू किया उत्पीड़न

■ ससुराल और मायके में भी की मारपीट

मारपीट और परिवार को धमकाने की भी बात सामने आई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस प्रकरण से जुड़ा एक अन्य मामला भी चर्चा में है, जिसकी कड़ी पुलिस जोड़कर देख रही है।

जानकारी के अनुसार, युवती की शादी 29 अप्रैल 2025 को महराजगंज के पनियरा क्षेत्र में हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी तय होने से पहले गांव का योगेंद्र मौर्या उससे बातचीत करता था। शादी तय होने के बाद भी वह संपर्क में रहा और अश्लील फोटो व वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि इसी आधार पर वह जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। पीड़िता के अनुसार, बीते 19 मार्च को आरोपी नशे की हालत में उसके ससुराल पहुंच गया और जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। घटना के बाद जब पीड़िता अपने मायके पहुंची तो आरोप है कि युवक वहां भी पहुंच गया और दोबारा मारपीट करते हुए परिवार को धमकी दी। बताया जा रहा है कि इसी विवाद से जुड़ा एक अन्य मामला बीते 22 मार्च की रात सामने आया था। आरोपी योगेंद्र मौर्या पर धारदार हथियार (बांकी) से जानलेवा हमला कर दिया गया था। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हमले के मामले में पुलिस ने एक अज्ञात समेत पांच आरोपियों के खिलाफ बलवा और हत्या के प्रयास की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। वहीं, युवती की तहरीर पर दर्ज ब्लैकमेल और मारपीट के मामले की भी जांच की जा रही है। सीओ रवि कुमार सिंह का कहना है कि दोनों घटनाओं के बीच संबंध की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


# 50 हजार का इनामी गैंगस्टर थाणे से गिरफ्तार

## लंबे समय से छिपकर रह रहा था

**वाराणसी।** गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त ओमप्रकाश पांडेय को वाराणसी एसटीएफ ने महाराष्ट्र के थाणे धारावी थाना क्षेत्र के नब्बे फिट रोड से गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से दूसरे राज्य में छिपकर रह रहा था। एसटीएफ के एडिशनल एसपी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि चंदौली के सकलडीहा थाने में वांछित ओमप्रकाश पांडेय पर मामले दर्ज हैं। वह चौबेपुर थाना क्षेत्र के जयरामपुर मुनारी चोरण का निवासी है। एसटीएफ की टीम को पुख्ता सूचना मिली कि आरोपी महाराष्ट्र में छिपा है। निरीक्षक अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों विशाल यादव और नितीश हरिजन के साथ मिलकर पशु तस्करी करता था। यह गिरोह उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पशुओं को ट्रक व पिकअप में भरकर बिहार, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में सप्लाई करता था।

# शीर्ष 10 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.20 लाख करोड़ का इजाफा

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते देश की शीर्ष-10 सबसे कीमती कंपनियों में से चार कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। यह सप्ताह छुट्टियों की वजह से छोटा था। पिछले हफ्ते बीएसई का सेंसेक्स 249.29 अंक यानी 0.32 फीसदी बढ़कर ऊपर गया। रिलायंस ब्रोकिंग के अनुसंधान प्रमुख अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में हल्की बढ़त रही। लेकिन माहौल उतार-चढ़ाव वाला और सीमित दायरे में रहा, क्योंकि वैश्विक और घरेलू संकेत एक जैसे नहीं थे। उन्होंने बताया कि हफ्ते की शुरुआत अच्छी रही। वैश्विक तनाव कम होने और चौथी तिमाही के नतीजों में सुधार से बाजार को शुरुआत में सहारा मिला। लेकिन बाद में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने, एशियाई बाजारों से कमजोर संकेत मिलने और विदेशी निवेशकों की




लगातार बिकवाली की वजह से बाजार की बढ़त सीमित हो गई। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टीसीएस और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त रही। वहीं, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी की बाजार कीमत में कुल 1.24 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई।

**किन चार कंपनियों का बाजार मूल्य बढ़ा?**

रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्य 1,39,655.8 करोड़ रुपये बढ़कर 19,36,303.30 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, भारती एयरटेल का बाजार मूल्य 43,503.51 करोड़ रुपये बढ़कर 11,49,222.13 करोड़ रुपये पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्य 27,569.83 करोड़ रुपये बढ़कर 8,94,933.95 करोड़ रुपये हो गया और बजाज फाइनेंस की बाजार कीमत 9,432.32 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,123.13 करोड़ रुपये हो गई।

**इन कंपनियों को हुआ नुकसान**

वहीं, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्य 45,364.62 करोड़ रुपये घटकर 9,04,980.78 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई का बाजार मूल्य 30,922.57 करोड़ रुपये घटकर 9,85,829.96 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्य 20,951.31 करोड़ रुपये घटकर 11,87,274.17 करोड़ रुपये रह गया और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्य 18,420.79 करोड़ रुपये घटकर 5,28,799.01 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का मूल्य 8,222.49 करोड़ रुपये घटकर 5,04,798.07 करोड़ रुपये रह गया। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्य 178.83 करोड़ रुपये घटकर 5,51,993.05 करोड़ रुपये रह गया।

**रिलायंस इंडस्ट्रीज सर्वाधिक मूल्य वाली कंपनी**

कुल मिलाकर, रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे ज्यादा बाजार मूल्य वाली कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

### सोने की खरीदारी में आरबीआई से भी आगे निकली टीथर

# 154 टन स्वर्ण भंडार के साथ दुनिया के टॉप 20 देशों की लिस्ट में शामिल

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी स्टेबलकॉइन जारी करने वाली क्रिप्टो टीथर ने सोने की खरीद के मामले में दुनिया के कई बड़े देशों के केंद्रीय बैंकों को पीछे छोड़ दिया है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, टीथर का गोल्ड रिजर्व 132 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो पड़ोसी देश पाकिस्तान के कुल स्वर्ण भंडार (65 टन) से लगभग दोगुना है।

**आरबीआई से ज्यादा की खरीदारी**

हैरानी की बात यह है कि सोने की खरीदारी की रफ्तार में टीथर ने भारतीय रिजर्व बैंक को भी पीछे छोड़ दिया है। साल 2025 में टीथर ने पोलैंड को छोड़कर दुनिया के लगभग सभी देशों के केंद्रीय बैंकों से ज्यादा सोना खरीदा। जहां पिछले साल भारत के केंद्रीय बैंक ने केवल 4 टन सोना खरीदा, वहीं टीथर ने अकेले मार्च तिमाही में 6 टन और उससे पिछली तिमाही में 27 टन सोना अपने खजाने में जमा किया।

**डिजिटल डॉलर के पीछे असली सोने की ताकत**

टीथर एक स्टेबलकॉइन है, जिसकी वैल्यू अमेरिकी डॉलर के बराबर रहती है। इसे और अधिक सुरक्षित और स्थिर बनाने के लिए कंपनी लगातार अपने रिजर्व को मजबूत कर रही है। टीथर के पास वर्तमान में 132 टन गोल्ड रिजर्व है, जिसकी कीमत लगभग 19.8 अरब डॉलर है। इसके अलावा कंपनी के पास टीथर गोल्ड टोकन के लिए अलग से 22 टन सोना और 7 अरब डॉलर के बिटकॉइन भी मौजूद हैं।

**दुनिया के टॉप 20 देशों में हो सकती है गिनती**

यदि टीथर कोई देश या केंद्रीय बैंक होता, तो वह अपनी गोल्ड होल्डिंग्स के आधार पर दुनिया के टॉप 20 देशों की सूची में शामिल होता। हालांकि टीथर के रिजर्व में अभी भी 90 प्रतिशत हिस्सेदारी डॉलर की है, लेकिन सोने की हिस्सेदारी अब 10 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। अल साल्वाडोर में मुख्यालय वाली इस कंपनी ने पिछले 12 महीनों में अपनी गोल्ड होल्डिंग्स को दोगुना कर लिया है। दुनिया की सबसे बड़ी स्टेबलकॉइन कंपनी टीथर का गोल्ड रिजर्व 132 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। कंपनी ने हाल की तिमाहियों में आक्रामक तरीके से सोने की खरीद की है, जिससे इसका भंडार पाकिस्तान के 65 टन गोल्ड रिजर्व से दोगुना हो गया है। साल 2025 के आंकड़ों के अनुसार, टीथर ने पोलैंड के अलावा दुनिया के अन्य सभी केंद्रीय बैंकों, यहाँ तक कि भारत के आरबीआई से भी अधिक सोना खरीदा है। वर्तमान में टीथर के पास कुल 154 टन सोना और 7 अरब डॉलर के बिटकॉइन मौजूद हैं। यदि टीथर एक देश होता, तो स्वर्ण भंडार के मामले में यह दुनिया के शीर्ष 20 देशों की सूची में जगह बनाता।

## ऑटो इंडस्ट्री पर 25,000 करोड़ का वित्तीय संकट

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री आने वाले वित्तीय वर्ष में एक बड़े आर्थिक दबाव का सामना कर सकती है। सरकार के नए 'पर्यावरण संरक्षण (एंड-ऑफ-लाइफ व्हीकल) नियम 2025' ने ऑटो

■ नए पर्यावरण नियमों से कंपनियों के मुनाफे और निवेश पर मंडराया खतरा



कंपनियों की नींद उड़ा दी है। इस नियम के तहत अब कंपनियों को पिछले 20 वर्षों में बेचे गए पुराने वाहनों के निपटान (EPR - विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व) के लिए भारी-भरकम बजट अभी से अलग रखना होगा। जानकारों का मानना है कि इस नियम के कारण इंडस्ट्री का लगभग 25,000 करोड़ रुपये का मुनाफा प्रभावित हो सकता है।

**अतीत के वाहनों का बोझ, वर्तमान के मुनाफे पर-** नियमों के अनुसार, कंपनियों को उन वाहनों के लिए भी पर्यावरणीय मुआवजे का प्रावधान अपनी अकाउंटिंग बुक्स में करना होगा, जो वे सालों पहले बेच चुकी हैं। इसमें 20 साल पुराने निजी वाहन और 15 साल पुराने कमर्शियल वाहन शामिल हैं। ऑडिटर्स का कहना है कि यह नियम कंपनियों के कैश फ्लो और बैलेंस शीट पर सीधा असर डालेगा। भले ही किसी कंपनी का कारोबार बंद करने का इरादा न हो, लेकिन भविष्य की देनदारियों के लिए अभी से फंड रिजर्व करने की कानूनी बाध्यता ने कंपनियों की वित्तीय स्थिति को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

**नई टेक्नोलॉजी और EV निवेश पर पड़ेगा असर**

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चर्स (स्द्धरू) ने सरकार से इस नियम में संशोधन की मांग की थी, लेकिन राहत न मिलने से चिंता और बढ़ गई है। इंडस्ट्री विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस नियम का सबसे बड़ा झटका पैसेंजर और कमर्शियल वाहन निर्माताओं को लगेगा, जिन पर करीब 14,623 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ आ सकता है।

# पाकिस्तान में 11% तक जा सकती है महंगाई दर, डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया 298 तक पहुंच सकता है

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और बढ़ते तेल संकट के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर दबाव और बढ़ने वाला है। अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती रहीं, तो पाकिस्तान में महंगाई दर फिर से दहाई के आंकड़े को पार कर 11% तक पहुंच सकती है। वहीं डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया की कीमत 298 तक जा सकती है। डॉन और टॉपलाइन सिक्योरिटीज लिमिटेड की पाकिस्तान स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।



**120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है कच्चा तेल, महंगाई बढ़ेगी**

रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा हालात में अगले एक साल तक महंगाई औसतन 9 से 10त्न के बीच रह सकती है। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में इसके 11% से ऊपर जाने का अनुमान है। अगर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल रहती है, तो महंगाई बढ़ेगी और तेल में हर 10 डॉलर के उछाल से महंगाई 50 बेसिस पॉइंट बढ़ जाएगी। तेल 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंचने पर सालाना महंगाई 11% तक जा सकती है, जिससे स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान को ब्याज दरें बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

**महंगाई के कारण पाकिस्तान की GDP ग्रोथ के अनुमान में भी कटौती**

बढ़ती महंगाई के कारण पाकिस्तान की आर्थिक ग्रोथ की रफ्तार धीमी होने की आशंका है। रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2027 के लिए तष्ठक्क ग्रोथ का अनुमान 4.0त्न से घटाकर 2.5 से 3.0% कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2026 के लिए ग्रोथ 3.5 से 4.0% रहने की संभावना है। औद्योगिक क्षेत्र यानी इंडस्ट्रियल सेक्टर पर इसका सबसे बुरा असर पड़ सकता है, जहां ग्रोथ 4% से गिरकर महज 1त्न पर आ सकती है।

**वित्त वर्ष 2027 में पाकिस्तान का CAD 8 बिलियन डॉलर के पार जा सकता है**

रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगर सरकार ने आयात यानी इंपोर्ट पर कंट्रोल नहीं रखा, तो वित्त वर्ष 2027 में पाकिस्तान का करंट अकाउंट डेफिसिट यानी CAD 8 बिलियन डॉलर (करीब ?67,000 करोड़) के पार जा सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव और बढ़ेगा। वहीं वित्त वर्ष 2026 में राजकोषीय घाटा यानी फिस्कल डेफिसिट GDP का 4.0 से 4.5त्न रहने का अनुमान है, जो इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के तय लक्ष्यों से काफी ज्यादा है।

**पाकिस्तानी मार्केट दुनिया का सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला बाजार बना**

पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (PSX) दुनिया के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक रहा है। इसकी मुख्य वजह ऊर्जा के लिए आयात पर भारी निर्भरता है। पाकिस्तान अपनी जरूरत की 85% ऊर्जा आयात करता है। वित्त वर्ष 2026 में पेट्रोलियम आयात 15 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसी वजह से साल की पहली तिमाही में मार्केट में 15% की गिरावट देखी गई है।

## एक दशक में यूपीआई ट्रांजैक्शन की संख्या में करीब 12,000 गुना उछाल : सरकार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बताया कि भारत के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने पिछले एक दशक में लेनदेन की मात्रा में लगभग 12,000 गुना की असाधारण वृद्धि दर्ज की है। 11 अप्रैल, 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रेगुलेटरी देखरेख में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा लॉन्च किया गया यूपीआई, भारत के डिजिटल पेमेंट्स इकोसिस्टम की रीढ़ बन गया है। मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2016-17 में सिर्फ 2 करोड़ ट्रांजेक्शन के मामूली आधार से बढ़कर, इस प्लेटफॉर्म ने वित्त वर्ष 2025-26 में 24,162 करोड़ से ज्यादा ट्रांजैक्शन प्रोसेस किए। वैल्यू के मामले में भी, यूपीआई का उभार उतना ही शानदार रहा है। ट्रांजैक्शन की वैल्यू, ऑपरेशन के पहले साल में 0.07 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 314 लाख करोड़ रुपए हो गई, जो 4,000 गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी है। वॉल्यूम और वैल्यू, दोनों में यह दोहरा विस्तार इस बात को दिखाता है कि यह प्लेटफॉर्म न सिर्फ छोटे रिटेल पेमेंट्स के लिए, बल्कि ज्यादा वैल्यू वाले ट्रांजैक्शन के लिए भी कितना ज्यादा जरूरी होता जा रहा है। सरकारी आकलन के अनुसार, यूपीआई के पैमाने, इंटरऑपरेबिलिटी और भरोसे ने भारत को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में एक ग्लोबल लीडर के तौर पर स्थापित किया है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने यूपीआई को ट्रांजैक्शन वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम के तौर पर मान्यता दी है, जिससे ग्लोबल फिनटेक परिदृश्य में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है। साल 2025 यूपीआई के विकास के सफर में एक अहम मोड़ साबित हुआ, जब पहली बार मासिक ट्रांजैक्शन वॉल्यूम 2,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। अगस्त 2025 में, ट्रांजैक्शन 2,001 करोड़ तक पहुंच गए, और यह रफ्तार पूरे साल जारी रही, जिसका नतीजा दिसंबर में 2,163 करोड़ ट्रांजैक्शन के रिकॉर्ड के रूप में सामने आया। कुल मिलाकर, यूपीआई ने कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान लगभग 22,000 करोड़ ट्रांजैक्शन प्रोसेस किए, जिनका औसत लगभग 60 करोड़ ट्रांजैक्शन प्रतिदिन रहा।

# अमेरिका-ईरान शांति वार्ता पर टिकी निवेशकों की नजर, निफ्टी के लिए 23,900 अहम सपोर्ट

**नई दिल्ली।** आज जब बाजार खुलेगा तो निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता पर रहेगी। इसके अलावा टाटा टेक और बीएचईएल जैसी कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों से लेकर विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री जैसे फैक्टर्स भी बाजार की चाल तय करेंगे। सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। यहां खरीदारी का मौका हो सकता है। रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। रजिस्टेंस जोन पार करने पर तेजी की उम्मीद रहती है।

**अब 5 फैक्टर्स जो बाजार की दिशा तय कर सकते हैं-**

भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता भारी उतार-चढ़ाव वाला रहा। गुरुवार को सेंसेक्स और निफ्टी में 0.7त्न से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई थी। शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस के कारण बाजार बंद रहा, लेकिन इस दौरान वैश्विक स्तर पर कई बड़े घटनाक्रम हुए हैं।

**1. शांति वार्ता पर ट्रम्प के रुख पर निर्भर होगा बाजार**

शनिवार को ईरान ने अमेरिका को एक नया शांति प्रस्ताव भेजा है, जिसमें 14 प्रमुख बिंदु शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे इस प्रस्ताव की खुद समीक्षा करेंगे। ट्रम्प ने ये भी कहा कि ईरान ने पिछले 47 वर्षों में मानवता और दुनिया के साथ जो किया है, उसकी उसने अब तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है। उनके इस बयान से संकेत मिलते हैं कि डील इतनी आसान नहीं होगी।

**2. कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजें**

टाटा टेक्नोलॉजीज, टाटा केमिकल्स, बीएचईएल, गोदरेज प्रॉपर्टीज और एथर एनर्जी जैसी कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे आएंगे। वहीं शनिवार को डी मार्ट और कोटक बैंक ने नतीजे घोषित किए थे। इन दोनों कंपनियों के शेयरों में सोमवार को हलचल देखने को मिल सकती है।

**3. विदेशी निवेशकों की बिकवाली-** विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय बाजार से लगातार पैसा निकाल रहे हैं। अप्रैल महीने में उन्होंने कुल 70,135 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। हालांकि, घरेलू निवेशक बाजार को सहारा देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान 51,063 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं।

**4. डॉलर के मुकाबले रुपया 95 के पार**

गुरुवार को भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 95.33 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है, जिससे रुपए पर दबाव बना हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भू-राजनीतिक तनाव कम होता है, तो रुपए को थोड़ी मजबूती मिल सकती है। फिलहाल 94.50 का स्तर एक सपोर्ट की तरह काम करेगा।

**5. टेक्निकल नजरिया-** चॉइस ब्रोकिंग के टेक्निकल रिसर्च एनालिस्ट आकाश शाह ने कहा कि प्राइस एक्शन को देखकर लगता है कि बाजार थोड़ा पॉजिटिव रुझान के साथ एक दायरे में रह सकता है। बाजार में ऊपर की तरफ 24,350 और 24,600 के लेवल पर रेजिस्टेंस यानी रुकावट दिख रही है। वहीं नीचे की तरफ 23,900 और 23,550 पर सपोर्ट नजर आ रहा है। अगर बाजार 23,500 के नीचे गिरता है, तो बिकवाली का दबाव और बढ़ सकता है। मौजूदा हालात में ट्रेडर्स को अनुशासन बनाए रखने के साथ स्टॉप-लॉस का सख्ती से पालन करना चाहिए।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर. के मुताबिक सेंसेक्स के लिए ऊपर की तरफ 77,500-78,000 का लेवल अभी भी एक बड़ी रुकावट बना हुआ है। वहीं, गिरावट आने पर 76,300-76,000 का लेवल तुरंत सपोर्ट देगा। इंडेक्स अभी वेट-एंड-वॉच वाली स्थिति में है।

## गैस के दाम बढ़ने के बाद कितने रुपये में रिफिल करा सकेंगे छोटू सिलिंडर?

**नई दिल्ली।** मई 2026 की शुरुआत के साथ ही आम आदमी की रसोई और छोटे व्यापारियों के बजट पर गहरा असर पड़ा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बड़ा बदलाव किया है, जिससे विशेष रूप से पोर्टेबल छोटू सिलिंडर का उपयोग करने वाले प्रवासी मजदूरों और छात्रों की चिंता बढ़ गई है। मिडिल ईस्ट में जारी भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं के कारण गैस की कीमतों में यह उछाल देखने को मिला है। जहां एक ओर कमर्शियल सिलिंडर के दाम आसमान छू रहे हैं, वहीं राहत की बात यह है कि घर के चूल्हे पर इस्तेमाल होने वाले घरेलू सिलिंडर की कीमतें फिलहाल स्थिर बनी हुई हैं। **छोटू सिलिंडर की नई रिफिल कीमतें-** मई 2026 से 5 किलोग्राम वाले छोटू सिलिंडर की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। दिल्ली में इस मिनी सिलिंडर की रिफिल कीमत अब करीब 810.5 रुपये तक पहुंच गई है, जिसमें 261 रुपये की सीधी बढ़ोतरी हुई है। **नया छोटू सिलिंडर लेने की प्रक्रिया और लागत-** छोटू सिलिंडर को सिर्फ पहचान पत्र दिखाकर खरीदा जा सकता है। इसे ऑथोराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटरों और कुछ पेट्रोल पंपों से भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। किमत बढ़ने के बाद दिल्ली में 5 किलो वाले छोटू सिलिंडर का नया कनेक्शन लेने के लिए आपको लगभग 2000 रुपये लग सकते हैं।पहली बार कनेक्शन लेते समय ग्राहक को सिलिंडर, पाइप और रेगुलेटर भी दी जाती है। **रिफिल बुकिंग और वेटिंग का नया नियम-** छोटू सिलिंडर रिफिल कराने के लिए शहर और गांव दोनों जगहों के नियम अलग-अलग हैं। अगर आप शहर में रहते हैं, तो छोटू सिलिंडर को हर 9 दिनों के अंतराल पर दोबारा रिफिल करा सकते हैं। वहीं अगर आप गांवों में रहने वाले उपभोक्ताओं हैं तो यह समय सीमा थोड़ी अधिक है, वे 16 दिनों के बाद ही सिलिंडर दोबारा भरवा सकते हैं। **कमर्शियल और घरेलू सिलिंडर के ताजा दाम व कारण-** छोटू सिलिंडर के साथ 19 किलो वाले कमर्शियल सिलिंडर के दाम में 993 रुपये की ऐतिहासिक बढ़ोतरी हुई है, जिससे दिल्ली में इसकी कीमत 3,071.5 रुपये हो गई है। अच्छी खबर यह है कि 14.2 किलो वाले घरेलू सिलिंडर के दाम स्थिर हैं, दिल्ली में इसकी कीमत अब भी 913 रुपये है।

## विदेशी बाजारों में दाम मजबूत होने से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। दूसरी तरफ विदेशों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट रही। सामान्य कारोबार के बीच सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें पूर्व-स्तर पर बंद हुई। बाजार सूत्रों ने कहा कि खपत बढ़ने पर पिछले साल की तरह खाद्यतेलों का आयात भी बढ़ना चाहिए था। नवंबर-दिसंबर, 2022 के दौरान 31,11,669 टन (खाद्य एवं अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जो नवंबर-दिसंबर, 2023 में 21 प्रतिशत घटकर 24,72,276 टन रह गया। पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति की वजह से आपूर्ति प्रभावित



होने की भी आशंका है और देश के बंदरगाहों पर सोयाबीन तेल आने में 40-45 दिन लगते हैं। ऐसी परिस्थिति में विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मंदा होने के बावजूद देश के बाजारों पर कोई असर नहीं पड़ा। यह दर्शाता है कि आयात कम होने की वजह से देश में खाद्यतेलों का स्टॉक कम है। सूरजमुखी, सोयाबीन जैसे खाद्यतेलों की आपूर्ति कम है। आगे जाड़े के साथ शादी-विवाह के मौसम की मांग भी बढ़ने वाली है। ऐसे में खाद्यतेलों की आपूर्ति की दिक्कत बढ़ सकती है। इस तरफ ध्यान दिए जाने की जरूरत है। यह स्थिति देशी तेल तिलहन का उत्पादन बढ़ाने की भी जरुरत को रेखांकित करता है। देश की एक प्रमुख तेल कंपनी पामोलीन तेल के 770 ग्राम का पाउच (थैली) 85 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रही है। इसके हिसाब से पामोलीन तेल का भाव 120 रुपये प्रति किलो बैठता है। जबकि पामोलीन का आयात भाव 85 रुपये प्रति किलो ही है। पामोलीन तेल गरीब लोग ज्यादा उपयोग करते हैं और वे इस बढ़ी लागत का बोझ उठाने को मजबूर हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि तेल संगठनों को इस पहलू पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ सरकार को भी सिर्फ थोक दाम कम होने पर ध्यान देने के बजाय खुदरा बिक्री मूल्य की भी सुध लेनी होगी। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन - 5,415-5,465 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 6,665-6,740 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350-2,625 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,025 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,710 - 1,805 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,710 -1,810 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 10,075 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 9,825 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 8,325 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 7,900 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 8,525रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 8,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,005-5,035 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,815-4,855 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)- 4,050 रुपये प्रति क्विंटल।

# क्या स्क्रैप पॉलिसी से खत्म हो जाएगा विंटेज कार कल्चर?

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की नई व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी को लेकर आम खरीदारों और विंटेज कार प्रेमियों के बीच एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है–क्या आने वाले समय में पुरानी गाड़ियों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा? दरअसल, इस पॉलिसी के तहत वाहन निर्माता

■ जानें पुरानी गाड़ियों के भविष्य पर क्या कहता है नया नियम

कंपनियों पर भविष्य के स्क्रैप खर्च के लिए फंड रिजर्व करने का दबाव बढ़ा है, जिसका सीधा असर ऑटो सेक्टर और गाड़ियों के रखरखाव पर पड़ना तय है।

**50 साल पुरानी गाड़ियों को राहत, लेकिन 20-45 साल वाली गाड़ियाँ जोखिम में-**

सरकार ने विंटेज गाड़ियों के लिए स्पष्ट नियम बनाए हैं। भारत में 50 साल से अधिक पुरानी गाड़ियों को 'विंटेज' श्रेणी में रखा गया है, जिन्हें स्क्रैप करने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, इन गाड़ियों का व्यावसायिक या दैनिक इस्तेमाल प्रतिबंधित रहेगा और इन्हें केवल रैली या विशेष कार्यक्रमों में चलाने की अनुमति मिलेगी। असली संकट उन गाड़ियों पर है जो 20 से 45 साल के बीच की हैं। ये गाड़ियाँ न तो नई हैं और न ही अभी विंटेज बनी हैं, ऐसे में रखरखाव और भारी रजिस्ट्रेशन फीस के कारण इनके भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है।

**फिटनेस टेस्ट और इलेक्ट्रिक रेट्रोफिटिंग है विकल्प-** स्क्रैप पॉलिसी का मतलब यह कतई नहीं है कि 15-20 साल होते ही गाड़ी जब्त कर ली जाएगी। नियम के अनुसार, तय समय सीमा के बाद गाड़ी का 'फिटनेस टेस्ट' होगा। यदि गाड़ी प्रदूषण और सुरक्षा मानकों पर खरी उतरती है, तो उसे दोबारा रजिस्टर कराया जा सकता है। इसके अलावा 'इलेक्ट्रिक रेट्रोफिटिंग' (इंजन को इलेक्ट्रिक में बदलना) एक नया रास्ता बनकर उभरा है, जिससे पुरानी गाड़ियों को प्रदूषण मुक्त बनाकर लंबे समय तक चलाया जा सकेगा।

**आम आदमी के लिए चुनौती, शौकीनों के लिए अवसर-** जानकारों का मानना है कि स्क्रैप पॉलिसी विंटेज कल्चर को खत्म नहीं करेगी, लेकिन इसे सीमित जरूर कर देगी। एक अमीर व्यक्ति या कलेक्टर अपनी महंगी गाड़ी के लिए भारी टैक्स और मेंटेनेंस खर्च उठा सकता है, लेकिन मध्यम वर्ग के लिए पुरानी मारुति या हुंडई जैसी गाड़ियों को 50 साल तक सहेज कर रखना आर्थिक रूप से कठिन होगा। भविष्य में विंटेज कारें केवल असली शौकीनों और खास म्यूजियम्स तक सीमित रह सकती हैं, जबकि सड़कों पर पुरानी गाड़ियों की संख्या धीरे-धीरे कम होती जाएगी।

## मुंबई और लखनऊ के बीच मैच में हार्दिक और पंत पर होगी निगाह



**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस को यदि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगर मगर की कठिन डगर की उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मुकाबले में उसके कप्तान हार्दिक पंड्या, प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पंड्या (146 रन और चार विकेट) और सूर्यकुमार (186) का अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिससे मुंबई को काफी नुकसान हुआ है। विशेषकर तब जबकि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। वह हालांकि अब वापसी की राह पर हैं। पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसकी आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं।

मुंबई को अगर मगर से क्वालीफाई करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे और साथ ही अन्य टीम के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी। उसके प्रमुख खिलाड़ी अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई के खराब प्रदर्शन से हार्दिक की कप्तानी भी सवालों के घेरे में आ गई है। रणनीति के मामले में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। मुंबई के बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जबकि हार्दिक का बल्ले और गेंद दोनों से साधारण प्रदर्शन रहा है। गेंदबाजी में हार्दिक का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सूर्यकुमार अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील करने में नाकाम रहे हैं, जो वास्तव में चिंता का विषय है क्योंकि अब वह पहले की तरह गेंदबाजों पर हावी नहीं हो पा रहे हैं। भारत की टी20 टीम के कप्तान ने 2025 में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। उन्होंने 2026 की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया। वह न तो पूरी तरह से फॉर्म से बाहर नजर आ रहे हैं और ना ही वह क्रीज पर लंबा समय बिता पाए हैं।

मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, कृष भगत, केशव महाराज, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

लखनऊ सुपर जाइंट्स: ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी, मयंक यादव।

समय 7:30 बजे

## गुजरात ने पंजाब को चार विकेट से रौंदा, सुदर्शन का शानदार अर्धशतक



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 163 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात टाइटंस ने आखिरी ओवर तक चले मुकाबले में एक गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। गुजरात ने 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 167 रन बनाकर मैच जीता। गुजरात की आईपीएल 2026 में 10 मैचों में छठवीं जीत है, जबकि पंजाब ने दूसरा मुकाबला गंवाया। आईपीएल 2026 के 46वें मुकाबले में पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब किंग्स की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में दो विकेट गंवा दिए। प्रियांश आर्या दो और कूपर कोनली बिना खाता खोले आउट हुए। मोहम्मद सिराज पहले ओवर में हैट्रिक से चूक गए। छठे ओवर में प्रभसिमरन सिंह 14 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हुए। नेहल वढेरा भी खाता नहीं खोल सके। कप्तान श्रेयस अय्यर 21 गेंद में 19 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सूर्यांश शेडगे ने 29 गेंद में 57 रन की पारी खेली। इस दौरान सूर्यांश ने तीन चौके और पांच छक्के मारे। मार्कस स्टायनिस ने 31 गेंद में 40 रन का योगदान दिया। जेवियर का खाता नहीं खुला। गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की टीमें रविवार को आईपीएल 2026 के डबल हेडर के दूसरे मुकाबले में आमने-सामने हैं। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टाइटंस ने निशांत सिंधू को पदार्पण का मौका दिया है, जबकि पंजाब किंग्स की शुरुआती एकादश में जेवियर बार्टलेट की वापसी हुई है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में पंजाब किंग्स की टीम लगातार मुकाबले जीतते हुए आ रही है और अब तक टीम ने सिर्फ एक मुकाबला गंवाया है। पंजाब ने 8 मैच खेलते हुए 6 मैच जीते हैं और पॉइंट्स टेबल में टॉप पर हैं। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस की टीम में निरंतरता की कमी दिखी है। शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम ने 9 मैच खेलते हुए 5 मैच जीते हैं, जबकि 4 गंवाए हैं। गुजरात टेबल में 5वें स्थान पर है।

# कोलकाता ने रोका हैदराबाद का विजय रथ, घर में घुसकर लिया बदला

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद का विजय रथ रोक दिया है। केकेआर ने रविवार को 8 विकेट से जीत हासिल की। केकेआर ने 166 रनों का लक्ष्य 18.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर आसानी से हासिल कर लिया। अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली कोलकाता टीम ने घर में घुसकर मौजूदा सीजन में एसआरएच के हाथों 65 रनों से मिली हार का बदला लिया। एसआरएच को लगातार पांच मैच जीतने के बाद हार का मुंह देखना पड़ा है। केकेआर को लगातार तीसरी जीत नसीब हुई है और उसकी प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार हैं। कोलकाकात के 9 मैचों में सात अंक हो गए हैं। एसआरएच के 10 मैचों में 12 अंक हैं। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 47 गेंदों में 59 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के हैं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान अजिंक्य राहणे (36 गेंदों में 43) और फिन एलन (13 गेंदों में 29 रन) ने केकेआर को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 49 रनों की पार्टनरशिप की। एलन को पैट कमिंस ने चौथे ओवर में अपना शिकार बनाया। उन्होंने तीन चौके और दो छक्के लगाए। रहाणे और रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की और एसआरएच को बैकफुट पर धकेल दिया। रहाणे 15वें ओवर में साकिब हुसैन के जाल में फंसे। उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला। शिवांग कुमार ने 17वें ओवर में रघुवंशी की पारी का अंत किया। उपकप्तान रिंकू सिंह ने जीत की नैया पार लगाई। उन्होंने 11 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाए, जिसमें एक छक्का और दो चौके हैं। कैमरू ग्रीन ने तीन गेंदों में नाबाद तीन रन बनाए। इससे पहले, केकेआर ने टॉस जीतकर बैटिंग करने वाली हैदराबाद टीम 19 ओवर में 165 रनों पर समेटा। टैविस हेड (61) ने सर्वाधिक रन बनाए। अभिषेक शर्मा सस्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। उन्होंने 10 गेंदों में 15 रन बटोरे, जिसमें एक चौका और एक छक्का है। कार्तिक त्यागी ने चौथे ओवर में अभिषेक को पवेलियन भेजा। हेड ने 28 गेंदों में 61 रनों की पारी खेली। उनके बल्ले से 9 चौके और तीन छक्के निकले। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने नौवें ओवर में अपना शिकार बनाया। हेड ने ईशान किशन के संग 61 रनों की साझेदारी की। उन्होंने ट्रैविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी की।

हेनरिक क्लासेन ने 8 गेंदों में 11 रन बनाए। उन्हें कैमरून ग्रीन ने 11वें ओवर में आउट किया। रोवमैन पॉवेल ने दौड़कर क्लासेन का हैरतअंगेज कैच लपका। स्मरण रविचंद्रन (चार गेंदों में 4 रन), अनिकेत वर्मा (8 गेंदों में 6) और सलिल अरोड़ा (6 गेंदों में 2) का बल्ला नहीं चला। ईशान किशन फिफ्टी से चूक गए। उन्होंने 29 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रनों की पारी खेली। पैट कमिंस ने 8 गेंदों में 10 रन जोड़े। एसआरएच के पांच खिलाड़ी दहाई अंक में नहीं पहुंचे। हैदराबाद ने अंतिम आठ विकेट 60 रन जोड़कर गंवाए। केकेआर की ओर से वरुण चक्रर्ती ने तीन जबकि सुनील नरेन और कार्तिक ने दो-दो शिकार किए। वैभव अरोड़ा, कैमरून ग्रीन और अनुकूल रॉय ने एक-एक विकेट लिया।







### स्कोर बोर्ड

**सनराइज़र्स हैदराबाद**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक क. कैमरन ग्रीन ब. त्यागी | 15 | 10 | 1/1 |
| ट्रैविस हेड क. कैमरन ग्रीन ब. चक्रवर्ती | 61 | 28 | 9/3 |
| इशान किशन क. अनुकूल ब. नारायण | 42 | 29 | 4/2 |
| क्लासन क. पॉवेल ब. कैमरन ग्रीन | 11 | 8 | 1/1 |
| आर स्मरण क. रहाणे ब. चक्रवर्ती | 4 | 4 | 1/0 |
| अनिकेत वर्मा क. रहाणे ब. चक्रवर्ती | 6 | 8 | 1/0 |
| सलील अरोड़ा ब. नारायण | 2 | 6 | 0/0 |
| पैट कमिंस क./ब. अनुकूल | 10 | 8 | 0/1 |
| शिवांग कुमार क. रघुवंशी ब. वैभव | 1 | 2 | 0/0 |
| हर्षल पटेल क. वैभव ब. त्यागी | 6 | 5 | 1/0 |
| इशान मलिंगा नाबाद | 2 | 6 | 0/0 |
| | 165/10 (19 ओवर) | | |

अतिरिक्त : 5

विकेट पतन : 1-44, 2-105, 3-117, 4-122, 5-135, 6-139, 7-148, 8-156, 9-156, 10-165

| गेंदबाजी | |
|---|---|
| सुनील नारायण | 4-0-31-2 |
| वैभव अरोड़ा | 3-0-25-1 |
| कार्तिक त्यागी | 4-0-30-2 |
| कैमरन ग्रीन | 3-0-34-1 |
| वरुण चक्रवर्ती | 4-0-36-3 |
| अनुकूल रॉय | 1-0-8-1 |

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे क. स्मरण ब. साकिब | 43 | 36 | 4/1 |
| फ़िन ऐलन क. क्लासन ब. कमिंस | 29 | 13 | 3/2 |
| अंगकृष रघुवंशी क. मलिंगा ब. शिवांग | 59 | 47 | 5/2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 22 | 11 | 2/1 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 3 | 3 | 0/0 |
| | 169/3 (19.2 ओवर) | | |

अतिरिक्त : 13

विकेट पतन : 1-49, 2-133, 3-151

| गेंदबाजी | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 2-0-14-0 |
| पैट कमिंस | 4-0-47-1 |
| इशान मलिंगा | 3.2-0-42-0 |
| शिवांग कुमार | 4-0-31-1 |
| हर्षल पटेल | 2-0-17-0 |

## अश्विन ने धोनी के बारे में कहा, मैंने उनके जैसा विकेटकीपर नहीं देखा

**नई दिल्ली।** रविचंद्रन अश्विन ने महेंद्र सिंह धोनी की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने स्पिनरों के सामने विकेट के पीछे पूर्व भारतीय कप्तान की तरह विकेटकीपिंग करते हुए ''किसी और'' को नहीं देखा है। भारतीय टीम और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में लंबे समय तक साथ रहने वाले अश्विन ने याद किया कि कैसे धोनी की विकेटकीपिंग और स्पष्ट सोच उनकी शानदार कप्तानी से कहीं अधिक विशिष्ट थी। अश्विन ने जियोस्टार से कहा, ''उनकी विकेटकीपिंग ने मुझे हमेशा हैरान किया है। लोग उनकी कप्तानी की बहुत तारीफ करते हैं और यह सही भी है। उनकी सफलता ही सब कुछ बयां करती है।'' उन्होंने कहा, '''लेकिन मेरे लिए उनकी दो चीजें सबसे अलग हैं। पहला वह मध्य क्रम के बहुत अच्छे बल्लेबाज थे। एक ऐसा खिलाड़ी जो खेल को आखिर तक ले जा सकता था और उसे अनुकूल परिणाम के साथ खत्म कर सकता था।''

अश्विन ने कहा, ''और दूसरी बात स्पिनरों के सामने उनकी विकेटकीपिंग। मैंने उनके जैसा विकेटकीपर कोई और नहीं देखा है।'' अश्विन ने इसके साथ ही कहा कि धोनी गेंदबाजों के मामले में किसी तरह से दखल नहीं देते थे। इस पूर्व स्पिनर ने कहा, ''उन्होंने कभी मेरे लिए फील्डिंग नहीं सजाई। मैं अपने लिए फील्डिंग खुद सजाता था। वह बस इतना कहते थे, 'दोहरा अनुमान मत लगाओ। पहले से अनुमान मत लगाओ। अगर तुम्हारी गेंद पर बड़ा शॉट लग जाए तो कोई बात नहीं। अगर कोई जोखिम लेता है तो लेने दो। बस अपनी फील्डिंग के हिसाब से गेंदबाजी करो।' उन्हें मुझ पर पूरा भरोसा था।''

## सीएसके को लगा बड़ा झटका: डेब्यू मैच के बाद स्टार ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष आईपीएल से बाहर

**चेन्नई।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली शानदार जीत के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खेमे से एक बेहद निराशाजनक खबर सामने आई है। टीम के उभरते हुए स्टार ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष दाएं पैर में फ्रैक्चर के कारण आईपीएल 2026 के पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। शनिवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ अपना आईपीएल डेब्यू करने वाले घोष मैच के दौरान ही चोटिल हो गए थे। सीएसके प्रबंधन ने पुष्टि की है कि उनकी चोट गंभीर है और उन्हें रिकवरी के लिए लंबे समय तक मैदान से दूर रहना होगा। रामकृष्ण घोष की चोट के सटीक कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि मैच की शुरुआत में विल जैक्स का कैच लपकने के लिए लगाई गई डाइव या फॉलो-थ्रू के दौरान गिरने की वजह से उन्हें यह फ्रैक्चर हुआ है।

## राजस्थान रॉयल्स के नए मालिक बने लक्ष्मी मित्तल-अदार पूनावाला

**नई दिल्ली।** आईपीएल की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स डेढ़ महीने के अंदर दूसरी बार बिक गई है। मशहूर उद्यमी लक्ष्मी एन मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने अदार पूनावाला के साथ मिलकर इस टीम को खरीदा। पूनावाला और मित्तल ने 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 15600 करोड़ रुपये से अधिक) की बोली लगाई। अमेरिकी मूल के बिजनेसमैन काल सोमानी के कंसोर्टियम इस दौड़ से हट गए जिसके बाद ये डील पूनावाला और मित्तल ने की। यह करार राजस्थान रॉयल्स परिवार के अन्य लीगों को भी जोड़ता है जिसमें पार्ल रॉयल्स और बारबाडोस रॉयल्स भी शामिल हैं। यह करार तब पूरा होगा जब इसे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), सीसीआई और आईपीएल शीर्ष परिषद की बैठक से मंजूरी मिलेगी। माना जा रहा है कि यह करार 2026 की तीसरी तिमाही में पूरा हो सकता है।

अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद्द | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 9 | 6 | 2 | 13 | 1 | +0.855 |
| बंगलूरू | 9 | 6 | 3 | 12 | 0 | +1.420 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | 0 | +0.644 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 | 0 | +0.510 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 | 0 | -0.147 |
| चेन्नई | 9 | 4 | 5 | 8 | 0 | +0.005 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | 0 | -0.895 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 | 0 | -0.539 |
| मुंबई | 9 | 2 | 7 | 4 | 0 | -0.803 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 | 1 | -1.106 |

### एक नज़र

## दक्षिण कोरिया ने तीसरी बार जीता उबर कप का खिताब, फाइनल में चीन को 3-1 से हराया



**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया महिला टीम ने रविवार को शानदार टीम प्रदर्शन करते हुए गत चैंपियन चीन को 3-1 से हराकर तीसरी बार उबर कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। दक्षिण कोरिया इससे पहले कुआलालंपुर में साल 2010 और बैंकॉक में 2022 में भी यह ट्रॉफी जीत चुका है। दोनों बार उन्होंने चीन को ही हराया था। इस बार फोरम होरसेंस में भी कोरियन टीम ने दबाव में बेहतरीन खेल दिखाते हुए एक और यादगार जीत दर्ज की। रविवार को मुकाबले की शुरुआत वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी एन से-यंग के दमदार प्रदर्शन से हुई। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 2 वांग झीयी को 21-10, 21-13 से हराकर मैच का माहौल अपने पक्ष में कर लिया, जिससे साउथ कोरिया को शुरुआती बढ़त मिल गई। यह मुकाबला 47 मिनट तक चला। 16 चैंपियनशिप जीत चुकी चीन की टीम ने तुरंत पलटवार किया। वर्ल्ड नंबर 1 डबल्स टीम की दमदार जोड़ी लियू शेंगशू और टैन निंग ने जियोंग ना-यून और ली सो-ही को कड़ी टक्कर देते हुए 53 मिनट में 21-15, 21-12 से जीत हासिल करके मैच को 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे सिंगल्स मैच के दौरान मुकाबले का रुख फिर से साउथ कोरिया के पक्ष में मुड़ गया। वर्ल्ड नंबर 17 खिलाड़ी किम गा-यून ने शांत और असरदार खेल दिखाते हुए वर्ल्ड नंबर 4 खिलाड़ी चेन युफेई को 55 मिनट में 21-19, 21-15 से हराया, जिससे उनकी टीम खिताब के और करीब पहुंच गई। जैसे-जैसे दबाव बढ़ता गया, अहम डबल्स मैच में साउथ कोरिया की बेक हा-ना और किम हे-जियोंग की जोड़ी ने चुनौती का डटकर सामना किया। चीन की जिया यिफान और झांग शुक्सियन से पहला गेम 16-21 से हारने के बाद, कोरियन जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-10, 21-13 से जीते और 85 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारतीय पुरुष टीम ने थॉमस और उबर कप 2026 में ब्रॉन्ज मेडल के साथ अपना अभियान समाप्त किया। शुक्रवार को होरसेंस (डेनमार्क) में खेले गए सेमीफाइनल में भारत को फ्रांस के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

## 15 स्वर्ण के साथ इशकांत स्वीमिंग क्लब का दबदबा



**नई दिल्ली।** इशकांत स्वीमिंग क्लब ने प्रथम जिला वीकेएस फाउंडेशन तैराकी चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण पदकों के साथ अपनी धाक जमाते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन लखनऊ के तत्वावधान में वीकेएस फाउंडेशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में आयोजित चैंपियनशिप में इशकांत स्वीमिंग ने 15 स्वर्ण, 9 रजत व 4 कांस्य सहित 28 पदक जीत श्रेष्ठता साबित की। इसके अलावा विभिन्न आयु वर्गो में भी विजेता का फैसला हुआ। ग्रुप ए में एलपीसी गोमतीनगर (7 स्वर्ण, 3 रजत), ग्रुप बी में लामार्टिनियर गर्ल्स (5 स्वर्ण, 4 रजत, 1 कांस्य), ग्रुप सी में इशकांत स्वीमिंग क्लब (9 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य) और ग्रुप डी में सरस्वती विद्यालय (3 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य) शीर्ष पर रहे। सर्वश्रेष्ठ कोच इशकांत स्वीमिंग के अभिकल्प शर्मा चुने गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि वीकेएस फाउंडेशन के निदेशक शिवम विजय साहू ने पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर यूपी ट्रायथलान एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रविंद्र सोनकर, यूपी रोइंग एसोसिएशन के लीगल कमेटी के चेयरमैन राकेश शुक्ला एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पुष्पा मिश्रा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

## 15 साल के वैभव सूर्यवंशी का आईपीएल में धमाका

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। अंडर-19 विश्व कप में अपनी छाप छोड़ने के बाद

### कपिल देव ने प्रदर्शन पर टिप्पणी से किया इनकार

अब आईपीएल के मंच पर भी वैभव का बल्ला जमकर आग उगल रहा है।

उन्होंने इस सीजन में न केवल दुनिया के सबसे घातक गेंदबाजों जैसे जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस के खिलाफ निडर होकर बड़े शॉट लगाए हैं, बल्कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मात्र 36 गेंदों में शतक ठोककर इतिहास रच दिया। वह आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

## अमनजोत की जगह लेना मुश्किल, भारत टी20 विश्व कप के लिए सही राह पर है: मजूमदार

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने रविवार को माना कि ऑलराउंडर अमनजोत कौर की जगह भरना आसान नहीं है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि टीम अगले महीने इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रही है। भारतीय टीम टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। इंग्लैंड रवाना होने से पहले भारतीय टीम 10 से 16 मई तक बेंगलुरु में अभ्यास शिविर में भाग लेगी। विश्व कप के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच भी खेलेगी। मजूमदार ने यहां एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से कहा, ''अमनजोत चोटिल है और उनके जैसी खिलाड़ी की जगह भरना बहुत मुश्किल है। उन्होंने भारत की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और हमें उनकी कमी खलेगी।''

उन्होंने कहा, ''चोट खेल का हिस्सा होती है और उन्हें गंभीर चोट लगी है जिसके कारण वह कम से कम 4-5 महीने तक क्रिकेट नहीं खेल पाएगी। मुझे उम्मीद है कि वह पूरी तरह से फिट होकर मजबूत वापसी करेगी।''

मजूमदार ने कहा की तैयारी के लिहाज से टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ''शिविर आयोजित करना टीम के लिए महत्वपूर्ण रहा है और इससे पहले भी वह इस तरह के शिविर में भाग लेती रही है। हम अपने सामने आने वाली हर चुनौती के लिए अच्छी तैयारी करने में विश्वास रखते हैं। मेरा मानना है कि यह टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है।''

मजूमदार ने कहा, ''इंग्लैंड का दौरा करना हमेशा चुनौती पूर्ण रहा है लेकिन हमारी टीम इसके लिए तैयार है। पिछले साल हमने इंग्लैंड को हराया था और हमारी टीम वहां अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।'' भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि पिछले साल अपना पहला वनडे खिताब जीतने के बाद टीम एक और ट्रॉफी जीतने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव में रविवार को मिशन शक्ति टीम के हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे,कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101,आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

## दो दिन पूर्व गुमशुदा महिला का कुएं में मिला शव

**स्वतंत्र भारत अहरौरा (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के बभनी गांव की महिला अनुराधा 30 वर्ष दो दिन पूर्व 1 मई 2026 को सुबह अपने ससुराल बभनी से मायके बैरमपुर गई थीं। उसी दिन शाम वह बिना बताए घर से कहीं चली गई। रात्रि तक न लौटने पर परिजन परेशान हो गए और खोजबीन करने लगे। गुमशुदगी दर्ज के अनुसारवहीं आज 3 मई की सुबह कुछ ग्रामीणों के द्वारा पुराने कूएं में किसी का शव होने की जानकारी परिजनों को दी गई। आनन फानन में प्रशासन को जानकारी देते हुए परिजन मौके पर पहुंचे और शव का शिनाख्त गुमशुदा अनुराधा के रूप में किया। परिजनों में हाहाकार मच गया। गांव में आत्महत्या और हत्या को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। पुलिस प्रशासन शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जूट गई। जॉच के उपरांत ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

# बूथ कमांडरों का हुआ सम्मान समारोह



**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** चुनार विधानसभा के बूथ कमांडरों का सम्मान समारोह महाविद्यालय कैलहट में आयोजित किया गया। जिसका संचालन सुनील पटेल फौजी प्रधान महासचिव जेएसपीने किया।
डॉ पटेल ने कहा कि यह लड़ाई सत्ता परिवर्तन से ज्यादा महत्वपूर्ण व्यवस्था परिवर्तन की है जिसमें हमारे सरदार सैनिक व बूथ कमांडर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी हम सभी को इस न्यायिक लड़ाई को मिलकर अंजाम तक पहुँचाने का संकल्प लेना होगा जो आने वाली पीढ़ियों कर लिए मिल का पत्थर साबित होगा। यह कार्यक्रम बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में चुनार विधानसभा के तीनों ब्लॉक सीखड़ नारायणपुर और जमालपुर के सभी बूथों के बूथ कमांडर और सह कमांडर उपस्थित हुए हजारों की संख्या में बूथ कमांडरों का सामान समारोह किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार सेना के संस्थापक जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल रहे और विशिष्ट अतिथि चेयरमैन एडवोकेट रामलाल पटेल आदि रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी युवक की ननिहाल में शनिवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। युवक के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी राजपति का 22 वर्षीय पुत्र रविशंकर शनिवार की रात्रि 9 बजे अपने घर से ननिहाल प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के रामगढ़ गया था की रात्रि में अचानक तबियत खराब होने पर युवक के रिश्तेदार उपचार के लिए कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुँचे युवक के शव को घर लाकर पुलिस को सूचना दिए। अंतिम संस्कार कर दिया है। युवक के परिजनों के अनुसार युवक के सीने में अचानक तबियत खराब होने से मौत हुई है। मृत युवक दो भाइयों में बड़ा था, अविवाहित था। युवक के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्य ने बताया की अपने ननिहाल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। परिजनों द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया है।

## साइबर पुलिस ने आवेदक का 7500 रुपये कराया वापस



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना की साइबर पुलिस ने रविवार को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदक के 7500 रूपये वापस कराया है। थाना क्षेत्र के परसिया खुर्द गांव निवासी राजपति का बीते 3 अप्रैल को कुल 7500 रूपये का ऑनलाइन फ्राड हुआ था जिस पर आवेदक द्वारा थाना स्थानीय पर एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्र के माध्यम से साइबर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक की ऑनलाइन हुए फ्राड रूपये को होल्ड कराते हुए आवेदक की धनराशि को वापस कराया है। धनराशि वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व कांस्टेबल विश्वनाथ रहे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच मोहम्मदाबाद गोहना में नीट परीक्षा संपन्न, दो केंद्रों पर रही प्रशासन की पैनी नजर

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र में स्थित संत गदीनाथ राजकीय पीजी कॉलेज एवं टाउन इंटर कॉलेज में रविवार को नीट परीक्षा दोपहर 2ः00 बजे से शुरू हुई। परीक्षा से करीब दो घंटे पहले ही दोनों केंद्रों पर परीक्षार्थियों की स्क्रीनिंग शुरू कर दी गई थी। आधार कार्ड और प्रवेश पत्र का मिलान करने के बाद ही छात्रों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।दोनों परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन और पुलिस की विशेष निगरानी बनी रही। मोहम्मदाबाद-मऊ मार्ग पर स्थित इन केंद्रों पर परीक्षार्थियों को आवागमन में अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। हालांकि सुबह अचानक मौसम खराब होने से छात्र-छात्राओं को कुछ दिक्कतें हुईं, लेकिन मौसम सामान्य होने के बाद अभिभावक समय पर केंद्रों तक पहुंच गए।
परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों के बाहर भीड़ देखी गई, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने व्यवस्था संभालते हुए परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस उपाधीक्षक शीतला प्रसाद पांडे, कोतवाल कमलकांत वर्मा, मिथिलेश कुमार, राजीव कुमार सहित पुलिस एवं महिला पुलिस बल दोनों केंद्रों पर पूरी तरह मुस्तैद रहा।

## पहली बार हुआ पंचायत सहायक संघ का चुनाव फतहपुर मंडाव में लोकतंत्र की गूंज

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** फतहपुर मंडाव ब्लॉक में पंचायत सहायक संघ का पहला चुनाव ऐतिहासिक माहौल में संपन्न हुआ। पहली बार हुए इस चुनाव को लेकर पंचायत सहायकों में खासा उत्साह देखने को मिला। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही, लेकिन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कड़ा मुकाबला पूरे समय चर्चा का विषय बना रहा। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में अश्वनी यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 41 वोट हासिल किए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी प्रकाश चन्द को 19 वोट मिले। अश्वनी यादव ने 22 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भी दिलचस्प टक्कर देखने को मिली। विपुल भारद्वाज को 36 वोट मिले, जबकि विपिन साहनी को 24 वोट प्राप्त हुए। इस तरह विपुल भारद्वाज ने 12 वोटों से जीत हासिल कर उपाध्यक्ष पद अपने नाम किया। मंत्री पद पर ऋतु मौर्य और कोषाध्यक्ष पद पर रोहित कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिससे संगठन को संतुलित नेतृत्व मिला। चुनाव प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार ने निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया। इस मौके पर सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मासूम कुमार समेत अभिषेक तिवारी, शशांक, शिवांगी, नेहा परविन, अभय कुमार, दिव्या त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, कृष्ण कुमार, अमित, सुनील, निशांत यादव सहित बड़ी संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।चुनाव के बाद विजयी प्रत्याशियों का जोरदार स्वागत किया गया। माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

# मध्यप्रदेश निवासी घायल बाइक चालक की उपचार के दौरान मौत



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में शनिवार की रात जेसीबी की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार

### गंभीर रूप से घायल पत्नी व पुत्री का चल रहा उपचार

पति की उपचार के दौरान रविवार सुबह मंडलीय चिकित्सालय में मृत्यु हो गई।
वहीं गंभीर रूप से घायल पत्नी व पुत्री का उपचार चल रहा है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिला स्थित हनुमना थाना क्षेत्र के मोरहना गांव निवासी 32 वर्षीय गोपाल दास मौर्य अपनी 30 वर्षीया पत्नी राजकुमारी मौर्य व 13 वर्षीया पुत्री पूजा के साथ बाइक से हलिया थाना क्षेत्र के परसिया कलां गांव स्थित अपनी ससुराल से शनिवार देर शाम वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही भैसोड़ बलाय पहाड़ पहाड़ गांव में यादव ढाबा के पास पहुंचे तो जेसीबी ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायल दंपती और पुत्री को उपचार हेतु हलिया पीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया था।इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि जेसीबी की टक्कर से मध्यप्रदेश निवासी घायल बाइक चालक गोपाल दास मौर्य की उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जन आरोग्य मेला में 207 मरीजों का हुआ उपचार




**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 207 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डॉक्टर विवेक खरे ने कुल 47 मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 35 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 46 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर शालिनी सिंह के देखरेख में 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली में चिकित्सक मनीष कुमार ने 40 मरीजों का उपचार किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 207 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल,एलटी राकेश पटेल, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहे।

## हिस्ट्रीशीटर सलीम नट गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज पुलिस द्वारा एक (हिस्ट्रीशीटर टाप-10 अपराधी) को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज पुलिस द्वारा वारण्टी (हिस्ट्रीशीटरटाप-10 अपराधी) को गिरफ्तार को थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा (हिस्ट्रीशीटर टाप-10 अपराधी) सलीम पुत्र कलीम निवासी बसही खुर्द को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर किया गया।

## पेंशन व वेतन समस्याओं को लेकर मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** समाज कल्याण विभाग के अनुदानित प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की पेंशन, लंबित वेतन व सत्र लाभ समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से मुलाकात की।प्रदेश महामंत्री रामानंद विश्वकर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने गाजीपुर, मऊ व आजमगढ़ के शिक्षकों के रुके वेतन सहित अन्य मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल में राजकुमार, प्रेमचंद गुप्त, दूधनाथ चौहान, अमरजीत यादव, रामबली यादव व कमलेश कुमार रावत समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## लाइसेंसी पिस्टल छिनैती मामले में दूसरा आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में बीते बुधवार की रात आर्केस्ट्रा संचालक की लाइसेंसी पिस्टल छीनकर भागने वाले फरार चल रहे दूसरे मनबढ़ युवक को पुलिस ने रविवार को खुटहा गांव स्थित नदी के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मड़वा धनावल गांव से इंद्रवार गांव निवासी किरन उर्फअर्जुन को लाइसेंसी पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं पुलिस को देखकर उसके दो अन्य साथी हलिया क्षेत्र के पवांरी कलां निवासी अमित कुमार व ड्रमंडगंज क्षेत्र के अमदह गांव निवासी रोहित भाग निकले थे। पुलिस फरार चल रहे दोनों आरोपितों की तलाश में जुटी थी जहां मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने पुलिसकर्मियों संग खुटहा गांव से दूसरे आरोपित अमित कुमार निवासी पवांरी कलां थाना हलिया को गिरफ्तार कर लिया।मड़वा धनावल गांव में बुधवार की रात आई बरात में आर्केस्ट्रा शुरू करने को लेकर हुए विवाद के दौरान मनबढ़ युवकों ने आर्केस्ट्रा संचालक की लाइसेंसी पिस्टल छीन लिया था और मौके से भाग निकले थे।इस मामले में गुरुवार को आर्केस्ट्रा संचालक सौरभ जायसवाल निवासी बल्ली का अड्डा थाना कोतवाली कटरा ने अज्ञात के विरुद्ध लाइसेंसी पिस्टल और 6 कारतूस चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि फरार चल रहे दूसरे आरोपित अमित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपित रोहित की तलाश की जा रही है।

## बारिश में रसलपुर बाजार बना मुसीबत गड्ढों और कीचड़ से कारोबार प्रभावित

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दोहरीघाट क्षेत्र के रसलपुर बाजार में रविवार को हुई बारिश ने सड़क की बदहाल स्थिति की पोल खोल दी। हल्की बारिश के बाद ही सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।
जगह-जगह जलभराव के कारण लोगों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पा रहा है, जिससे फिसलने और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।
स्थिति इतनी खराब हो गई कि बाजार लगाना भी मुश्किल हो गया। कीचड़ और गड्ढों में भरे पानी के कारण गुजरने वाले वाहनों से छिटे उड़ रहे हैं, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों के कपड़े खराब हो रहे हैं। इससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है और लोग बाजार आने से कतराने लगे हैं।
इस संबंध में मनोज, अरविंद, प्रवीण और विकास ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि बाजार और आमजन को राहत मिल सके।

## पेज 1 का शेष...

### यूपी में आठ जिलों के ...

नेहा जैन विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक तथा प्रबंध निदेशक यूपी डेस्को से प्रबंध निदेशक केस्को बनाई गई हैं। समीर विशेष सचिव वित्त तथा रजिस्ट्रार चिट्स एवं सोसायटी से विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक तथा प्रबंध निदेशक यूपी डेस्को, सी इंदुमती विशेष सचिव चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास विभाग एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक राज्य चीनी निगम से निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश तथा प्रबंध निदेशक महिला कल्याण निगम बनाई गई हैं।वंदना वर्मा निदेशक महिला कल्याण तथा प्रबंध निदेशक महिला कल्याण निगम से विशेष सचिव चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक राज्य चीनी निगम, राजेंद्र सिंह द्वितीय विशेष सचिव समाज कल्याण विभाग तथा सचिव उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग से सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद प्रयागराज, प्रेम प्रकाश विशेष सचिव राजस्व विभाग से सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद प्रयागराज बनाए गए हैं। अंकुर कौशिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी उप्र राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण, अवनीश सक्सेना सचिव उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक बनाए गए हैं।हरिकेष चौरसिया विशेष सचिव आयुष से सचिव उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, मदन सिंह गर्ब्याल उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण से विशेष सचिव आयुष, सान्या छाबड़ा मुख्य विकास अधिकारी हरदोई से अपर आयुक्त राज्य कर कानपुर प्रथम, प्रफुल्ल कुमार शर्मा संयुक्त मजिस्ट्रेट रायबरेली से मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ बनाए गए हैं। नेहा ब्याडवाल संयुक्त मजिस्ट्रेट जालौन से मुख्य विकास अधिकारी हरदोई, आलोक प्रसाद संयुक्त मजिस्ट्रेट बहराइच से मुख्य विकास अधिकारी गाजीपुर बनाए गए हैं।कुमार सौरभ संयुक्त मजिस्ट्रेट जौनपुर से मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद, दयानंद प्रसाद अपर मेलाधिकारी माघ मेला प्रयागराज से मुख्य विकास अधिकारी गोंडा, जुहेर बिन सगीर विशेष सचिव सामान्य प्रशासन से विशेष सचिव एनआईआर विभाग बनाए गए हैं। रिंकू सिंह राही संबद्ध राजस्व परिषद से संयुक्त मजिस्ट्रेट जालौन बनाए गए हैं।

## विंध्य भारत गैस गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं की लम्बी भीड़, पुलिस ने वितरण कराया सिलेंडर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया स्थित विंध्य भारत गैस एजेंसी के भटवारी गैस गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए विंध्य भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए रविवार की सुबह से ही गोदाम पर पहुंचकर कतार में लग गया। सैकड़ो की संख्या में पहुँचे गैस उपभोक्ताओ की लम्बी कतार गोदाम के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लग गई।

## साइबर केस में ताबड़तोड़ एक्शन : वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चल रहे अभियान में थाना मधुबन पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। मु0अ0सं0 68/26 धारा 69/115(2)/352/351(2) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक मऊ कमलेश बहादुर के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार व क्षेत्राधिकारी मधुबन अंजनी कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में कार्रवाई हुई। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह के नेतृत्व में अपराध निरीक्षक हरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे।इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने कटघराशंकर मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तारी रविवार सुबह करीब 08ः08 बजे की गई। गिरफ्तार अभियुक्त अमरजीत राजभर (29 वर्ष), पुत्र रामप्रवेश राजभर, निवासी डुहा विहरा थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया का रहने वाला है। उसके खिलाफ थाना हलधरपुर में भी संबंधित मामला दर्ज है। गिरफ्तारी टीम में अ0नि0 हरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल प्रमोद यादवकांस्टेबल विवेक यादव शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दो बाइकों की टक्कर में चार लोग गंभीर

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** रामपुर थाना क्षेत्र के मधुबन-बेल्थरा रोड स्थित फतेहपुर में रविवार शाम करीब तीन बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पंजाब नेशनल बैंक के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, फतेहपुर निवासी इस्तेयाक अहमद (48) अपने पुत्र आकिब के साथ बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर बलिया जनपद के उभाव थाना क्षेत्र निवासी ससना बहादुर (29) सवार थे, जबकि पीछे बभनियाव निवासी मंटू (28) बैठे थे।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर मंडाव पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# अमेरिका की नाक के नीचे से ईरान ने निकाला अपना 'सुपर टैंकर'

**तेहरान।** समंदर में अमेरिका और ईरान के बीच एक बड़ी लुकाछिपी का खेल चल रहा है। एक ताजा रिपोर्ट ने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। मॉनिटरिंग फर्म 'टैंकरट्रैकर्सडॉटकॉम' ने दावा किया है कि ईरान का एक बहुत बड़ा तेल का जहाज अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर बाहर निकल गया है। यह जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंच गया है। इस घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि समंदर में दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए उसके तेल व्यापार पर रोक लगाने की कोशिश की है। इसके लिए अमेरिकी नौसेना ने समंदर में कड़ी नाकेबंदी कर रखी है। लेकिन, ट्रैकिंग फर्म की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का एक विशाल जहाज अमेरिका की इस नाकेबंदी को भेदने में सफल रहा है। यह जहाज कोई छोटा-मोटा जहाज नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर लाखों बैरल कच्चा तेल लेकर जा रहा है।

- होर्मुज से दो हजार करोड़ का तेल किया पार




इस घटना ने यह दिखा दिया है कि ईरान अपने तेल को बेचने के लिए नए-नए और छुपे हुए रास्ते निकाल रहा है।

**कितने डॉलर का तेल लेकर निकला ईरानी जहाज?**

मॉनिटरिंग फर्म 'टैंकरट्रैकर्सडॉटकॉम' के मुताबिक, ईरान का यह जहाज करीब 1.9 मिलियन बैरल कच्चा तेल लेकर वहां से निकला है। इस भारी मात्रा में मौजूद तेल की कीमत लगभग 220 मिलियन डॉलर आंकी गई है। इस विशाल जहाज (वेरी लार्ज क्रूड कैरियर या वीएलसीसी) का संबंध 'नेशनल इरानियन टैंकर कंपनी' से बताया जा रहा है। ट्रैकिंग फर्म ने जानकारी दी है कि इस खास जहाज की पहचान 'ह्यूज' नाम से की गई है।

**नाकेबंदी को लेकर अमेरिका और ईरान के क्या हैं दावे?**

ईरानी सरकारी मीडिया ने 29 अप्रैल को दावा किया था कि उनके कम से कम 52 जहाज अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने में सफल रहे हैं। वहीं, अमेरिकी सेना के अधिकारियों का कहना है कि जब से नाकेबंदी शुरू हुई है, तब से उन्होंने ईरान से जुड़े करीब 41 जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर किया है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि उनकी यह नाकेबंदी काफी असरदार और प्रभावी साबित हो रही है। अमेरिका का कहना है कि इसके कारण ईरान अपना तेल निर्यात करने में असमर्थ हो रहा है और उसे तेल को स्टोर करने या उत्पादन रोकने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ईरान को अब तक कितना नुकसान

शनिवार को न्यूज़ वेबसाइट एक्सियोस ने कुछ अधिकारियों के हवाले से एक बड़ी खबर प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका की इस समुद्री नाकेबंदी के कारण ईरान को काफी भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के आकलन के मुताबिक, इस नाकेबंदी से ईरान को लगभग 4.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखा जाए, तो यह नुकसान करीब 456 अरब रुपए (45,600 करोड़ रुपए) के तेल राजस्व का है।

### कैसे जहाज ने छिपाई अपनी लोकेशन और अब कहां है?

रिपोर्ट के अनुसार, इस जहाज को आखिरी बार करीब डेढ़ हफ्ते पहले श्रीलंका के समुद्री इलाके के पास देखा गया था। फिलहाल यह विशाल तेल टैंकर लोमबोक स्ट्रेट के रास्ते से होकर रिओ आर्किपेलेगो (द्वीप समूह) की दिशा में आगे बढ़ रहा है। फर्म ने बताया कि 13 अप्रैल को जब अमेरिकी नौसेना ने नाकेबंदी की घोषणा की थी, तब यह टैंकर ईरान के ही जलक्षेत्र में मौजूद था। इस जहाज ने 20 मार्च को स्ट्रेट ऑफ मलाका से ईरान के लिए रवाना होने के बाद अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) बंद कर दिया था। इससे इसकी लोकेशन ट्रैक करना काफी मुश्किल हो गया था।

# कच्चे तेल का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाएगा ओपेक+

**रियाद।** पश्चिम एशिया में इस वक्त भारी तनाव का माहौल है। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया गया है। इस बड़े संकट के बीच, तेल निर्यातक देशों के समूह ओपेक+ ने एक बड़ा फैसला लिया है। ओपेक प्लस ने सैद्धांतिक रूप से जून महीने में अपना कच्चे तेल का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाने पर अपनी पूरी सहमति दे दी है। यह कदम दुनिया भर में तेल की कीमतों को काबू में रखने के लिए उठाया गया है।

- होर्मुज की नाकेबंदी के बाद सस्ता होगा तेल
- इस फैसले से दुनिया को मिलेगी राहत

**ओपेक प्लस की उत्पादन पर क्या योजना?**

कई रिपोर्टों के अनुसार, ओपेक प्लस के सात देशों ने अगले महीने तेल उत्पादन का लक्ष्य बढ़ाने पर सहमति जताई है। इसके तहत लगभग 1,88,000 बैरल प्रतिदिन तेल का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। हालांकि, जब तक होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से नहीं खुल जाता, तब तक उत्पादन में यह बढ़ोतरी सिर्फ नाम मात्र ही मानी जाएगी। भौगोलिक और राजनीतिक संकट के बीच, यह लगातार तीसरा महीना है जब इस तरह तेल उत्पादन बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

पिछले हफ्ते, यूएई ने ओपेक और ओपेक प्लस समूह से पूरी तरह बाहर होने की घोषणा कर दी थी। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले इस तेल निर्यातक समूह के लिए यूएई का यह फैसला एक बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। यूएई ने कहा है कि यह कड़ा फैसला उसकी लंबी अवधि की रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि को ध्यान में रखकर लिया गया है। यूएई के बाहर होने से यह समूह ऐसे समय में कमजोर होगा जब होर्मुज की नाकेबंदी के कारण खाड़ी देशों का निर्यात पहले ही बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। आपको बता दें कि ओपेक के कुल तेल निर्यात में यूएई की बहुत बड़ी हिस्सेदारी थी, जो लगभग 15 प्रतिशत थी।

**उत्पादन पर आधिकारिक आंकड़े?**

हालांकि ओपेक प्लस में 21 सदस्य हैं, लेकिन हर महीने उत्पादन का फैसला केवल सात देश (और पहले यूएई) ही लेते रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, मार्च के महीने में सभी ओपेक प्लस सदस्यों का औसत कच्चा तेल उत्पादन 3.50 करोड़ (35.06 मिलियन) बैरल प्रतिदिन रहा। यह आंकड़ा फरवरी के महीने के मुकाबले काफी कम रहा है। फरवरी की तुलना में मार्च में तेल उत्पादन में 77 लाख (7.70 मिलियन) बैरल प्रतिदिन की भारी गिरावट दर्ज की गई थी।

# 'समुद्री डकैती को सामान्य बनाने की कोशिश'

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह समुद्री लुटेरों (पायरेट्स) जैसे हैं। उन्होंने वाशिंगटन पर ईरानी जहाजों को जब्त करके समुद्री डकैती को सामान्य बनाने का आरोप लगाया। प्रवक्ता बगाई ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जहाजों पर गैरकानूनी कब्जे को खुलेतौर पर 'समुद्री डकैती' बताया है और बेशर्मी से यह शेखी बघारी है कि हम समुद्री डाकुओं की तरह काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह कोई जुबान फिसलने का मामला नहीं था, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री आवाजाही के खिलाफ उनके आपराधिक कृत्यों की एक सीधी और गंभीर स्वीकारोक्ति थी। उन्होंने आगे अतरराष्ट्रीय समुदाय, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सदस्य देशों और यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से आह्वान किया कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून के ऐसे घोर उल्लंघन को सामान्य बनाने की किसी भी कोशिश को पूरी तरह खारिज करें। ईरान की ओर से यह टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के जवाब में आई, जिसमें उन्होंने कहा था- हम समुद्री लुटेरों जैसे हैं। फ्लोरिडा में पाम बीच के फोरम क्लब में रात्रिभोज में ट्रंप ने समुद्र में अमेरिकी सैन्य अभियानों का एक विस्तृत ब्योरा पेश किया। उन्होंने सीधी-सपाट भाषा और दृश्य चित्रण का इस्तेमाल करते हुए जहाजों और तेल के टैकरों को जब्त करने की प्रक्रिया को बताया।

- ईरान का अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर पलटवार

# तुर्की ने बनाया दुनिया का सबसे खतरनाक ड्रोन

**अंकारा।** दुनिया की जंग अब सिर्फ मिसाइलों और टैंकों तक सीमित नहीं रही। अब लड़ाई का मैदान आसमान है। जहां एआई और स्मार्ट टेक्नोलॉजी गेम बदल रही हैं। तुर्की की मशहूर ड्रोन कंपनी बायकर ने एक ऐसा ड्रोन पेश किया है जो बिना जीपीएस की दुश्मन को ढूंढकर मार सकता है। घंटों आसमान में मंडरा सकता है और सही वक्त आने पर घातक हमला कर सकता है। इसका नाम है मिजराक जिसका मतलब है तीर या भाला। दरअसल बायकर का मिजराक एक एआई पावर्ड कैमिकाजे ड्रोन है जिसे लाइटनिंग मुनिशन कहा जाता है। यानी यह पहले हवा में घूमकर अपने लक्ष्य की तलाश करता है और फिर हमला करता है। इसकी रेंज 1000 किमी से ज्यादा है और यह करीब 7 घंटे तक हवा में रह सकता है। करीब 200 किलो वजनी यह ड्रोन 185 किमी घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है और 10,000 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसमें 40 किलो तक का वॉर हेड लगाया जा सकता है जो बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने में सक्षम है।

- बिना जीपीएस नेविगेट करेगा
- वीआईपी लोगों के लिए बड़ा थ्रेट



इसे रनवे या रॉकेट असिस्ट दोनों तरीके से लॉन्च किया जा सकता है। मिजरक के दो वेरिएंट है। एक हैवी डैमेज के लिए 40 किलो डबल वॉर हेड के साथ और दूसरा 20 किलो वॉर हेड के साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर जो रडार वाले टारगेट को आसानी से पहचान सकता है। इसमें ईओ और आईआर कैमरे लगे हैं जो निगरानी और टारगेट पहचानने में मदद करते हैं। लेकिन इसकी सबसे खतरनाक ताकत जीपीएस के बिना काम करने की क्षमता है। आमतौर पर ड्रोन जीपीएस पर निर्भर होते हैं। जिन्हें दुश्मन जैम कर सकता है। लेकिन मिज़क में एआई पावर्ड ऑटो पायलट इनशियल नेविगेशन सिस्टम है और कंप्यूटर विज़न टेक्नोलॉजी लगी है। यह ड्रोन कैमरे से मिलने वाली तस्वीरों को रियल टाइम में प्रोसेस करता है। आसपास के लैंडमार्क्स में अपनी पोजीशन मिलाता है और स्लैम जैसी तकनीक के जरिए खुद अपना नक्शा बनाकर आगे बढ़ता है।

# ईरान जंग के दो महीने, दुनिया में मंदी का संकट

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका की ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को शुरू हुई जंग को दो महीने हो चुके हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे छोटी और निर्णायक लड़ाई बताया था, लेकिन अब हालात उलट दिख रहे हैं। जंग रुकी जरूर है, पर खत्म नहीं हुई। इस जंग में अब तक ईरान के 3,600 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 1,700 से ज्यादा आम नागरिक हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गोरिन्शास ने चेतावनी दी है कि अगर यह संघर्ष लंबा चलता है और तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो ग्लोबल आर्थिक ग्रोथ रेट गिरकर करीब 2% तक आ सकती है, जिसे आम तौर पर ग्लोबल मंदी माना जाता है।

- दावा- अमेरिका ने 95 लाख करोड़ खर्चे
- ईरान में 3,600+ मौतें चीन-रूस फायदे में रहे



आईएमएफ ने बताया कि जंग से पहले उम्मीद थी कि इस साल वैश्विक महंगाई 4.1% से घटकर 3.8% हो जाएगी, लेकिन अब 4.4% तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं हार्वर्ड की इकोनॉमिस्ट लिंडा बिल्म्स का अनुमान है कि अमेरिका ने इस युद्ध पर करीब 1 ट्रिलियन डॉलर यानी 95 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार ने 25 अरब डॉलर खर्च करने की बात कही है। दूसरी तरफ से इस जंग से चीन और रूस को फायदा मिल रहा है। चीन इस जंग से अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में दिख रहा है। चीन ने पहले ही तेल के भंडार जोड़ रखे थे और वैकल्पिक ऊर्जा पर भी कई दशकों पहले से ध्यान दे रहा था। साथ ही, अमेरिका की छवि कमजोर होने से उसे कूटनीतिक फायदा मिला है। चीन की तेल और गैस कंपनियां भी मुनाफा कमा रही हैं। सीएनएन के मुताबिक, 6 बड़ी कंपनियां इस साल 94 अरब डॉलर तक का फायदा कमा सकती हैं। इसके अलावा इस जंग से रूस की अर्थव्यवस्था को फायदा मिलता दिख रहा है। तेल और खाद की ऊंची कीमतों की वजह से रूस की कमाई बढ़ी है। साथ ही जब तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही थीं, तब अमेरिका ने समुद्र में मौजूद रूसी तेल पर कुछ समय के लिए पाबंदियां ढीली कर दीं, जिससे सप्लाई बढ़ सके, इससे रूस को और फायदा हुआ। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के मुताबिक, मार्च में रूस की एनर्जी कमाई करीब दोगुनी होकर 19 अरब डॉलर पहुंच गई, जो फरवरी में 9.75 अरब डॉलर थी।

# आईसीई की हिरासत से रिहा हुई भारतीय मूल की मीनू बत्रा

**न्यूयॉर्क।** करीब 35 सालों से अमेरिका में रह रहीं भारतीय मूल की कोर्ट इंटरप्रेटर मीनू बत्रा को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) की हिरासत से रिहा कर दिया गया है। हिरासत में लिए जाने की उनकी कानूनी हफ्तों तक चली।

- 35 साल से अमेरिका में रह रही थीं

53 साल की मीनू बत्रा टेक्सास की इमिग्रेशन अदालतों में हिंदी, पंजाबी और उर्दू का अनुवाद करने के लिए जानी जाती हैं। उनको मार्च के मध्य से हिरासत में रखे जाने के बाद 30 अप्रैल को रिहा कर दिया गया। जज ने उनकी हिरासत की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी स्पष्ट औचित्य या उचित प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के हिरासत में रखा गया था। न्यायाधीश ने कहा कि हिरासत में लिए जाने से पहले उन्हें 'कोई प्रक्रियात्मक सुरक्षा नहीं दी गई थी' और उनकी रिहाई का आदेश देते हुए, बिना उचित नोटिस के भविष्य में हिरासत में लिए जाने पर रोक लगा दी। बत्रा को 17 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। आईसीई एजेंटों ने उन्हें टेक्सास के वैली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोका था। वह मिल्वौकी में एक काम के सिलसिले में यात्रा कर रही थीं। हिरासत के दौरान उन्हें रेमंडविले में अल वैले डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। हिरासत में रहते हुए एक फोन इंटरव्यू में उन्होंने इस अनुभव को बेहद परेशान करने वाला बताया और कहा कि उन्हें 'अपमानित महसूस हुआ और उनके साथ एक अपराधी जैसा बर्ताव किया गया।' बत्रा लगभग 35 सालों से अमेरिका में रह रही हैं और चार बच्चों की मां हैं, जो अमेरिका के नागरिक हैं। उन्होंने दो दशकों से ज्यादा समय तक एक सर्टिफाइड कोर्ट इंटरप्रेटर के तौर पर काम किया है और माना जाता है कि वह टेक्सास में एकमात्र लाइसेंस्ड पंजाबी, हिंदी और उर्दू इंटरप्रेटर हैं।

# डच राजकुमारियों पर हमले की साजिश नाकाम

**हेग।** डच राजकुमारी अमालिया और उनकी बहन राजकुमारी एलेक्सिया पर कथित हमले की साजिश के मामले में एक व्यक्ति अगले हफ्ते अदालत में पेश किया जाएगा। अभियोजकों ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी को कथित तौर पर हमले की साजिश के चलते हिरासत में लिया गया है। अदालत से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, 33 वर्षीय व्यक्ति पर आरोप है कि उसने फरवरी में हेग में अमालिया (22 वर्षीय) और उनकी बहन एलेक्सिया (20 वर्षीय) पर हमले की तैयारी की थी। दस्तावेज में कहा गया है कि आरोपी के पास दो कुल्हाड़ियां मिलीं, जिन पर 'एलेक्सिया', 'मोसाद' और 'सिग हील' जैसे शब्द खुदे हुए थे। इसके अलावा, उसके पास एक हाथ से लिखा कागज भी था, जिसमें 'अमालिया', 'एलेक्सिया' और 'खूनखराबा' जैसे शब्द लिखे थे।

- अगले हफ्ते कोर्ट में पेश होगा आरोपी
- कुल्हाड़ियों पर खुदे हुए थे नाम

**राजकुमारी अमालिया को पहले भी मिल चुकीं धमकियां**

राजकुमारी अमालिया को पहले भी धमकियों का सामना करना पड़ा है। साल 2022 में धमकियों के कारण उन्हें एम्सटर्डम में छात्र जीवन छोड़कर अपने माता-पिता के महल में रहना पड़ा था। उस समय रानी मैक्सिमा ने कहा था, अमालिया घर से बाहर नहीं निकल पा रही हैं, जिससे उनके जीवन पर बड़ा असर पड़ा है।

# चीन के ड्रीम प्रोजेक्ट को पाक में लगा झटका

**कराची (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के ग्वादर फ्री जोन में काम कर रही एक चीनी कंपनी ने अपना फैक्ट्री संचालन बंद कर दिया है और सभी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। कंपनी ने इसके पीछे लगातार बढ़ते नुकसान और खराब कारोबारी माहौल को मुख्य कारण बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, हैंगेंग ट्रेड कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन यह बड़ा फैसला लिया। कंपनी ने कहा कि गैर-व्यावसायिक कारणों और संचालन संबंधी समस्याओं के चलते उसका व्यवसाय जारी रखना संभव नहीं था।

- घाटे में डूबी कंपनी तो जड़ा ताला, निकाले सारे कर्मचारी

### सीपेक परियोजना पर उठे सवाल

ग्वादर बंदरगाह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) की एक प्रमुख परियोजना है। कंपनी ने कहा कि उसका निवेश दोनों देशों के सहयोग की भावना से किया गया था, लेकिन स्पष्ट और स्थिर नीति वातावरण की कमी के कारण कारोबार जारी रखना मुश्किल हो गया। कंपनी ने यह भी कहा कि भविष्य के निवेशक ग्वादर जैसी परियोजनाओं में निवेश से पहले जोखिमों का सावधानीपूर्वक आकलन करें। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन दौरे की तैयारी चल रही है। इस दौरे में व्यापार और निवेश पर चर्चा होनी है। ऐसे में इस फैसले ने विदेशी निवेश और सीपेक परियोजनाओं की स्थिरता पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

# दावा- कुवैत ने अप्रैल माह में तेल निर्यात नहीं किया

**डेलावेयर।** एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अप्रैल माह में कुवैत ने तेल का निर्यात नहीं किया है। तीन दशकों में पहली बार ऐसा हुआ है, जब कुवैत ने किसी माह में तेल निर्यात नहीं किया। इससे पहले खाड़ी युद्ध के समय ऐसा हुआ था। टैंकर ट्रैकर वेबसाइट ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। पश्चिम एशिया संकट के चलते ऐसा हुआ है और पूरी दुनिया में तेल आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित है। इसका असर तेल निर्यातक देशों पर भी पड़ रहा है। वैश्विक तेल शिपमेंट पर नजर रखने वाले टैंकर ट्रैकर ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'ब्रेकिंग, अप्रैल 2026 के दौरान कुवैत ने एक भी बैरल तेल का निर्यात नहीं किया। खाड़ी युद्ध की समाप्ति के बाद पहली बार ऐसा हुआ है।' रिपोर्ट में बताया गया है कि कुवैत में तेल उत्पादन जारी है, लेकिन कच्चे तेल का निर्यात लगभग पूरी तरह से रुक गया है।

**उपलब्धि** | वैज्ञानिकों की लहरों पर बेहतर हुई समझ

# नासा के सैटेलाइट ने पहली बार अंतरिक्ष से कैद की महासुनामी

**वॉशिंगटन।** प्रशांत महासागर में उठी एक विशाल सुनामी को पहली बार अंतरिक्ष से इतनी स्पष्टता में कैद किया गया है कि वैज्ञानिक भी हैरान रह गए हैं। नासा के अत्याधुनिक सैटेलाइट ने इन लहरों की ऐसी तस्वीरें दर्ज की हैं, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि सुनामी केवल एक सीधी, एकसमान लहर नहीं होती बल्कि रास्ते में बदलती हुई जटिल ऊर्जा का रूप ले लेती है। द सीस्मिक रिकॉर्ड के अनुसार यह ऐतिहासिक अवलोकन नासा और फ्रांस की स्पेस एजेंसी सीएनईएस के संयुक्त मिशन सरफेस वाटर एंड ओशन टोपोग्राफी (एसडब्ल्यूओटी) सैटेलाइट ने किया। इसने 29 जुलाई को रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पास कुरिल- कामचटका सबडक्शन जोन में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप से उत्पन्न सुनामी को विस्तार से रिकॉर्ड किया। यह भूकंप 1900 के बाद दर्ज सबसे बड़े भूकंपों में छठे स्थान पर है। नासा के अनुसार एसडब्ल्यूओटी सैटेलाइट को पृथ्वी के जल स्रोतों की सतह की ऊंचाई मापने के लिए विकसित किया गया है। पहले वैज्ञानिकों को सुनामी के बारे में जानकारी मुख्यतः डीप-ओशन असेसमेंट एंड रिपोर्टिंग ऑफ सुनामी (डीएआरटी) जैसे समुद्र में लगे उपकरणों से मिलती थी, जो केवल सीमित बिंदुओं पर डेटा देते थे। अब यह सैटेलाइट लगभग 120 किलोमीटर चौड़े क्षेत्र में समुद्र की सतह को एक साथ स्कैन कर सकता है, जिससे सुनामी की पूरी संरचना को समझना संभव हो पाया है।




**सुनामी पूर्वानुमान मॉडल में सुधार की जरूरत**

नए सिमुलेशन, जिनमें लहरों के बिखराव को शामिल किया गया, वे वास्तविक आंकड़ों से अधिक मेल खाते हैं। इससे संकेत मिलता है कि मौजूदा सुनामी पूर्वानुमान मॉडल में महत्वपूर्ण सुधार की जरूरत है।

### गतिशील प्रणाली है सुनामी

यूनिवर्सिटी ऑफ आइसलैंड के वैज्ञानिक एंजेल रुइज-एंगुलो ने इसे नई आंखों जैसा बताया है, जिससे समुद्र के विशाल क्षेत्र को एक साथ देखा जा सकता है। अब तक वैज्ञानिक मानते थे कि बड़ी सुनामी बिना टूटे एक ही लहर के रूप में आगे बढ़ती हैं। लेकिन इस घटना के डेटा ने इस धारणा को गलत साबित किया है। सैटेलाइट ने दिखाया कि सुनामी की ऊर्जा अलग-अलग दिशाओं में फैलती है और कई छोटी लहरों में विभाजित हो जाती है। इस प्रक्रिया को डिस्पर्शन कहा जाता है। सरल शब्दों में सुनामी एक स्थिर लहर नहीं बल्कि लगातार बदलती हुई गतिशील प्रणाली है। जब वैज्ञानिकों ने इस नए डेटा की तुलना पारंपरिक कंप्यूटर मॉडल से की तो पाया कि पुराने मॉडल वास्तविक स्थिति को पूरी तरह नहीं दर्शा पा रहे थे।

